You Tube kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow


@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-13 ❐ मंगलवार, 10 फरवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

भारत तेल आयात के मामले में किसी दबाव में नहीं आयेगा। भारत की पहले से ही यह नीति रही है कि वह देशवासियों को सस्ता तेल उपलब्ध कराने के लिए विविध स्रोतों से आपूर्ति की रणनीति पर काम करता रहा है। विक्रम मिस्री


बजट देश की आकांक्षाओं को करेगा पूरा : सत्ता पक्ष 11

विधान परिषद में राबड़ी और नीतीश में टकराव, राबड़ी ने मांगा इस्तीफा 12


## संक्षेप

### भ्रष्टाचार में हमीरपुर के सहायक आयुक्त उद्योग व सहायक प्रबंधक निलंबित

**लखनऊ।** शासन ने हमीरपुर जिला उद्योग कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों से अवैध वसूली के गंभीर मामले में सहायक आयुक्त/प्रभारी उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा व सहायक प्रबंधक संतोष राव को निलंबित कर दिया है। दोनों अधिकारी हमीरपुर के सीडीओ व एडीएम की संयुक्त जांच में दोषी पाए गए थे। जांच रिपोर्ट मिलने पर शासन ने दोनों को निलंबित कर अनुशासनिक कार्यवाई का निर्देश दिया है। मामले में जिला प्रबंधक मिलन कुमार को बर्खास्त किया जा चुका है। हमीरपुर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों के आनलाइन आवेदन कराने व सब्सिडी दिलाने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें थीं। सीडीओ व एडीएम की दो सदस्यीय समिति गठित कर आरोपों की जांच का निर्देश दिया गया था। जांच में रवि वर्मा, संतोष राव व मिलन कुमार दोषी पाए गए। सामने आया कि तीनों आपसी मिलीभगत से भ्रष्टाचार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मिलन कुमार यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स के माध्यम से जिला उद्योग कार्यालय में कार्यरत थे।

### कुकीज के पैक्ड डिब्बों में मिला दो करोड़ का ड्रग्स

**लखनऊ।** खुफिया इनपुट न होता तो बैंकॉक की फ्लाइट से आया यात्री ग्रीन चैनल से बेधड़क निकल जाता। अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम की एयरपोर्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने दो करोड़ रुपये की ड्रग्स पकड़ी है। हाइड्रोपोनिक वीड को एक यात्री ने अपने लगेज में रखे पैक्ड कुकीज के डिब्बों में छिपाया था। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात एयर इंटेलिजेंस विंग (एआईयू) के अधिकारियों के अनुसार यह हाइड्रोपोनिक वीड (उच्च गुणवत्ता वाला गांजा) करोड़ों की कीमत रखता है। इसको पानी में एक खास वातावरण में उगाया जाता है जिससे इसका नशा बेहद खतरनाक होता है। बैंकॉक से तस्करी कर लाया गया यह नशा कुकीज (बिस्कुट) के डिब्बों में छिपाकर रखा गया था। कस्टम कमिश्नर (एसआईटीयू) मयंक शर्मा ने बताया कि, सोमवार को बैंकॉक से लखनऊ पहुंची फ्लाइट नंबर एफडी-146 से एक भारतीय यात्री अमौसी एयरपोर्ट उतरा। अधिकारियों को पहले से ही खुफिया जानकारी मिली थी कि इस उड़ान से तस्करी का सामान लाया जा रहा है। इसी इनपुट के आधार पर संदिग्ध यात्री को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जब यात्री के ट्रॉली बैग की जांच की गई, तो उसमें कुकीज (बिस्कुट) के 8 टिन के डिब्बे मिले। शक होने पर जब डिब्बों को खोला गया, तो अधिकारी भी दंग रह गए। हर डिब्बे के अंदर पॉलिथीन के पाउों में हरे रंग का ऑर्गेनिक पदार्थ पैक किया गया था। फील्ड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट से जांच करने पर पुष्टि हुई कि यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा /मारिजुआना) है।

# राज्यपाल ने दिखाई यूपी के विकास की बुलंद तस्वीर

## योगी सरकार समस्या को समाधान तक पहुंचाने में रखती है विश्वास : आनंदीबेन पटेल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार से शुरु हुए बजट सत्र के पहले दिन विधान परिषद और विधानसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की आर्थिक समृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता, अन्नदाता किसानों के लिए खुशहाली, महिलाओं की आत्मनिर्भरता सहित प्रत्येक नागरिक के सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। सदन में समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों की नारेबाजी की परवाह किए बिना राज्यपाल ने अपना पूरा संबोधन दिया।

राज्यपाल ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार समस्या को समाधान तक पहुंचाने में विश्वास रखती है। इसी राह पर आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश को बॉटलनेक स्टेट से ब्रेक थ्रू स्टेट के तौर पर स्थापित करने में सफल हुई है। सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ प्रदेश में लगभग 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा संविधानशिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों के अनुरूप प्रदेश सरकार जीरो पॉवर्टी के



**अभिभाषण**

- ❐ विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मजबूत आधार दे रहा है उत्तर प्रदेश
- ❐ राजधानी लखनऊ स्थित प्रेरणा पार्क में महापुरुषों की प्रतिमाएं दे रही हैं ऊर्जा
- ❐ युवाओं के लिए रोजगार, महिला सशक्तीकरण और उज्जवला योजना में से हो रहे लाभान्वित

लक्ष्य को केंद्र में रख कर वर्ष 2026 को अंत्योदय, सामाजिक न्याय और सर्वसमावेशी लोक कल्याण का सशक्त प्रतीक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अपने भाषण में कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की परिकल्पना को साकार करने के दृढ़ संकल्प के साथ प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन डाक्यूमेंट तैयार करने के लिए राज्य विधानमंडल में अत्यंत उपयोगी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मार्च 2017 के बाद से ही उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुदृढ़ कानून व्यवस्था, आधार भूत ढांचे के विस्तार, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण इत्यादि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की गई हैं। इसने प्रदेश के भावी विकास को सुदृढ़ आधार दिया है। सदन में सपा सदस्यों द्वारा नारेबाजी किए जाने पर राज्यपाल ने नाराजगी भी जताई।

बिना किसी व्यवधान के अपना भाषण जारी रखते हुए राज्यपाल ने सरकार की उपलिब्धयों में उत्तर प्रदेश की राजधानी में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इस प्रेरणा स्थल का निर्माण किया और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस प्रेरणा स्थल में भारत ● शेष पेज 11 पर

## आर्थिक सर्वे 2025-26

### प्रदेश में मजबूत हो रहा मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, आमजन पर कम हुआ स्वास्थ्य खर्च का बोझ

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की वर्ष 2025-26 की आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी। पटल पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। आर्थिक सर्वे के आंकड़े के अनुसार, प्रदेश सरकार चिकित्सा इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के विस्तार और आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 46,728.48 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया। यह अब तक का सर्वाधिक आवंटन है, जिससे यह साफ है कि प्रदेश सरकार ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बजट में अस्पतालों, ● शेष पेज 11 पर

# एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे : सीएम योगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सीतापुर स्थित तपोधाम सतगुरु गिरधारी नाथ जी महाराज आश्रम में आयोजित मूर्ति स्थापना दिवस और भव्य भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वहां मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए सनातन धर्म को राष्ट्र की शक्ति बताया। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक संदर्भों के जरिए बताया कि कैसे विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अर्थव्यवस्था और आश्रम पद्धति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत एक बड़ी वैश्विक ताकत बनकर उभरा है। योगी आदित्यनाथ ने जाति और भाषा के नाम पर विभाजन पैदा करने वाले तत्वों से सावधान रहने की अपील की।

संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने 'समदृष्टि' का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में पहला ग्रास गाय और अंतिम कुत्ते को दिया जाता है, यही समत्व योग है। उन्होंने लोगों को जाति और क्षेत्रवाद के जहर से बचने की सलाह देते हुए कहा कि दुश्मन भारत पर नजरें गड़ाए बैठा है। यदि समाज बंट गया, तो कटने के रास्ते खुद खुल जाएंगे। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि भारत अब एक बड़ी शक्ति बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है और इस यात्रा में सनातन धर्म ही मुख्य आधार है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया की तमाम सभ्यताएं समय के साथ मिट गईं, लेकिन सनातन संस्कृति आज भी गरिमा के साथ खड़ी है। भारत ने हमेशा 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश दिया और शरण मांगने वालों को पनाह दी। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कुछ ● शेष पेज 11 पर

# पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार और संभल के अपर पुलिस अधीक्षक अनुज चौधरी द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। जिसमें संभल हिंसा मामले को लेकर पुलिस कर्मियों के खिलाफ वहां के सीजेएम ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई जारी रहेगी।

इन याचिकाओं में संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा एएसपी चौधरी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को विभिन्न आधारों पर चुनौती दी गई। यह आदेश नवम्बर 2024 की संभल हिंसा से सम्बंधित है। एफआईआर का आदेश सीजेएम विभांशु सुधीर द्वारा यामीन नामक व्यक्ति की अर्जी पर पारित किया गया है। यामीन संभल हिंसा में घायल युवक का पिता है और उसने आरोप लगाया कि पुलिस

**संभल हिंसा मामला**



अधिकारियों ने उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। इस आदेश के ठीक एक सप्ताह बाद सीजेएम विभांशु सुधीर का तबादला हाईकोर्ट द्वारा सुल्तानपुर कर दिया गया था। राज्य सरकार और पुलिस अधिकारी की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल ने दलीलें रखते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की सीमाओं का उल्लंघन किया है और कानून में निहित अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी की है। अपर महाधिवक्ता ने कहा कि सीजेएम ने बीएनएसएस की ● शेष पेज 11 पर

## भारत ने नेपाल की सेना को 50 सैन्य वाहन सौंपे

नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने नेपाल के साथ रक्षा सहयोग और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को भारतऽनेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को औपचारिक रूप से काठमांडू में आयोजित होने वाले एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा दिया भेंट किया जायेगा। सेना ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस पहल की घोषणा करते हुए कहा, ''भारतीय सेना ने भारतऽनेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को काठमांडू में आयोजित एक समारोह के दौरान नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। यह पहल नेपाली सेना के क्षमता निर्माण प्रयासों को सुदृढ़ करने के प्रति भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है और दोनों सेनाओं के बीच मित्रता, विश्वास और घनिष्ठ सहयोग के स्थायी बंधन को रेखांकित करती है। इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पिछले वर्ष अगस्त में काठमांडू की दो दिन की आधिकारिक यात्रा के दौरान नेपाली सेना मुख्यालय ● शेष पेज 11 पर

# टेक्नोलॉजी का गुलाम न बनें : मोदी

❐ तकनीक के जरिए क्षमता को विकसित करें, पढ़ने के साथ लिखकर प्रैक्टिस करें

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि विद्यार्थियों को अपने आप को प्रौद्योगिकी का गुलाम नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि इसका उपयोग अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए करना चाहिए।

मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' के दूसरी कड़ी में कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। मोदी ने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात में विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, ''इसका मतलब है कि आप मोबाइल के गुलाम बन गए हैं। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि आप अपने आप को प्रौद्योगिकी का गुलाम नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग अपने कौशल को निखारने और अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए करें।



उन्होंने कहा, ''हमें एआई या मोबाइल को सर्वोपरि बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए; कुछ बच्चे स्मार्टफोन देखे बिना खाना नहीं खाते। हम एआई का कुशलतापूर्वक उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पिछले प्रश्न पत्रों का अभ्यास करने और पर्याप्त नींद लेने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा, ''परीक्षाओं की अच्छी तैयारी करने के बाद आपको कभी तनाव महसूस नहीं होगा। रात में अच्छी नींद लेने से आप दिन भर खुश रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर उन्हें प्रसन्नता हुई कि देश के 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र भी विकसित भारत 2047 के सपने को अपने मन में संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। हमें विकसित देशों की आदतों को अपनाना चाहिए –हमें लाल बत्ती पर इंजन बंद करना चाहिए, भोजन नहीं छोड़ना चाहिए और भोजन की बर्बादी कम करनी चाहिए३ अनुशासन हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने अपने छात्र जीवन में अपने शिक्षकों की भूमिका और स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम पर उनके जोर को याद ● शेष पेज 11 पर

# सेशेल्स को 17 करोड़ 50 लाख डॉलर का विशेष आर्थिक पैकेज देगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सेशेल्स ने साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने के लिए एक संयुक्त विजन जारी किया जा रहा है और भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसके लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

श्री मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा, '' विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज हम 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज आवास ,ई मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण,



❐ भारत-सेशेल्स ने साझेदारी बढाने के लिए संयुक्त विजन जारी किया

स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं मैं सहयोग करेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स की साझेदारी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आज हम 'भारत-सेशेल्स संयुक्त विजन' जारी करने जा रहे हैं जो आने वाले वर्षों में परस्पर सहयोग का रोड़मैप बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत ● शेष पेज 11 पर

**बंगाल एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त: अंतिम मतदाता सूची जारी करने का समय बढ़ाया, डीजीपी से मांगा हलफनामा**

# किसी को भी एसआईआर में रुकावट डालने की इजाजत नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में चल रहे एसआईआर के खिलाफ देश की शीर्ष अदालत में वकील बनकर पहुंचीं ममता बनर्जी को करारा झटका लगा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने साफ कर दिया है कि एसआईआर की प्रक्रिया में किसी तरह की रोक लगाने की मंजूरी नहीं दी जा सकती। इसमें कोई बाधा भी पैदा करने की परमिशन अदालत नहीं देगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि सभी राज्यों को इस बात को समझ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जो कुछ भी स्पष्टता चाहिए, वह सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी जाएगी। आज की सुनवाई में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी भी वकील बनकर पहुंचे थे। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए। चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की



डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, निर्वाचन आयोग को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है।

माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है। राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सभी 8,555 ग्रुप बी अधिकारी, जिनकी सूची आज सौंपी गई है, शाम 5 बजे तक जिला चुनाव अधिकारियों (डीआरओ) को रिपोर्ट करें। चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास मौजूदा ईआरओ और एईआरओ को बदलने और योग्य पाए जाने पर अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार होगा। तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई ● शेष पेज 11 पर

### न्यायालय परिसर के भीतर हिंसा की घटनाएं 'गुंडा राज' : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है। न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक 'उल्लेख' पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी। मामले का उल्लेख करने वाले अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि वह आरोपी की ओर से पेश हो रहे थे, तभी शिकायतकर्ता के अधिवक्ता ने कई व्यक्तियों के साथ मिलकर कथित तौर पर अदालत कक्ष के भीतर उन पर हमला कर दिया और मारपीट की। अधिवक्ता ने कहा कि घटना के समय पीठासीन न्यायाधीश और अदालत के कर्मचारी वहां मौजूद थे। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए टिप्पणी की, ''इस तरह का गुंडा राज हमें स्वीकार्य नहीं है। इसका मतलब है कि यह कानून के शासन की विफलता है। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी पूछा कि क्या इस घटना को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाया गया है। यह जानने पर कि अभी तक ऐसी कोई शिकायत नहीं की गई है, मुख्य न्यायाधीश ने पीड़ित अधिवक्ता को तुरंत प्रशासनिक रूप से यह मामला उठाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने निर्देश दिया, ''उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र लिखें और मुझे भी मार्क करें। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को संज्ञान लेने दें और कार्रवाई प्रशासनिक पक्ष पर होगी। पीठ ने जोर देकर कहा कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए और अधिवक्ता से दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने के बाद न्यायालय को भी सूचित करने के लिए कहा।

# मिलरों और अधिकारियों की सांठगांठ से किसानों का धान खरीद नहीं : उज्जवल

❐ सरकारी धान खरीद बंद होने से किसान परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह जमुनापार के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया जहाँ पर किसानों ने सरकारी धान खरीद बंद होने की शिकायत किया जिसपर अधिकारियों ने लक्ष्य पूरा होने की बात कही।

सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि प्रयागराज के जमुनापार इलाके, विशेषकर कोरांव तहसील जिसे धान का कटोरा भी कहा जाता है में धान खरीद को लेकर स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। फरवरी 2026 के शुरुआती हफ्तों में कई सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद अचानक बंद कर दी गई है जिला प्रशासन और विपणन अधिकारियों का तर्क है कि जिले के लिए निर्धारित 2.73 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य पूरा हो चुका है। लक्ष्य पूरा होने का हवाला देकर कोरांव और आसपास के कई केंद्रों पर तौल बंद कर दी गई है। केंद्रों पर पहले से खरीदा गया धान मिलों तक नहीं पहुँच पा रहा है। मिलरों द्वारा धान का उठाव (Lifting) न करने की वजह से केंद्रों पर जगह नहीं बची है, जिससे नई तौल रुकी हुई है।

कोरांव तहसील के हजारों किसानों का धान अभी भी केंद्रों के बाहर खुले आसमान के नीचे डंप पड़ा है। मौसम में बदलाव या बेमौसम बारिश से फसल खराब होने का डर सता रहा है। सरकारी केंद्रों पर तौल न होने के कारण किसान मजबूरन निजी व्यापारियों और बिचौलियों को औने-पौने दामों पर धान बेचने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति और 'आइरिस' (Iris) स्कैनिंग प्रणाली में तकनीकी खामियों के कारण भी कई किसानों का डेटा फीड नहीं हो पा रहा है, जिससे उनका भुगतान फंस रहा है।सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि असली खेल तो मिलरों द्वारा और विपरण अधिकारियों द्वारा सांठगांठ कर 2000-2100 में मिल पर धान गिरवा लिया जाता हैं और सरकारी केंद्रों पर अंगूठा लगवा लिया जाता हैं जबकिवर्तमान स्थिति फरवरी 2026 समर्थन मूल्य (MSP) 2,369 सामान्य 2,389 ग्रेड-इ जिससें किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है इस सांठगांठ से। कोरांव में क्रय केंद्र लगभग 26 केंद्र अधिकतर पर तौल बंद या धीमी सांसद ने भारत व प्रदेश सरकार से मांग किया कि कोरांव जैसे अधिक पैदावार वाले क्षेत्रों के लिए खरीद का लक्ष्य बढ़ाया जाए ताकि कोई भी किसान वंचित न रहें।

# अटल आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया इसरो श्रीहरिकोटा का भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अटल आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, नवाचार और राष्ट्रीय उपलब्धियों से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण में प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों से चयनित कुल 36 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें प्रत्येक विद्यालय से एक बालक एवं एक बालिका शामिल रहे। अधिकांश विद्यार्थियों के लिए यह पहली हवाई यात्रा थी, जिसने उनके अनुभव को और भी अविस्मरणीय बना दिया।प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन उनकी शैक्षणिक योग्यता, अनुशासन एवं विज्ञान में अभिरुचि के आधार पर किया गया था। विमान यात्रा के माध्यम से श्रीहरिकोटा पहुँचने पर विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मगौरव और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। यह यात्रा केवल शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए सपनों को नई दिशा देने वाली रही।पूरे दिन चले इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इसरो के प्रमुख तकनीकी एवं संचालन केंद्रों का अवलोकन किया। इनमें लॉन्च पैड-1, लॉन्च पैड-2, मिशन कंट्रोल सेंटर तथा सैटेलाइट एवं रॉकेट असेंबली क्षेत्र शामिल रहे। इसरो के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रॉकेट प्रक्षेपण की प्रक्रिया, सैटेलाइट नियंत्रण, डेटा विश्लेषण और मिशन संचालन की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया। भ्रमण के उपरांत इसरो के निदेशक पद्मकुमार ने विद्यार्थियों के साथ विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ. एम. के. शनमूगा सुंदरम, सचिव पूजा यादव (उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड) भी उपस्थित रहीं। निदेशक ने विद्यार्थियों को इसरो की कार्यप्रणाली, वर्तमान एवं भावी अंतरिक्ष परियोजनाओं, गगनयान मिशन तथा भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

## दबिश के दौरान 250 कि0ग्रा0 लहन नष्ट व 65 लीटर अवैध शराब बरामद



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-01 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। आबकारी टीम द्वारा तहसील सदर के थाना गुरुबक्शगंज अंतर्गत ग्राम कोरिहर एवं आशाराम का पूर्व में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 250 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 3 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## प्रयागराज जंक्शन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग, 1.54 लाख जुर्माना वसूला

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में यात्रियों को उच्च स्तरीय सेवा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चले टिकट चेकिंग अभियान में 15 ट्रेनों में जांच की गई, जिसमें कुल 193 यात्रियों से 1,54,226 जुर्माना वसूला गया।जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि 8 फरवरी को देर रात्रि तक रेलवे मजिस्ट्रेट विनय कुमार जायसवाल के नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हरिमोहन के मार्गदर्शन में प्रयागराज जंक्शन पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इनमें बिना टिकट यात्रा के 65 यात्रियों से 41,034, अनियमित टिकट के 117 यात्रियों से 56,400, अनबुक्ड लगेज के साथ 5 यात्रियों से 56,192 तथा गंदगी फैलाने के छह यात्रियों से 600 रुपये का जुर्माना वसूला गया।पीआरओ ने बताया कि इस अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) दिनेश कुमार, मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक दिवाकर शुक्ला, मुख्य टिकट निरीक्षक संतोष कुमार के साथ टिकट चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ एवं जीआरपी स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान यात्रियों को रेलवन ऐप के माध्यम से टिकट लेने एवं 14 जुलाई तक उपलब्ध 3 प्रतिशत विशेष छूट का लाभ उठाने के लिए भी जागरूक किया गया।

## शराब पीकर स्टंटबाजी करते बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जमालपुर थाना क्षेत्र के रानीबाग जमालपुर मार्ग पर रविवार रात हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक पर शराब पीते हुए स्टंट बाजी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।थाना प्रभारी राम नारायण राम ने सोमवार को बताया कि मृतकों की पहचान विवेक मौर्य (22) और हसनैन (23) के रूप में हुई हैं। दोनों वाल पेंटर थे और रविवार को जयपट्टी गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। तिलक समारोह से निकलकर वे रानीबाग स्थित ठेके से शराब खरीदी। फिर बाइक पर शराब पीते हुए तेज रफ्तार में स्टंट बाजी करने लगे। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दोनों घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हसनैन अपने घर का इकलौता संताना था।थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार को दे दी गई है। जांच में यही बात सामने आयी है कि यह हादसा शराब पीकर स्टंटबाजी करने के दौरान हुआ है। पुलिस जांच कर रही है।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास, 15 हजार का अर्थदंड

**झांसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गैर इरादतन हत्या के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, गरौठा, झांसी द्वारा सुनाया गया।उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर 2023 को वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना ककरबई पर मु.अ.सं. 95/2023 धारा 302/457 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना झांसी पुलिस द्वारा की गई, वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त जगदेव यादव पुत्र रतन सिंह यादव, निवासी ग्राम कचीर, थाना ककरबई, जनपद झांसी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 15,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।इस मामले में अभियुक्त को दंडित कराने में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेश श्रीवास्तव, विवेचक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह गौर, कोर्ट मोहरिर महिला कांस्टेबल 1121 रत्ना एवं पैरोकार कांस्टेबल दीपक यादव, थाना ककरबई, जनपद झांसी का विशेष योगदान रहा।

## बगैर तलाक के दूसरी शादी करने पर पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बगैर तलाक दिए दूसरी शादी कर लेने पर पहली पत्नी ने सोमवार को पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया है।सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव की निवासी संगीता ने अदालत को अवगत कराया था कि उसकी शादी मई 2019 में बिवांर थानाक्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी सुशील कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में 50 हजार नकद तथा बाइक की मांग करने लगे। अक्टूबर 2019 में पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। तब से वह मायके पारा रैपुरा में पिता के पास रह रही है। पति ने बगैर तलाक लिए दूसरी शादी कुरारा थानाक्षेत्र के हरेहटा गांव निवासी रेशमा के साथ कर ली है। इनका एक पुत्र भी है।अदालत के आदेश पर पहली पत्नी को तलाक दिए बगैर दूसरी शादी करने पर सुशील कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विषाक्त सेवन से विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**औरैया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश औरैया जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में विवाहिता का विषाक्त पदार्थ के सेवन से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न व हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।ग्राम बरु बाई निवासी विवेक उर्फ भुल्ला खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। रविवार दोपहर उसकी पत्नी रचना कुमारी घर के अंदर अचेत अवस्था में पड़ी मिली। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताते हुए महिला को कानपुर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान कानपुर में रचना कुमारी की मौत हो गई। देर रात शव घर लाया गया, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सोमवार को सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि रचना की शादी वर्ष 2022 में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की मांग को लेकर ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते थे।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, उप जिला अधिकारी विवेक राजपूत, प्रभारी एडीईओ फिरोज अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं के सकुशल दर्शन पूजन, जलाभिषेक के किये गए पुख्ता इंतज़ाम

# महाशिवरात्रि पर जिलाधिकारी और अपर पुलिस कमिश्नर ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और अपर पुलिस कमिश्नर शिवहरि मीणा ने महाशिवरात्रि के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के सकुशल दर्शन पूजन / जलाभिषेक के पुख्ता इंतज़ाम और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मार्कण्डेय महादेव मंदिर व घाटों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में बैठक कर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन हेतु समग्र व्यवस्था और विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा मंदिर क्षेत्र व घाट की साफ़ सफाई व्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारी द्वय ने मंदिर के आसपास के क्षेत्र, लगने वाले मेला क्षेत्र और घाट का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा और मंदिर के मुख्य पुजारी से बातचीत कर आवश्यक व्यवस्थाओं के बावत पूरी जानकारी ली। उन्होंने मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाएँ ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मार्कंडेश्वर मंदिर के आसपास की क्षेत्रों की मल्टीपल साफ सफाई के लिए डीपीआरओ को सफाई कार्मिकों और सुपरवाइजर्स की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए।मंदिर परिसर और गेट के बाहर महिला पुलिस कर्मियों और मंदिर प्रबंधन समिति को अपने वालंटियर की तैनाती के निर्देश दिए गए।मंदिर के बाहर जिगजैग बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के मद्देनजर निर्माणाधीन सड़क एवम अन्य खराब मार्गों पर ठीक कराने के निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिए गए।घाट पर डीप वाटर बैरिकेडिंग,चेंजिंग रूम, मोबाइल टॉयलेट, पीने के पानी टैंकर और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।उन्होंने कहा कि घाट पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित रहे,खराब लाइटों को तत्काल दुरुस्त करवाया जाए।उन्होंने भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया बनाने और पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इसके अलावा घाट जल पुलिस चौकी स्थापित करने और गोताखोरों की तैनाती के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम स्थापित कर कार्मिकों की तैनाती कर दी जाए।कहा कि कोई भी नाविक लोगों को बिना लाइफ जैकेट के नाव की सवारी न कराएं,ये सुनिश्चित किया जाए।संबंधित अधिकारी नाविकों के साथ बैठक अवश्य कर लें।विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया।

# नगर निगम व वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के बीच एमओयू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। काशी अब पशु कल्याण और उनके वैज्ञानिक प्रबंधन के क्षेत्र में भी देश के लिए मॉडल बनेगी। इस संबंध में नगर निगम व वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के बीच सोमवार को एक ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) हुआ। इसके तहत ऐढ़े स्थित नगर निगम के पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्र को अत्याधुनिक बनाया जाएगा।

वेदांता की प्रमुख पशु कल्याण पहल टाको के माध्यम से अगले 15 वर्षों तक इस केंद्र का संचालन और प्रबंधन किया जाएगा।इस परियोजना के लिए शुरुआती दौर में फाउंडेशन सीएसआर से 50 करोड़ रुपये निवेश करेगी, ताकि इस केंद्र में एनीमल बर्थ कंट्रोल रूल्स-2023 और भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण का कार्य वैज्ञानिक तरीके से हो सके । एमओयू पर नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल और फाउंडेशन की प्रेसिडेंट रितु झिंगन ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक और टाको की एंकर प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि हमारा उद्देश्य वाराणसी में एक ऐसा मानवीय मॉडल विकसित करना है, जिससे पशुओं और समाज के बीच बेहतर तालमेल बना रहे। वहीं, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि इस साझेदारी से शहर में आवारा पशुओं की आबादी पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। इस केंद्र के माध्यम से बनारस को पूरी तरह से रेबीज मुक्त और एनीमल सेंसिटिव शहर बनाने का लक्ष्य रखा है। फाउंडेशन यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, वेटरनरी डॉक्टर्स की टीम और परिचालन संसाधनों की जिम्मेदारी उठाएगा, जिससे बनारस को शहरी पशु कल्याण के मामले में भारत के अग्रणी शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा।''यह समझौता पशु कल्याण तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने आगे बताया हिक समझौते का मुख्य उद्देश्य बनारस में व्यवस्थित व वैज्ञानिक तरीके से एबीसी (पशु जन्म नियंत्रण) संचालन तथा पशुओं की आबादी का मानवीय प्रबंधन करना है। इससे न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि काशी को एक पशु-संवेदनशील मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

# कॉरिडोर-2 में डाउनलाइन टनलिंग पूरी, जल्द साकार होगा कानपुर मेट्रो का सपना : सुशील कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । कानपुर मेट्रो परियोजना का कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। कॉरिडोर-1 के बैलेंस सेक्शन और कॉरिडोर-2 दोनों में निर्माण कार्य योजनाबद्ध तरीके से चल रहा है।

उन्होंने बताया कि कॉरिडोर-2 के अंडरग्राउंड सेक्शन (रावतपुर-डबल पुलिया) में 'गोमती' टीबीएम द्वारा डाउनलाइन टनलिंग का पूरा होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी गति से कार्य जारी रहने पर जल्द ही शहरवासियों को निर्बाध मेट्रो सेवा मिलेगी। यह बातें सोमवार को यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कही।कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के अंडरग्राउंड सेक्शन (रावतपुर-डबल पुलिया) में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए आज 'डाउनलाइन' टनल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। 'गोमती' टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम मशीन) आज टनल निर्माण करते हुए लगभग 4.10 किमी लंबे उक्त अंडरग्राउंड सेक्शन के अंतिम पड़ाव डबल पुलिया स्टेशन पहुंची। यूपीएमआरसी एवं कांट्रैक्टिंग एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी व स्टाफ इस अवसर पर मौजूद रहे।गौरतलब है कि लगभग 8.60 किमी लंबे कॉरिडोर-2 में लगभग 4.10 किमी का हिस्सा अंडरग्राउंड है। इसके अंतर्गत सबसे पहले रावतपुर से कम्पनी बाग चौराहा की दिशा में कॉरिडोर-2 डिपो रैम्प तक 620 मीटर लंबी 'अप-लाइन' और 'डाउनलाइन' टनल का निर्माण किया गया। जिसके बाद रावतपुर से काकादेव होते हुए डबल पुलिया तक टनल निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा था। 'गोमती' टीबीएम मशीन द्वारा 'डाउनलाइन' पर और 'पार्वती' टीबीएम मशीन द्वारा 'अप-लाइन' पर टनल का निर्माण किया जा रहा था।आज की उपलब्धि के तहत 'गोमती' टीबीएम मशीन द्वारा डबल पुलिया स्टेशन तक 'डाउनलाइन' की टनलिंग पूर्ण कर ली गई।

# 10 फरवरी को अभियान चलाकर खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति की दवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । शिवगढ़ ब्लॉक को छोड़कर जनपद के शेष सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा द्वारा किला बाजार स्थित उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनपद में कुल 19 ब्लॉक और एक शहरी क्षेत्र है। शहरी क्षेत्र सहित 18 ब्लॉकों में 10 फरवरी को एनडीडी का आयोजन किया जाएगा, जबकि शिवगढ़ ब्लॉक में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एल्बेंडाजोल का सेवन कराया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 13.44 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विद्यालय जाने वाले बच्चों को स्कूलों में तथा विद्यालय न जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दवा दी जाएगी। यह अभियान सरकारी, सहायता प्राप्त, निजी विद्यालयों, मदरसों एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित किया जाएगा। जो बच्चे 10 फरवरी को दवा सेवन से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 13 फरवरी को आयोजित मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। अभियान के सफल संचालन में आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग का सहयोग लिया जा रहा है।जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना ने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण एक सामान्य समस्या है, जो कुपोषण एवं एनीमिया का प्रमुख कारण बन सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए वर्ष में दो बार फरवरी व अगस्त में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाता है।

17 लाख से अधिक आगंतुकों को साझा की गई जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

# धर्म और अध्यात्म के विस्तार के साथ जन कल्याण की योजनाओं के प्रचार प्रसार का प्लेटफार्म बना माघ मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । त्रिवेणी के तट पर लगा आस्था और अध्यात्म का मेला, माघ मेला जन कल्याण की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का माध्यम बन गया है। माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर में केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जनता के लिए चलाए जा रहे अभियानों और योजनाओं की जानकारी साझा करने के लिए लगाए गए जागरूकता शिविरों और प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में आगंतुकों ने प्रतिभाग किया है।

## जन कल्याण की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का मंच बना माघ मेला, 17 लाख लोगों का फुटफॉल दर्ज

प्रयागराज के संगम तट पर 3 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित माघ मेले में अब तक रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि 8 फरवरी तक माघ मेले में लगभग 22 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान किया है। मेला क्षेत्र में त्रिवेणी स्नान के बाद शेष समय में श्रद्धालुओं ने राज्य और केंद्र सरकार की तरफ से आई 13 से अधिक विभागों की तरफ से लगाई गए जागरूकता शिविर और प्रदर्शनी में विजिट किया है। अलग अलग विभागों की तरफ से अपने विभाग के प्रमुख अभियानों और जन कल्याण की योजनाओं की जानकारी जनता को देने के लिए स्थापित इन अस्थाई शिविरों और प्रदर्शनी में 17 लाख से अधिक लोगों का फुटफॉल दर्ज हुआ है।




## पर्यटन ,कृषि और खादी विभाग में दर्ज हुआ सबसे अधिक फुटफॉल

मेला क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से अपने अपने विभागों की जो प्रदर्शनी या जागरूकता शिविर लगाए गए हैं उसमें खादी विभाग की प्रदर्शनी और स्टॉल में सबसे अधिक 9 लाख से अधिक लोगों का फुटफॉल दर्ज हुआ। परेड ग्राउंड में उत्तर प्रदेश की मंडलीय खादी एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी के प्रभारी जवाहर लाल यादव का कहना है कि परिसर में 9 राज्यों से आई 350 से अधिक संस्थाओं के 510 से अधिक स्टॉल खादी के प्रोत्साहन के लिए लगाए गए । परिसर में प्रतिदिन 35 से 40 हजार लोग विजिट कर रहे हैं। दस जनवरी से शुरू हुई इस प्रदर्शनी परिसर में अब तक 8 लाख 40 हजार लोग विजिट किए हैं। परेड ग्राउंड में अलग से केंद्र सरकार के खादी और स्वदेशी के प्रोत्साहन का जागरूकता शिविर था है। शिविर प्रभारी केडी मिश्रा बताते हैं कि उनके यहां 7 राज्यों के 55 से अधिक खादी के स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें 19 खादी ग्रामोद्योग की 38 संस्थाएं शामिल हैं। 19 जनवरी से शुरू हुई केंद्रीय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की प्रदर्शनी के परिसर में 1 फरवरी तक 81 हजार से अधिक लोगों ने विजिट किया है। मेला क्षेत्र के सेक्टर 9 में 5 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित विराट किसान मेले में भी किसानों का जमघट रहा । यहां 24 हजार से अधिक किसानों अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।पर्यटन विभाग की तरफ से मेला क्षेत्र में बनाए गए 4 पर्यटन सूचना केन्द्रों में मेला की शुरुआत से एक फरवरी तक 3.46 लाख लोगों ने जानकारी ली।

# जिलाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्य के तहत केंद्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राफ्ट निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन के उपरांत नोटिसों का वितरण, नोटिसों का तामिला, उनकी सुनवाई तथा संबंधित डाटा की अपलोडिंग की कार्यवाही सतत रूप से प्रगति पर है।

पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तैनात सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (इक्टग) द्वारा तामिला नोटिसों के सापेक्ष नियमित रूप से सुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र 172 लखनऊ उत्तर अंतर्गत स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-जे, अलीगंज एवं महाराजा अग्रसेन बालिका विद्यालय में स्थापित सुनवाई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया गया। सभी सुनवाई केंद्रों पर सुनवाई की कार्यवाही संचालित पाई गई।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुनवाई केंद्रों पर उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई।सुनवाई केंद्रों पर उपस्थित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि नोटिसों का वितरण पूर्ण कर लिया गया है तथा सुनवाई के साथ-साथ अभिलेखों की अपलोडिंग की कार्यवाही भी की जा रही है।



# नगर निगम मुख्यालय में अभियंत्रण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम मुख्यालय पर सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में अभियंत्रण विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य नगर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा करना रहा। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा सहित सभी अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता उपस्थित रहे।

बैठक में महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान महापौर ने शहर में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी सड़क निर्माण कराया जा रहा है, वहां सड़क को एक छोर से दूसरे छोर तक पूरी तरह से पूर्ण किया जाए। अधूरे या टुकड़ों में बने कार्यों से नागरिकों को परेशानी होती है, जिसे हर हाल में रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि जल निकासी की समस्या उत्पन्न न हो। चौड़ी सड़कों के किनारे पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए पटरी (फुटपाथ) निर्माण को भी आवश्यक बताया गया।

महापौर ने अभियंत्रण विभाग के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि खराब गुणवत्ता के कार्य न केवल सरकारी धन की बर्बादी हैं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी प्रमुख कार्यों की थर्ड पार्टी जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही अवर अभियंताओं को बिल निर्माण के दौरान विशेष सावधानी बरतने को कहा गया, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या त्रुटि की संभावना न रहे। बैठक में नालों की स्थिति को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। माननीय महापौर जी ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नालों के स्ट्रक्चर की स्थिति का आकलन करें। जहां कहीं भी नाले क्षतिग्रस्त हैं, वहां तत्काल एस्टीमेट तैयार कर मरम्मत कार्य शुरू किया जाए। इसके अतिरिक्त जिन स्थानों पर नाले खुले हैं और सड़क मार्ग के पास स्थित हैं, ऐसे नालों को चिन्हित कर उन्हें ढकने के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। मानसून से पहले सभी नालों की समुचित सफाई सुनिश्चित कराने के भी स्पष्ट निर्देश दिए गए।

महापौर द्वारा बैठक में वार्ड विकास निधि, 15वां वित्त आयोग, अवस्थापना निधि, सीएम वैश्विक नगरोदय योजना, सीएम ग्रिड एवं सीएम नगर सृजन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिन कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन ठेकेदारों को अंतिम चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि यदि चेतावनी के बावजूद भी कार्यों में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर नए सिरे से टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## नगराम में जमीन बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस मुकदमा

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नगराम क्षेत्र में जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को गंभीर चोटें आने की बात सामने आई है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहले पक्ष से मोनू पुत्र शिवशंकर ने आरोप लगाया कि रविवार शाम करीब 7 बजे सोनू, अवसान, लालचंद्र पुत्रगण सहजराम, सहजराम पुत्र स्व. रामसनेही, तेजबहादुर पुत्र खेलावन, रामदयाल पुत्र राममिलन तथा विशाल व तेजराम (निवासी ग्राम निजामपुर, थाना गोसाईगंज) ने जमीन के बंटवारे को लेकर गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।वहीं दूसरे पक्ष से सोनू पुत्र सहजराम ने आरोप लगाया कि रविवार को शाम करीब 6:30 बजे घर लौटते समय शिवशंकर पुत्र परिदीन, मोनू और आशीष उर्फ कल्लू ने जमीन के विवाद को लेकर उसके साथ और उसकी मां बुधना के साथ लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।पुलिस की कार्रवाई मामले में थाना नगराम पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान




**लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रही यातायात समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को एक सघन एवं बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।जोन-3 में जोनल अधिकारी श्री आकाश कुमार के निर्देशन में 296 टीम के सहयोग से व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान बाबूगंज डालीगंज, त्रिवेणीनगर, प्रीती नगर, अन्ना मार्केट, कपूरथला और ताड़ीखाना क्षेत्रों में अवैध रूप से लगाए गए ठेले, गुमटी और अन्य अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के चलते सड़कों और फुटपाथों पर फैले अवरोधों को साफ किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला।इसी क्रम में जोन-7 के जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में भी अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जोन-7 के अंतर्गत सेक्टर-17 सब्जी मंडी तथा कंचना बिहारी मार्ग से बसेरा मोड़ तक नालियों, नालों और सड़कों की दोनों पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान 2 ठेलिया, 5 कैरेट, 1 तखत और 2 तराजू जब्त किए गए, जबकि 4 काउंटर, 3 ठेले, 4 ठेलिया और 2 गुमटी हटाई गईं। यह पूरी कार्रवाई अधीक्षक श्री विनय मौर्य, ईटीएफ टीम तथा 296 टीम की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## एस.के.डी. एकेडमी (आईएससी बोर्ड), राजाजीपुरम में कक्षा 12 का विदाई समारोह




**लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एस.के.डी. एकेडमी (आईएससी बोर्ड), राजाजीपुरम, लखनऊ में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने मिलकर यादगार पलों को साझा किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरणादायक संबोधन तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। विद्यालय परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके आगामी जीवन के लिए सफलता और खुशहाली की कामना की।

## केजीएमयू में बनी मजारों को हटाने के लिए 28 फरवरी तक बढ़ाया गया समय

**लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के परिसर में बनी अवैध मजारों को हटाने के लिए केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को दूसरी बार नोटिस चस्पा कर 28 फरवरी तक मोहलत दी है। इससे पहले केजीएमयू प्रशासन ने 23 जनवरी को पांच मजारों पर नोटिस चस्पा 15 दिन में हटाने का निर्देश जारी किया था।15 दिन में केवल आर्थोपेडिक विभाग के पास बनी मजार से ही जवाब आया है। जवाब में कहा गया कि यह मजार पुरानी है जबकि यह कब की है इसका जिक्र नहीं किया गया है। सभी मजार कमेटियों को 28 फरवरी तक कुल सचिव के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।केजीएमयू के प्रवक्ता डा.के.?के.सिंह ने बताया कि क्वीनमेरी अस्पताल के बगल, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के सामने, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ट्रॉमा सेंटर परिसर, आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन और टीजी हॉस्टल परिसर में अवैध मजार है। इन स्थानों पर बनी मजार की वजह से मरीजों को दिक्कत होती है।

# गोमती नगर में हुई कचरा निस्तारण पात्र को लेकर अहम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकभारती के कचरा निस्तारण पात्र की एक अहम बैठक गोमतीनगर में आयोजिका जयश्री सिंह एवं अनामिका बिष्ट द्वारा अजस्त्र सृजन फाउंडेशन एवं भारतीय एकता समिति के सहयोग से संपन्न हुई।

बैठक में लोकभारती के केन्द्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय ने बताया कि कचरा निस्तारण पात्र का उपयोग कर कैसे हम समाज एवं सरकार के स्वच्छता अभियान में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकते हैं। उससे मिलने वाली द्रव्यखाद का उपयोग कर हम अपनी रसोई वाटिका से सब्जी एवं फल का उपभोग कर बाजार के रासायनिक खाद्य पदार्थों से अपने परिवार को एवं उनसे होने वाली बीमारियों से बचा सकते हैं। वहीं इस मौके पर जयश्री सिंह ने कचरा निस्तारणपात्र अपने आवास एवं छात्रावास पर लगवाने की इच्छा जाहिर की। बैठक में भवान सिंह रावत, हरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह बिष्ट, जानकी गढ़िया, कमलेश सिंह, वंदना सिंह, मालती सिंह, कमला सिंह, जयवीर सिंह, मनोज कुमार, जितेन्द्र बहादुर सिंह, हरेन्द्र सिंह, प्राची, आशुतोष अवधवाल एवं शरद महरोत्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## रीतेश बनकर आशिफ ने महिला से किया विवाह, तीन साल बाद कराया धर्म परिवर्तन

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सआदत गंज थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला सामने आया है। मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। तीन साल बाद जब एक बेटी का जन्म हुआ तब असलियत बताकर पीड़िता का धर्म परिवर्तन कराया और नकाब न पहनने पर मारता-पीटता है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।उपनिरीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि महिला ने हरदोई ?के जहेदीपुर निवासी मोहम्मद आसिफ के खिलाफ तहरीर दी। उसने बताया कि आसिफ बुद्धेश्वर में किराये के मकान में रहता था। वर्ष 2015 में वह रीतेश मौर्या बनकर प्रेमजाल में फंसाया और पुरनिया स्थित आर्य समाज मंदिर में ले जाकर हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। वर्ष 2018 में बड़ी बेटी के जन्म के बाद रीतेश ने उसे अपना असली नाम आसिफ बताया। आरोप है कि इसके बाद उसका भी धर्म परिवर्तन कराया गया। उसे नकाब पहनने और नमाज पढ़ने के लिए मारा-पीटा जाने लगाा। अब आसिफ उसे छोड़कर किसी और महिला के साथ रहा है, जबकि उसकी तीन बेटियां है। महिला ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।थाना प्रभारी ने इस घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। शादी को 10 साल बीत चुके हैं।

# चार करोड़ से अधिक बकाया पर नगर निगम सख्त 158 विज्ञापन एजेंसियों को तीन दिन का नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने बकाया विज्ञापन शुल्क की वसूली को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम के प्रचार विभाग द्वारा कुल 158 विज्ञापन एजेंसियों एवं विज्ञापनदाताओं को तीन दिन का अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

यह नोटिस प्रचार विभाग के माध्यम से भेजा गया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इन सभी विज्ञापनदाताओं पर चार करोड़ रुपये से अधिक का विज्ञापन शुल्क बकाया है, जो लंबे समय से जमा नहीं किया गया था। नोटिस में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित एजेंसियां और प्रतिष्ठान तीन दिन के भीतर संपूर्ण बकाया राशि नगर निगम कोष में जमा कराएं। यदि निर्धारित समयावधि में भुगतान नहीं किया गया तो नगर निगम द्वारा शहर में लगे उनके सभी प्रचार-प्रसार से संबंधित होर्डिंग्स, बैनर, यूनिपोल, ग्लो साइन बोर्ड एवं अन्य विज्ञापन सामग्री को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम के प्रचार विभाग द्वारा जिन प्रमुख विज्ञापन एजेंसियों और प्रतिष्ठानों को नोटिस भेजा गया है, उनमें मेसर्स प्राइम एडवरटाइजिंग, सिगमा, मंथन एडवर्टाइजर्स, उत्सव मीडिया, कनिष्क चन्द्रा, ओएसिस पब्लिसिटी, एंजेल इंटरप्राइजेज, साइन पोस्ट इंडिया, एम.बी. इंटरप्राइजेज, अक्षत इंटरप्राइजेज, रॉयल एड कॉर्पो, तान्या इंटरप्राइजेज, प्रोटेक्टिव एड, फोर्स वन, फ्यूचर एड, ओरियन प्रमोशन, कल्याण ज्वेलर्स, यूपी आउटडोर्स, जागरण इंगेज, टाइटन मीडिया, मीडिया 247, वालमार्ट इंडिया प्रा. लि., एल्डिको इंटरनेशनल, स्पेस मीडिया, ग्लोबल आउटडोर, इंडिया आउटडोर, अवध एडवरटाइजिंग सहित अनेक एजेंसियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य कई विज्ञापनदाताओं की सूची भी नोटिस में सम्मिलित है।अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम द्वारा पूर्व में भी कई बार बकायेदारों को सूचित किया गया था, किंतु भुगतान न होने के कारण अब सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया गया है।

**विन्ध्य, बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन के कार्यों की जलशक्ति मंत्री ने की समीक्षा**

# 30 दिन के भीतर जलापूर्ति न करने वाली कंपनियों पर होगी एफआईआर : स्वतंत्रदेव सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र के सभी घरों तक 30 दिन के भीतर जलापूर्ति का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को विन्ध्य, बुंदेलखंड के जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जलशक्ति मंत्री ने परियोजना में काम कर रही कंपनियों को अल्टीमेटम दिया कि 30 दिन के भीतर काम पूरा न होने पर कंपनियों के खिलाफ एफआईआर और टर्मिनेशन की कार्रवाई की जाएगी। विन्ध्य और बुंदेलखंड में धीमी गति से कार्य कर रही बीजीसीसी और एल एंड टी के कामकाज पर जलशक्ति मंत्री ने नाराजगी जताई।उन्होंने कहा कि तय समय में काम पूरा नहीं हुआ, तो कंपनी के मालिकान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजा जाएगा। समीक्षा के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि 4-5 योजनाओं को छोड़कर सभी योजनाओं का कार्य 100 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। अधिकतर गांवों में 100 प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि करीब तीन फीसदी गांवों में पाइपलाइन डैमेज या अन्य कारणों से नियमित जलापूर्ति प्रभावित हुई है। उसमें तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।जनप्रतिनिधियों से संवाद कर दें पूरी जानकारीसमीक्षा बैठक में जलशक्ति मंत्री ने सभी जिलों के अधिशासी अभियंता और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो जनप्रतिनिधियों को हर स्थिति से अवगत कराएं। उन्हें योजना के तहत हो रहे कार्यों की पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए। ऐसा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी जलशक्ति मंत्री ने दिए।जलापूर्ति से जुड़ी हर जानकारी देगा जल सारथी ऐपसमीक्षा बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जल सारथी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप के माध्यम से जल जीवन मिशन से जुड़े हर गांव के बारे में जानकारी मिल सकेगी। ऐप के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में जलापूर्ति की स्थिति, परियोजना पर हुए खर्च, निर्माणाधीन परियोजनाओं की स्थिति की पूरी जानकारी मिल सकेगी। साथ ही अधिकारियों के नाम और नंबर उपलब्ध रहेंगे। इस ऐप से लोग जलापूर्ति से संबंधित शिकायत भी कर सकेंगे।बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव, जल निगम ग्रामीण के एमडी डॉ. राजशेखर, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रभाष कुमार मौजूद थे।

# राज्यपाल के अभिभाषण से पूर्व हंगामा लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे पर सरोजनीनगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण को सुने बिना विरोध करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं और संसदीय परंपराओं के खिलाफ है।डॉ. सिंह ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जो सरकार की नीतियों और आगामी कार्ययोजना को सदन के समक्ष प्रस्तुत करता है। इसे बाधित करना न केवल संविधान की भावना का उल्लंघन है, बल्कि विधानसभा की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उसका तरीका शालीन, तथ्यपरक और संवाद आधारित होना चाहिए।उन्होंने कहा कि शोर-शराबा, नारेबाजी और कार्यवाही में व्यवधान किसी भी रूप में रचनात्मक राजनीति का उदाहरण नहीं हो सकता। सशक्त लोकतंत्र की पहचान तर्क, बहस और संवाद से होती है, न कि अव्यवस्था से। विधानसभा जनता के करों से संचालित सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है और इसकी कार्यवाही में बाधा डालना जनता के विश्वास का अपमान है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने विपक्ष से अपील की कि वह स्वस्थ और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि पहले सुनना, फिर समझना और उसके बाद संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर सरकार को चुनौती देना ही लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। संवाद और सार्थक बहस ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति हैं।

# भूमि पूजन के साथ जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा के पिता ने किया भूमि पूजन

**सरंई गुदौली में बारात घर निर्माण का शुभारंभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा सरई गुदौली के लिए आज का दिन यादगार बन गया। गांव में वर्षों से प्रतीक्षित बारात घर निर्माण का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। प्रस्तावित बारात घर के लिए चिन्हित भूमि पर भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई, जिससे पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

भूमि पूजन कार्यक्रम में गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल एवं ग्राम प्रधान श्रीमती अर्चना वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का विधिवत पूजन पूर्व प्रधान एवं ब्लॉक प्रमुख के पिता सुरेंद्र बहादुर सिंह के कर-कमलों से संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि बारात घर बनने से अब गांव में शादी-विवाह, सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही लोगों को अब बाहर स्थान तलाशने की मजबूरी नहीं रहेगी। मानवता का संदेश जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण भी किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी नजर आई और उन्होंने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।बारात घर निर्माण की शुरुआत और कंबल वितरण के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसे गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में नगर निगम लखनऊ को द्वितीय पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । जन भवन, लखनऊ में दिनांक 06, 07 एवं 08 फरवरी 2026 को आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में नगर निगम लखनऊ द्वारा विकसित रूफ टॉप गार्डे निंग मॉडल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि नगर निगम के पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति निरंतर प्रयासों का सशक्त प्रमाण है।

इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया गया, जिसमें विभिन्न जनपदों, संस्थानों एवं नगर निकायों द्वारा नवाचारपूर्ण उद्यान एवं कृषि मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल अनेक मॉडलों के बीच नगर निगम लखनऊ के रूफ टॉप गार्डे निंग मॉडल ने अपनी उपयोगिता, नवाचार और पर्यावरणीय लाभों के कारण निर्णायकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।द्वितीय पुरस्कार का सम्मान महामहिम राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार नगर निगम लखनऊ की ओर से अपर नगर आयुक्त डॉ0 अरविन्द कुमार राव, उद्यान अधीक्षक श्री गंगाराम गौतम एवं श्री शशिकान्त शशि द्वारा प्राप्त किया गया। इस अवसर पर अनेक प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कृषि व उद्यान क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ उपस्थित रहे।इस रूफ टॉप गार्डे निंग मॉडल का निर्माण मा0 महापौर महोदया श्रीमती सुषमा खर्कवाल के निर्देशन में तथा नगर आयुक्त महोदय श्री गौरव कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस मॉडल का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में सीमित स्थान का प्रभावी उपयोग करते हुए हरित वातावरण को बढ़ावा देना, तापमान संतुलन में सहायता करना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।प्रदर्शनी में नगर निगम लखनऊ को इसके अतिरिक्त 1000 वर्गमीटर से 2000 वर्गमीटर तक के पार्क की श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो नगर निगम की उद्यान व्यवस्था, सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव की गुणवत्ता को दर्शाता है।

# नगर पालिका खैराबाद में जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण, अभिलेख व विकास कार्यों की गहन जांच

❐ जिलाधिकारी ने लेखा लिपिक के द्वारा कैश रजिस्टर व्यवस्थित न होने के कारण फटकार लगाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी राजागणपति आर0 के द्वारा रविवार को नगर पालिका खैराबाद का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी राजागणपति आर रविवार दोपहर 11.30 बजे नगर पालिका खैराबाद कार्यालय पहुंकर यहां की व्यवस्थाएं देखीं।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका के कंप्यूटर कक्ष में जाकर ऑनलाइन पोर्टल संपत्ति कर रजिस्टर ई रिक्शा पोर्टल आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त कक्ष का निरीक्षण किया, जिसमें उनके द्वारा पीएम स्टेट वेंडर पेंशन नजूल रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर कर्मचारियों की संख्या के बारे में जानकारी ली तथा हाउस टैक्स, जलकर आदि से होने वाली नगर पालिका की आय व्यय की गहनता से जांच की तथा खैराबाद कस्बे की जल आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद लेखा लिपिक के कार्यालय में जाकर रजिस्टर का अवलोकन किया, जहां लेखा लिपिक के द्वारा कैश रजिस्टर व्यवस्थित न होने के कारण फटकार लगाई और व्यवस्थित करने के दिशा-निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कस्बे में कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कस्बे में कराए जा रहे तालाब सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया।

उसके साथ जिलाधिकारी द्वारा बन रही गौशाला का निरीक्षण करते हुये गौशाला निर्माण में प्रयोग हो रही ईंट को आपस में टकराकर उसकी मजबूती की जांच की और पिलर में लगाए जा मसाले की जांच की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को सभी कार्यों को ससमय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मनोज राणा लिपिक प्रदीप नदीम हसन सहित कई कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# हरगांव क्षेत्र में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

❐ 817 मरीजों का हुआ इलाज, हड्डी, हृदय, स्त्री व सांस रोगों की हुई जांच, सर्जरी योग्य मरीज अस्पताल रेफर, आयुष्मान कार्ड से भी मिला लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरगांव, सीतापुर। जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं पारा सराय स्थित के पी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत सेलूमऊ की झरेखापुर बाजार में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद एवं ग्रामीण लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ सलाहकार ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुधीर कुमार चौधरी द्वारा हड्डी से संबंधित 113 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से गंभीर मामलों को आवश्यक सर्जरी हेतु के0 पी0 सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहीं डॉ. एस0 ए0 मीर (एमडी मेडिसिन) ने 52 हृदय रोगियों का कार्डियक परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं एवं श्वास संबंधी रोगों की जांच कर मरीजों को उपचार प्रदान किया गया। महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए डॉ. मधुलिका राय ने महिलाओं में बांझपन, ल्यूकोरिया एवं माहवारी से जुड़ी बीमारियों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं।डॉ. फोजिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा 93 महिलाओं का परीक्षण किया गया, जबकि डॉ. मोहम्मद इलियास (जनरल फिजिशियन) ने वायरल फीवर से पीड़ित 129 मरीजों की जांच कर उपचार किया।शिविर में कुल 817 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के जनरल मैनेजर मुकेश बघेला एवं सीनियर मैनेजर नीतीश भीमटे द्वारा किया गया। आए हुए अतिथियों का स्वागत श्री पीतांबरा शिक्षा समिति के चेयरमैन डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। शिविर के सफल आयोजन में समिति के 12 पैरामेडिकल स्टाफ, 8 नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित ग्रामीणों ने इस पहल की जमकर सराहना की और ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से कराने की मांग की।

# मनरेगा में बड़ा खेल! उत्तरथोक पंचायत में फर्जी हाजिरी का मामला,सिस्टम की साख पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा, सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत उत्तरथोक में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में खुलेआम भ्रष्टाचार का आरोप सामने आया है।

आरोप है कि पोर्टल पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज दिखाई जा रही है, जबकि पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों में मौके पर मात्र एक या दो महिलाएं ही नजर आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बाकी दर्ज महिलाएं कहां हैं?सूत्रों की मानी जाए तो कागजों और पोर्टल पर मजदूरो की पूरी फौज खड़ी कर दी जाती है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। यह पूरा खेल सिर्फ और सिर्फ सरकारी धन की बंदरबांट के लिए किया जा रहा है।सबसे गंभीर बात यह है कि इस कथित घोटाले में एपीओ, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि बिना मिलीभगत के सब कुछ सही चल रहा होता तो पोर्टल और फोटो में इतना बड़ा अंतर कैसे होता?मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना, जो गरीबों को रोजगार देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, आज उत्तरथोक पंचायत में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का जरिया बनती दिखाई दे रही है। जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं और गरीब मजदूरों के हक पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है। बड़ा सवाल यह है कि क्या उच्चाधिकारी इस मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे? या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा?

# हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर 11 फरवरी को

शाहजहांपुर। जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन-ए-हज के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे से मदरसा नूरुलहुदा बिजलीपुरा में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में आजमीन-ए-हज को हज की अदायगी से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां दी जाएंगी। हज के अरकान, इहराम बांधने का तरीका, तवाफ, सई, वुकूफ़े अराफात, मुजदलिफा, रमी जमारात सहित हज के दौरान की जाने वाली तमाम इबादतों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि हज यात्री आसानी और सही तरीके से अपने फर्ज अदा कर सकें। प्रशिक्षण शिविर में अनुभवी उलेमा व प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे, जो हज से संबंधित शंकाओं का समाधान भी करेंगे। यह जानकारी मदरसा नूरुलहुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने दी है। उन्होंने सभी आजमीन-ए-हज से समय पर पहुंचकर प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील की है।

# महापौर ने स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

❐ नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें, स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं-महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । महानगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर अर्चना वर्मा ने आज विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, नालियों की साफ-सफाई एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का जायजा लिया।

इस दौरान महापौर ने उपस्थित अधिकारियों एवं सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रतिदिन प्रातःकाल नियमित सफाई, समयबद्ध कूड़ा उठान एवं स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं रोग-मुक्त बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा ने भी स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। अंत में महापौर अर्चना वर्मा ने आमजन से अपील की है कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस दौरान संबंधित वार्ड पार्षद, सफाई नायक और सफाई कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# आतंक का पर्याय बना तेंदुआ, हुआ पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। वन रेंज धौरहरा के अंतर्गत दहौरा नाला क्षेत्र के आसपास बीते कई महीनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद कर लिया गया। तेंदुए की लगातार गतिविधियों से क्षेत्र के कई गांवों में भय का माहौल बना हुआ था और लोग शाम ढलते ही घरों में सिमटने को मजबूर थे।

तेंदुए की मौजूदगी का असर इतना गहरा था कि सुजई कुंडाऽभटपुरवा मार्ग पर शाम 6 बजे के बाद आवागमन लगभग ठप हो जाता था। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर भी इस मार्ग से गुजरने से बचते थे। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को लेकर लोगों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी।कुछ दिन पूर्व तेंदुए ने मंगरौली निवासी सिराजुद्दीन को अपना शिकार बना लिया था। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व भय व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग अलर्ट मोड में आ गया और क्षेत्र में लगातार निगरानी शुरू कर दी गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने रणनीति के तहत पिंजरा लगाया। कई दिनों की कड़ी मशक्कत और सतर्कता के बाद आखिरकार तेंदुए को सुरक्षित रूप से पिंजरे में कैद कर लिया गया।तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही इलाके में राहत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने चैन की सांस ली और वन विभाग की तत्परता व कार्यशैली की सराहना की। लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद अब वे स्वयं को और अपने परिवार को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ नर है, जिसकी उम्र करीब 7 वर्ष आंकी गई है। तेंदुए को सभी आवश्यक औपचारिकताओं के बाद दुधवा के जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ा जाएगा। साथ ही क्षेत्र में भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए निगरानी जारी रखी जाएगी।तेंदुए के भय से मुक्त हुए ग्रामीणों के चेहरों पर राहत साफ झलक रही है।

# एसपी ने थाना खुदागंज का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

❐ थाना खुदागंज में महिला सुरक्षा केन्द्र व शिशु गृह का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना खुदागंज वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली, अपराध एवं अभिलेखों की स्थिति, लंबित एवं प्रचलित विवेचनाओं की प्रगति, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध, बैरक, मेस, आवासीय परिसर तथा जनसुनवाई व्यवस्था की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और संबंधित को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं प्रक्रियाओं के विधिसम्मत अनुपालन के निर्देश दिए। कहा कि महिला एवं बाल अपराध से संबंधित प्रकरणों का जल्द, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, शिकायतों की समयबद्ध सुनवाई तथा पीड़ितों के प्रति संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार किया जाए। कहा कि अनुशासन, समयपालन एवं कार्यकुशलता बनाए रखें। आमजन के साथ शालीन, सहयोगात्मक एवं संवेदनशील व्यवहार पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु नियमित गश्त, प्रभावी जनसंपर्क, अपराध नियंत्रण एवं सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इसके बाद एसपी ने थाना परिसर में स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र एवं शिशु गृह का विधिवत शुभारम्भ किया और वहां उपस्थित छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरित की। कहा कि शिशु गृह के माध्यम से छोटे बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाएगी, इससे महिला पुलिसकर्मियों के साथ ही थाना आने वाली महिलाओं को भी सुविधा मिलेगी। इस दौरान एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण, सीओ तिलहर आदि मौजूद रहे।

## समापन पर सीता स्वयंवर, वीर सेन सिंह प्रसंग व लठमार होली का भव्य मंचन, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत सडिला में आयोजित पांच दिवसीय श्री रामलीला एवं रासलीला महोत्सव का समापन अत्यंत भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर सीता स्वयंवर, वीर सेन सिंह का प्रसंग तथा लठमार होली का आकर्षक मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक उपस्थित रहे।सीता स्वयंवर प्रसंग में भगवान श्रीराम द्वारा धनुष भंग कर माता सीता को वरने की लीला का मनोहारी चित्रण किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। वहीं वीर सेन सिंह प्रसंग में शौर्य, बलिदान और धर्म की रक्षा का संदेश दिया गया। लठमार होली की प्रस्तुति ने पूरे पंडाल में उल्लास और उमंग का माहौल बना दिया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव तथा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेश यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता और समरसता को मजबूत करते हैं।आयोजन समिति ने समस्त कलाकारों, पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## 25 हजार का इनामी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**शाहजहांपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना तिलहर पुलिस ने भाजपा नेता से मारपीट करने वाले 25 हजार के इनामी अभियुक्त अक्षय कदम को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है।दरअसल, बीती 19 दिसंबर की रात थाना तिलहर की नगरिया चैकी क्षेत्र में भाजपा नेता के होटल पर मारपीट और तोड़फोड़ हुई थी। भाजपा नेता पंकज सिंह के भाई इंद्रजीत की तहरीर पर अक्षय कदम, योगेश कदम, ऋषभ तिवारी, आयुष मराठा और हिमांशु मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 22 दिसंबर को योगेश कदम और आयुष मराठा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अक्षय कदम, ऋषभ तिवारी और हिमांशु मिश्रा फरार थे। इसके बाद फरार अक्षय कदम पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया। गुरूवार को सोशल मीडिया पर फरार अभियुक्त की शादी का एक वीडियो वायरल हुआ। पता चला कि फरार अभियुक्त अक्षय कदम की पांच फरवरी को महाराष्ट्र में शादी है। तिलहर पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की और छह फरवरी को महाराष्ट्र पहुंची। तब तक अभियुक्त की शादी हो चुकी थी। पुलिस ने महाराष्ट्र के जिले सतारा में कराल नगर के बस अड्डा से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। रविवार को पुलिस शाहजहांपुर पहुंची। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के कृष्णा साइकिल वाली गली में रहने वाला अक्षय कदम पुत्र अनिल कदम है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त अक्षय कदम पर थाना तिलहर और थाना कोतवाली में आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, सोमवार को पुलिस ने विधिक कार्रवई करते हुए अभियुक्त अक्षय को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के अपराध निरीक्षक सुनील कुमार यादव के साथ उप निरीक्षक अनुज चैधरी, हेड कां. विजय प्रताप सहित सर्विलांस सेल की टीम मौजूद रही।

## एसएस कालेज में चल रहे प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का हुआ समापन

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन महाविद्यालय के उप-प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने ल्प्रभावी नेतृत्वकर्ताङ्क विषय पर बोलते हुए को सफल नेता और आदर्श नेता के बीच मौलिक अंतर से अवगत कराया। कहा कि सफल नेता टीम बनाकर कार्य करता है, जबकि आदर्श नेता परिवार के मुखिया की तरह टीम को साथ लेकर चलता है और सबके सहयोग से लक्ष्य प्राप्त करता है। सफल नेता यह कह सकता है कि वह व्यस्त है, उसके पास समय नहीं है, लेकिन आदर्श नेता व्यस्तता के बावजूद सभी के लिए समय निकालता है और समाज के हर व्यक्ति से जुडा रहता है। कहा कि सफल नेता कभी-कभी लोगों की कमजोरियों का लाभ उठा सकता है, जबकि आदर्श नेता व्यक्ति की कमजोरी को दूर करता है व गुणों को पहचानकर उन्हें निखारता है, प्रेरित करता है और उनकी क्षमताओं के माध्यम से लक्ष्य की प्राप्ति करता है। सफल नेता अपने छोटे कार्यों को बड़ा बनाकर प्रस्तुत कर सकता है, लेकिन आदर्श नेता दूरदर्शिता के साथ समाज और टीम की समस्याओं को दूर करने का कार्य करता है। डा. अनुराग ने कहा कि जो व्यक्ति भविष्य की चुनौतियों को दूरदर्शिता से समझता है, वर्तमान में दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करता है और अतीत के अनुभवों से सीख लेता है, वह नेता कभी असफल नहीं होता है। इससे पूर्व चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना गर्ग ने चंदन तिलक लगाकर तथा डॉ. संतोष प्रताप सिंह ने पटका पहनाकर प्रो. अनुराग अग्रवाल का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र सिंह ने किया तथा डॉ. बरखा सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ शिवानी भारद्वाज ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. विनीता राठौर, डॉ गौरव सक्सेना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने आरसी मिशन आश्रम का किया निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। रामचन्द्र मिशन आश्रम की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले बसन्त उत्सव कार्यक्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने एसपी सिटी और सीओ सिटी के साथ आश्रम परिसर का निरीक्षण किया और कार्यक्रम स्थल, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं व आगंतुकों की आवाजाही, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी कवरेज, कंट्रोल प्वाइंट्स तथा संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थानों का गहन अवलोकन किया तथा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने संबंधित को आपात स्थिति की दृष्टि से फायर सेफ्टी, मेडिकल सहायता, एम्बुलेंस मूवमेंट, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा, खोया-पाया व्यवस्था एवं सूचना संप्रेषण तंत्र को प्रभावी बनाए रखने, यातायात को सुचारु रखने के लिए डायवर्जन प्लान, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन एवं ट्रैफिक कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा नियम उल्लंघन की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाएगा। जनपदीय पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा के प्रति प्रतिबद्ध है। एसपी ने बताया कि रामचन्द्र मिश्रन आश्रम में होने वाले बसन्त उत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

# पड़रिया तुला में युवक ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली, मौत

❐ बताया जा रहा है कि घटना के पीछे शादी का विवाद है अमित फिलहाल अभी शादी करने के पक्ष में नहीं था

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भीरा, खीरी। जनपद के थाना भीरा अंतर्गत पड़रिया तुला गांव में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां अमित खन्ना उर्फ मनी (28 वर्ष) ने कथित रूप से खुद को गोली मार ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और परिवार में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार आज दिनांक 09 फरवरी 2026 को लगभग 11:35 बजे सूचना प्राप्त हुई कि अमित खन्ना, पुत्र सुखदेव राज खन्ना, निवासी पड़रिया तुला, घरेलू कलह से नाराज़ होकर अपने ही घर में लाइसेंसी बंदूक से सीने में गोली मार ली। गोली लगते ही परिजन घबरा गए और बिना समय गंवाए अमित को निजी वाहन से लखीमपुर (ओयल) स्थित जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अमित की शादी आगामी 7 मार्च को तय की गई थी। बताया जा रहा है कि अमित फिलहाल शादी करने के पक्ष में नहीं था और कुछ समय बाद विवाह करना चाहता था। इसी बात को लेकर बीते कुछ दिनों से घर में कहासुनी और विवाद का माहौल बना हुआ था।परिजनों का कहना है कि इसी मानसिक तनाव और गुस्से में आकर अमित ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के समय घर में अफरा-तफरी मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।बताया जा रहा है कि घटना के संबंध में परिजनों द्वारा तत्काल पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। बाद में मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।अमित खन्ना क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता सुखदेव राज खन्ना का व्यवसाय (बाबा जी सरिया सीमेंट) से जुड़ा होना बताया जा रहा है। युवक की असामयिक मौत से परिवार, रिश्तेदारों और गांव के लोगों में गहरा शोक व्याप्त है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तथ्यों के आधार पर जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के बयान के आधार पर की जाएगी।

# एसएसपी ने किया थाने का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। तेजतर्रार एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह ने थाना सिविल लाइन परिसर का वार्षिक निरीक्षण किया। इसके बाद एसएसपी ने थाना परिसर स्थित मैस का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मैस में निर्धारित मेनू के अनुसार ही भोजन तैयार किया जाए।कार्यालय निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अभिलेखों के रख-रखाव की गहन समीक्षा की। कुछ आवश्यक रजिस्टरों में कमियां पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को सभी अभिलेख 15 दिन के भीतर दुरुस्त कराने के सख्त निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों की बैरकों का निरीक्षण करते समय कुछ कमरों की दीवारों में सीलन पाई गई। इस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी को शीघ्र मरम्मत कराने के आदेश दिए। थाना परिसर की साफ-सफाई, नवनिर्मित कार्यालय और विवेचकों के कक्षों को देखकर एसएसपी उत्तरी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों और साइबर सेल टीम की कार्यप्रणाली को भी सराहनीय बताया। एसएसपी ने गार्ड ऑफ ऑनर टीम के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किए जाने के लिए एसएसपी से सिफारिश करने की बात कही। साथ ही सभी पुलिस कर्मियों को जनता और संभ्रांत नागरिकों के साथ शालीन, संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के प्रति अच्छा व्यवहार पुलिस और जनता के बीच विश्वास और बेहतर सामंजस्य स्थापित करता है। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी विजेंद्र कुमार द्विवेदी, सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय, क्राइम इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

# भंडारे में बवाल करने वालों दूसरे समुदाय पर प्राथमिकी

## भंडारे,भजन बंद कराने का बना रहे थे दबाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। श्रीरामचरितमानस के अखंड के बाद हो रहे भंडारे में शनिवार शाम दूसरे समुदाय के लोग लाठी-डंडे लेकर भजन बंद कराने का दबाव बनाने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। घंटों चले हंगामे के बाद भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। इसके बाद शांतिभंग में चालान कर दिया गया। जबकि, ग्रामीणों की मांग है कि आरोपियों के खिलाफ बलवा आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जाए। थाना क्षेत्र के गांव उसैता मुडिया स्थित देवी मंदिर पर शुक्रवार से शनिवार तक अखंड श्रीरामचरितमानस का पाठ हुआ। समापन के बाद शनिवार को भंडारे का आयोजन शुरू हुआ। देर शाम को भंडारे के दौरान डीजे पर भजन चल रहे थे, तभी दूसरे समुदाय के कुछ लोग वहां आ गए और भजन बंद करने की बात कहते हुए हंगामा करने लगे। इसके बाद भंडारे का प्रसाद खा रहे कई गांव के लोग आमने-सामने आ गए। ग्रामीणों ने बताया कि भंडारे के दौरान गांव के मुस्लिम समाज के करीब 20 से 25 लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और डीजे बंद कराने को लेकर हंगामा करने लगे। आरोप है कि इस दौरान डीजे, कुर्सी सहित अन्य सामान में तोड़फोड़ की गई, जिससे भंडारे में शामिल लोगों में अफरातफरी मच गई। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर के पास मुस्लिम बस्ती होने और मंदिर परिसर में जगह कम होने के कारण गांव के ही अशोक के मकान में पर्याप्त स्थान पर भंडारे का आयोजन किया गया था। वहीं, डीजे पर भजन चल रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और अचानक हंगामे की स्थिति बन गई। आसपास के गांवों से मिलाकर करीब 5000 लोगों के भंडारे की व्यवस्था थी, जबकि घटना के समय लगभग 200 से अधिक लोग भंडारे में मौजूद थे। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही हंगामा कर रहे लोग भागने लगे, पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। वहीं भंडारे में बनाई गई खीर, सब्जी व पूड़ी भी बच गईं। हंगामे के बाद खाने के लिए लोग नहीं आ सके। यही वजह रही आटा भी लगा हुआ खराब हो गया। एक पक्ष के लोगों ने आरोपियों पर कड़ी मांग की है तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि स्थिति सामान्य है, घटना को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी पंजीकृत की जा रही है, और इस तरह के कृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# एसआईआर कार्यक्रम संशोधित, 6 मार्च तक करें दावे-आपत्तियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। कार्यालय जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, ने जानकारी देते हुए बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 05 फरवरी 2026 के माध्यम से अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के पूर्व में घोषित कार्यक्रम को संशोधित किया गया है। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अवधि गत 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) से आगामी 06 मार्च 2026 (शुक्रवार) तक निर्धारित की गई है। सूचना चरण के अंतर्गत सूचना जारी करना, सुनवाई, सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे-आपत्तियों का निस्तारण गत 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) से आगामी 27 मार्च 2026 (शनिवार) तक एक साथ संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों के स्वास्थ्य मानकों की जाँच कर अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति 03 अप्रैल 2026 तक प्राप्त की जाएगी तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नए मतदाताओं हेतु प्रपत्र-6, अपमर्जन हेतु प्रपत्र-7, किसी प्रविष्टि में शुद्धि, पता परिवर्तन अथवा डुप्लीकेट वोटर कार्ड हेतु प्रपत्र-8 निर्धारित घोषणा पत्रों के साथ 06 मार्च 2026 तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा संबंधित भाग संख्या के बीएलओ को प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वे सभी व्यक्ति पात्र होंगे जो अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा इस तिथि को पूर्ण कर लेंगे। इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर की अहर्ता तिथियों के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं से भी फार्म-6 प्राप्त कर उनके नाम नियमानुसार मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाएंगे। उन्होंने जनपद के समस्त जनमानस से अपेक्षा की है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराकर सक्रिय सहभागिता निभाएं और इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

## 26 फरवरी तक होगा नि:शुल्क खाद्यान का वितरण

बदायूँ। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न एवं बाजरा का निःशुल्क वितरण गत 08 फरवरी 2026 से आगामी 26 फरवरी 2026 के मध्य कराया जाना है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 11 कि0ग्रा0 गेहूँ, 14 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल एवं 10 कि0ग्रा0 बाजरा निःशुल्क वितरित किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी योजना में पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्डधारकों/लाभार्थियों को 02 कि0ग्रा0 गेहूँ, 01 कि0ग्रा0 चावल तथा 02 कि0ग्रा0 बाजरा निःशुल्क वितरित किया जाएगा। उन्होंने जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित किया है कि वह इसके अनुसार अपने उचितदर विक्रेता से खाद्यान्न एवं बाजरा प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें।

# पति ने एक हजार रुपये में बेची पत्नी की आबरू, दोनों आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में एक युवक ने पति-पत्नी के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। उसने अपनी पत्नी का एक हजार रुपये में सौदा कर दिया। उसे दो दोस्तों के हवाले कर चला गया। दोनों युवकों ने महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आपको बता दें कि पूरा मामला फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक हजार रुपये में अपनी पत्नी का सौदा कर दिया। उसने पत्नी को अपने दो दोस्तों के साथ भेज दिया। दोनों दोस्तों ने महिला को बाग में ले जाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता घर पहुंची और पति की करतूत का विरोध किया। इस पर पति ने जो जवाब दिया, उसे सुनकर पीड़िता के पैरों तले से जमीन खिसक गई। घटना से आहत पीड़िता ने पति और दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दुष्कर्म के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पति पर लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित महिला ने फैजगंज बेहटा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि छह फरवरी को वह अपने पति के साथ कुछ दस्तावेज बनवाने जा रही थी। रास्ते में उनको पप्पू और बालकिशन मिले। ये दोनों उसके पति के दोस्त हैं। आरोप है कि पति ने दोनों युवकों से एक हजार रुपये में उसका सौदा कर लिया। इसके बाद पति ने उसे दोनों युवकों के हवाले कर दिया। दोनों युवकों ने महिला को बाग में लेकर सामूहिक दुष्कर्म किया। जैसे-तैसे वह वहां से अपने घर पहुंची। अपने पति से कहा कि उसने उसके साथ ऐसा क्यों किया? इस पर पति बोला कि वह उससे इसी तरह पैसे कमाएगा। पति की करतूत जानकर उसके होश उड़ गए। अगले दिन पीड़िता थाने पहुंची और तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। वहीं पीड़ित महिला के मुताबिक दोनों युवक उसे बाइक पर बैठाकर सुरैनी पापड़ी से बलकरनपुर जाने वाले रास्ते के किनारे स्थित बाग में ले गए थे। वहां दोनों ने दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सा परीक्षण कराया है। एसपी देहात हृदेश कठेरिया ने बताया कि दुष्कर्म के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला द्वारा अपने पति पर लगाए आरोपों की जांच की जा रही है।

# बूथों पर प्रतिदिन दो घंटे बैठेंगे बीएलओ : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जनपद में समाविष्ट छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 177-बछरावां (अ0जा0), 179-हरचंदपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ0जा0), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) में नोटिसों की सुनवाई का काम जारी है। अब तक करीब 40 हजार से अधिक नोटिसों की सुनवाई का काम पूरा हो चुका है। काम में तेजी लाने व मतदाताओं की सहूलियत के लिए जनपद के 2451 बूथों पर बीएलओ प्रतिदिन दो घंटे बैठेंगे। इस दौरान अनंतिम मतदाता सूची देखने के साथ ही फार्म छह, सात और आठ भी भरवाए जाएंगे। एस0आई0आर0 से संबंधित जानकारी भी लोग बीएलओ से ले सकेंगे। जनपद में छह तहसील

सहित 42 केंद्रों पर नोटिसों की सुनवाई का काम जारी है। इस दौरान फार्म छह, सात और आठ भरे जा रहे हैं। अब तक लगभग 75 हजार लोगों ने फार्म छह भरे हैं। फिलहाल भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ व एस0आई0आर0 से जुड़े अधिकारियों को राहत देते हुए एक माह का अतिरिक्त समय दिया है। वही मतदाताओं को भी राहत देते हुए निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को दो घंटे बूथ पर बैठने का आदेश दिया है। जनपद के 2451 बूथों पर सभी बीएलओ प्रतिदिन दो घंटे मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह लोगों के फार्म छह सात व आठ भरवाएंगे। वहीं मतदाताओं को अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। प्रत्येक बीएलओ को मतदाता अनंतिम सूची दी गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्प्रति चल रहे अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम की तिथियों को संशोधित कर दिया है। आयोग द्वारा घोषित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 06 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। नोटिस चरण, प्रवेश अधिकार पर निर्णय और दावों और आपत्तियों का निपटान की अवधि 27 मार्च 2026 तक, स्वास्थ्य मापदंडों की जांच 03 मार्च 2026 तक एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को निर्धारित किया गया है।

# बीआईएमटी में हुआ विज्ञान महोत्सव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला विज्ञान क्लब बदायूं द्वारा बीआईएमटी कॉलेज बदायूं में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एकदिवसीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विज्ञान अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि ल्लजय जवान, जय किसान, जय विज्ञानङ्क के साथ अब ल्लजय अनुसंधानङ्क जोड़कर ही देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार रावत ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समाचार पत्र नियमित रूप से पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र का मुखपृष्ठ और संपादकीय विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान को सुदृढ़ करते हैं। रिसोर्स पर्सन राजीव भटनागर ने कंप्यूटर और मोबाइल तकनीक पर जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से मोबाइल का सीमित उपयोग करने का आग्रह किया। अन्य वक्ताओं शिवम सक्सेना, मयंक सक्सेना, जसीर अहमद, विपिन कुमार, कांक्षी गंगवार, मनीषा कुमारी, सौरभ सक्सेना एवं नीतू सिंह ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर अपने विचार रखते हुए महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन और रमन प्रभाव के महत्व पर प्रकाश डाला। बीआईएमटी के डायरेक्टर अक्षज रस्तोगी ने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। विभिन्न विद्यालयों और राजकीय पॉलिटेक्निक अलापुर के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिनका विशेषज्ञों द्वारा अवलोकन किया गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला विज्ञान क्लब बदायूं के आयोजक एवं समन्वयक विवेक जौहरी ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को सर सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई थी, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

## एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरे प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, इसी क्रम में पूरी बदायूं विधानसभा में अलग-अलग बूथों पर एक ही नाम से लोगों ने वोटर्स को अनुपस्थित दिखाकर फॉर्म नंबर सात द्वारा आपत्ति लगाई गई है, जब की वोटर अपने-अपने बूथों हमेशा से वोटर है और 2025 की ड्राफ्ट लिस्ट में उनके नाम है, इसी समस्या को लेकर समाजसेवी फखरे अहमद शोबी ने सोमवार को जिलाधिकारी को इस समस्या से अवगत कराया,वहीं उन्होंने बताया पूर्ण आश्वासन दिया कि फॉर्म नंबर सात कोई भी भर कर आपत्ति दे सकता है, लेकिन किसी का भी वोट जो यहां मौजूद है, और जो पहले से वोटर है उसका वोट नहीं काटा जाएगा फॉर्म नंबर सात भरना एक प्रक्रिया है, कोई भी भरकर आपत्ति दे सकता है, लेकिन किसी का वोट काटने की जिम्मेदारी हमारे प्रशासन की है, जब तक साक्ष्य मौजूद नहीं होंगे जब तक किसी का भी नाम नहीं काटा जाएगा। वहीं इस मौके फखरे अहमद शोबी ने कहा उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिनवा बयान है कि किसी एक वोटर पर आपत्ति कोई एक व्यक्ति ही लगा सकता है कईयों पर आपत्ति कोई एक व्यक्ति नहीं लगा सकता जबकि बदायूं विधानसभा में एक या दो लोगों ने फॉर्म नंबर सात पर आपत्ति लगाकर हजारों की संख्या में फॉर्म दिए हैं जिनके वोट काटने के लिए आपत्ति लगाई गई है वो वोटर हमेशा से बदायूं के वोटर हैं और उनका नाम 2025 की ड्राफ्ट लिस्ट में भी मौजूद है आपत्ति लगाने वाला शख्स ना उन्हें जानता है और ना उसने कोई प्रूफ दिया है उन वोटर के अनुपस्थित रहने का इसलिए प्रशासन से हमारी प्रार्थना है कि फॉर्म नंबर सात जो भी आए हैं, उसकी पूर्णता जांच की जाए किसी का भी अनावश्यक वोट नहीं काटा जाए।

## ब्लॉकों में बनेंगे स्थायी हेलीपैड

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के विकास व आपातकालीन व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में पहल की गई है। शासन के निर्देश पर जिले के सभी ब्लॉकों में एक-एक स्थायी हेलीपैड बनाए जाने की योजना तैयार की गई है। इन हेलीपैडों का उपयोग आपातकालीन परिस्थितियों के साथ-साथ वीआईपी मूवमेंट के दौरान किया जाएगा। इससे न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि आपदा या गंभीर स्वास्थ्य मामलों में समय पर सहायता पहुंचाना भी आसान हो सकेगा।

## कल जिला सैनिक बन्धु की बैठक, आज शाम तक जमा करें प्रार्थना पत्र

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। ले0कर्नल संदीप सिंह (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि है कि जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों/दिवगत सैनिकों की विधवाओं की कल्याणकारी समस्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी अध्यक्षता में 11 फरवरी 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से 01:00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार बदायूँ में होगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी भूतपूर्व सैनिक/ दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की कोई समस्या है तो वह अपना प्रार्थना पत्र दो प्रतियों में 10 फरवरी 2026 अपरान्ह 05 बजे तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत लोक स्मृति सेवा संस्थान बदायूं के द्वारा ब्लॉक जगत गांव केसरुआ बदायूं में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी एचआईव एड्स 0डॉ विनेश कुमार एवं संजीव कुमार ग्राम प्रधान के द्वारा कैम्प का उद्घाटन किया गया। जिसमें सभी गांव के लोगो की स्क्रीनिंग कर उनकी कुल जांच 139 लोगो की गई जिसमें से एवं जनरल दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सघन जागरूकता एवं डोर टू डोर के माध्यम से जागरूक अभियान के अंतर्गत गांव साथ ही ग्राम के उपस्थित रामा आशा एवं आंगनवाड़ी सभी लोग उपस्थित रहे। इन सभी लोगों के सहयोग से इस कैम्प को सफल बनाया गया।

## दबिश के दौरान 250 कि0ग्रा0 लहन नष्ट व 65 लीटर अवैध शराब बरामद

रायबरेली। जिलाधिकारी के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-01 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। आबकारी टीम द्वारा तहसील सदर के थाना गुरुबक्शगंज अंतर्गत ग्राम कोरिहर एवं आशाराम का पूर्व में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 250 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 3 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।

## 10 फरवरी को कृमि मुक्ति की खिलाई जाएगी दवा

रायबरेली । शिवगढ़ ब्लॉक को छोड़कर जनपद के शेष सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा द्वारा किला बाजार स्थित उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनपद में कुल 19 ब्लॉक और एक शहरी क्षेत्र है। शहरी क्षेत्र सहित 18 ब्लॉकों में 10 फरवरी को एनडीडी का आयोजन किया जाएगा, जबकि शिवगढ़ ब्लॉक में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एल्बेंडाजोल का सेवन कराया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 13.44 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विद्यालय जाने वाले बच्चों को स्कूलों में तथा विद्यालय न जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दवा दी जाएगी। यह अभियान सरकारी, सहायता प्राप्त, निजी विद्यालयों, मदरसों एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित किया जाएगा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के निर्देशों के क्रम में व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। परिवार ,समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। टीम द्वारा बताया गया कि विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इसी दौरान उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गयी एवं सभी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित, महिला पेंशन योजना आदि उपरोक्त कार्यक्रम में विभाग से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, संचालक अरशद, प्रधानाचार्य मनोज यादव, मो0 एजाज खान, संगीता देवी, ग्राम विकास अधिकारी अवनीश कुमार सोनकर, पंचायत सहायक एवं आम जनमानस उपस्थित रहें।

# लग्जरी बसों में माल ढुलाई के कानून पर हावी अवैध सिस्टम

## जीएसटी की खुलेआम चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । यात्रियों की सुरक्षा को दरकिनार कर बसों से हो रही माल की ढुलाई पर नियंत्रण के लिए सरकार ने तीन साल पहले योजना बनाई,जिसे हाईकोर्ट ने वैध भी 7हरा दिया। इसके बावजूद सरकारी योजना के विपरीत बसों की छतों पर सामान का परिवहन हो रहा है, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है वहीं रोजाना स रकारी खजाने को राजस्व का नुकसान हो रहा है। कैनविज टाइम्स ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया, जिसमें सामने आया कि अवैध 'सिस्टम', कानूनी कायदों पर हावी है।दिल्ली से

कश्मीरी गेट से गोंडा के बीच चलने वाली लंबी दूरी की लग्जरी बसें मुसाफिरों की जान जोखि म में डाल रही हैं।इन बसों में छत पर काफी सा मान लाद लिया जाता है,बसों का इस्तेमाल ट्रक जैसे हो रहा है।सामान लाद लेने से बसों की ऊं चाई औसत से ज्यादा हो जाती है और इनके प लटने का खतरा होता है।लेकिन,जिला परिवह न विभाग इन बसों पर कोई कार्रवाई



नहीं कर रहा है।यही नहीं,ऊपर बिजली के तार से टच होने से अक्सर बसों में करंट उतरने और आग लगने की संभावना होती है।ऐसे ही समान लाद कर लग्जरी बस 2012 में बिहार रूट की एक बस इसी तरह हादसे का शिकार हुई थी।दिल्ली से गोण्डा तक चलने वाली यात्री बसों से माल ढुलाई का भी काम लिया जाता है,जबकि,ये परिवहन विभाग के नियमों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है।कश्मीरी गेट दिल्ली से गोण्डा तक का ट्रक का भाड़ा आठ हजार रुपये प्रति टन है इस लिहाज से सौ किलो के एक बोरे या पैकेट का भाड़ा आठ सौ रुपये तक पड़ता है।इसलिए पैसा बचा ने और जीएसटी चोरी करने के लिए कारोबारी बसों पर माल लाद कर ले जाते हैं।अमूमन बसों की ऊंचाई 10.5 फीट होती है।स्लीपर होने से इसकी ऊंचाई 3.5 फीट तक बढ़ जाती है।इस तरह लंबी दूरी की इन बसों की ऊंचाई पहले से ही सामान्य से बढ़ कर चौदह फीट तक हो जाती है।एक तो करेला दूसरे नीम चढ़ा वाली कहावत इन बसों पर चरितार्थ हो रही है।इन बसों की छत पर सामान लाद देने से इनकी ऊंचाई 17 फीट तक पहुंच जाती है और हाद से की संभावना बढ़ जाती है वही जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठना लाजिमी है कि दिल्ली से गोण्डा के बीच क्या वाणिज्य विभाग और परि वहन विभाग कुंभकर्णी के नींद में सो गया है कि जिन लग्जरी बसों से यात्रियों को बैठने के साथ-साथ बड़े-बड़े पार्सल के बोरे ढो ये हुए जा रहे हैं और जिला प्रशांत अनजान बना हुआ है। या फिर बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

### दिल्ली से माल लादने में जीएसटी चोरी

संवाददाता ने बसों पर लदाने वाले सामान के भाड़े का पता लगाने के लिए काउंटर पर संपर्क किया, तो उनसे पूछा गया कि गोण्डा के लिए बिजली( इलेक्ट्रॉनिक ) सामान और कपड़े के चार नग बिना बिल के है कितना पैसा लगेगा तो वहाँ पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि छो टे नग के पांच सौ रुपए और बड़े नग के एक ह जार रूपए लगते है और आप को सुबह यह म नकापुर बस स्टैंड एसमय स्कूल के पास गोदाम से मिल जाएगा।

### लग्जरी बसों हों रही माल ढुलाई की परमिट

दिल्ली, लुधियाना से चलने वाली लग्जरी बसों को माल ढुलाई की परमिट नहीं मिली है।इसके बाद भी जिला परिवहन विभाग इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है,लग्जरी बसों को परिव हन विभाग के नियमों का मजाक उड़ाने की छू ट है।बस अधिकारी साल में एक बार अपना कोरम पूरा करने के लिए छापामारी क रते हैं और प्रति बस हजार,पांच सौ रुपये तक का जुर्माना कर कागजी कार्रवाई पूरी कर देते हैं।

### ये रहता जोखिम

बस यात्री परिवहन के लिए डिजाइन की जाती है लेकिन छत, गैलरी और डिग्गी में सामान होने से बस के असंतुलित होने का खतरा बना रहता है,ओवरलोड' बस मोड़ पर या अचानक ब्रेक ल गने पर पलट सकती है।

### ऐसे फंसाते यात्रियों हैं३

ट्रक से माल भेजने में यदि तीन से पांच दिन ल गते हैं,लेकिन यहाँ तो बस ऑपरेटर बारह घंटे में डिलीवरी का वादा करते हैं।यह भरोसा दिला कर न केवल मनमाना किराया वसूल किया जा ता है,बल्कि यात्रियों की जान भी जोखिम में प ड़ती है।

# इटियाथोक थाना क्षेत्र में रफ्तार का तांडव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार दो छात्राओं को टक्कर मार दी। इस हादसे मे एक छात्रा की मौत हो गई,जबकि उसकी सहेली गं भीर रूप से घायल हो गई।यह हादसा अलावल देवरिया-पारासराय मार्ग पर शादी पुरवा गांव के पास हुआ।मृतक छात्रा की पहचान शादी पुरवा गांव निवासी निशा के रूप में हुई है, जो कक्षा नौ की छात्रा थी।वहीं हादसे में घायल दूसरी छा त्रा सुनीता कक्षा बारह की छात्रा है।जिसका इ लाज जिला अस्पताल में चल रहा है।बताते है कि रविवार शाम को निशा और सुनीता गांव के बाहर स्थित एक दुकान से सामान खरीदने गई थीं।दोनों साइकिल से वापस घर लौट रही थीं। जैसे ही वे पारासराय मार्ग पर शादी पुरवा गांव के पास पहुंचीं, तभी पारासराय की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों छात्राएं सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों घायल छात्राओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन की हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अ स्पताल गोंडा रेफर कर दिया।वही जिला अस्प ताल में इलाज के दौरान निशा ने दम तोड़ दिया है जबकि सुनीता का इलाज जारी है।मृतका नि शा के पिता राम कुमार मौर्या ने बताया कि उन की बेटी सुनीता के साथ सामान लेने गई थी ले किन उन्हें इस तरह की अनहोनी की कोई उम्मी द नहीं थी।



### ट्रक चालक मौके से फरार

इटियाथोक थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# जर्जर बिशुही पुल के निर्माण के लिए तीसरे दिन हस्ताक्षर अभियान जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । तीसरे दिन भी बिशुही पुल के निर्माण के लिया हत्याक्षर अभियान जारी रहा जिसमें ह जारों की संख्या में लोगों ने हत्याक्षर कर एक ही बात कही कि जर्जर पुल का नवनिर्माण ज ल्द से जल्द कराया जाए इस अवसर पर सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र आकाश दुबे ने बताया कि यह पुल बनना कितना आव श्यक है इस बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि जब सुबह हमारी बस जाती है तो डेली एक से डेढ़ घंटे मैं लेट पहुंचता हूँ और हमारा पाठ्यक्रम डेली कुछ ना कुछ छूट जाता है तथा जनता इंटर कॉलेज के छात्र सुरेंद्र




कनौजिया ने बताया कि सुबह जब हम स्कूल जाते हैं तो एक से डेढ़ घंटे का जाम पड़ने के कारण डेली मैं कॉ लेज लेट पहुंचता हूं हमारी सरकार से यही मांग है कि जल्द से जल्द इस पुल का निर्माण करा या जाए व सूरज जायसवाल ने बताया कि मैं इंटियाथोक का व्यापारी हूँ मेरा एक दूकान पुल के इस पार तथा एक दूकान उस पार है पुल पर लगे जाम के लिए मुझे घंटों लग जाते हैं अपने इस दूकान से उस दुकान जाने में अतः हमारी सरकार से यही मांग है कि इस पुल का नवनि र्माण जल्द से जल्द कराया जाए व कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि तीसरे दिन तक 3231 लोगों ने हस्ताक्षर कर एक ही स्वर में कहा कि इस पुल का निर्माण बहुत ही आव श्यक है और हमारा कार्यक्रम जब तक चलेगा जब तक पुल के निर्माण के लिए सक्षम अधि कारी वार्ता नहीं करते हैं तब तक हमारा अभि यान जारी रहेगा इस अवसर पर सिद्धेश सोनी, अल्तमस इदरीसी,अयान चौधरी, विवेक सोनी, विकाश द्विवेदी,नितिन शर्मा,ओम प्रकाश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रणव मिश्रा ने द्वितीय जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 में रचा इतिहास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । लुधियाना पंजाब में 03 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली द्वितीय जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 में जनपद के युवा सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी प्रणव मिश्रा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। मिक्स्ड टीम इवेंट में प्रणव ने निर्णायक क्षणों में अद्भुत आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल और शानदार टीम भावना का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप




भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। वहीं डबल्स स्पर्धा में भी उन्होंने दमदार और संतुलित खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि मोहल्ला बख्शीपुरा चांदमारी निवासी प्रणव मिश्रा वर्तमान समय में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई (सोनीपत, हरियाणा) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रणव ने बताया कि उनके द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि में कोच शनीष मणि मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन, अनुशासन और रणनीतिक तैयारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोच श्री मिरा ने कहा कि प्रणव की यह उपलब्धि बहराइच की युवा प्रतिभाओं के लिए एक नई दिशा और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रणव की सफलता यह सिद्ध करती है कि छोटे शहरों और कस्बों से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं। प्रणव की सफलता पर जनपदवासियों विशेष कर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों गर्व महसूस कर रहे हैं।

### छानस/अमानक स्टाक की नीलामी 17 फरवरी को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जिले के राजकीय कृषि प्रक्षेत्र नानपारा, बालचन्दपुर, बखारी व घाघराघाट के खरीफ 2024 व रबी वर्ष 2024-25 के छानस/अमानक स्टाक की नीलामी 17 फरवरी 2026 को अपरान्ह 01:00 बजे से कृषि भवन बहराइच के सभागार में की जायेगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि धान छानस 373.53 कु., उर्द 2.37 कु., मूंगफली 2.01 कु., अरहर 3.10 कु., गेहूँ 329.44 कु., मसूर 3.15 कु., मटर 1.00 कु., सरसों 2.75 कु. तथा धान अमानक 52.20 कु. कल 769.65 कुण्टल छानस/अमानक स्टाक की नीलामी की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर नीलामी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### ग्रामीणों ने एक चोर को चोरी करते पकड़ा , दो फरार

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के नूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा का ताजपुर चौकी क्षेत्र के गांव जमालपुर किरत में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात होते-होते टल गई। ग्रामीणों की सतर्कता के चलते चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। देर रात लगभग 2 से 3 चोरों ने गांव के एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाया। चोर जैसे ही घर के अंदर घुसे, आहट सुनकर आसपास के पड़ोसी जाग गए। शोर-शराबा सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। खुद को घिरता देख चोरों में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया, जबकि उसके दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर की पिटाई कर दी और उसे गांव में ही बिजली के खंभे से बांध दिया। सूचना मिलने पर नूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने आरोपी को खंभे से छुड़ाने की कोशिश की, तो ग्रामीणों का गुस्सा और भड़क गया। इस बात को लेकर ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी नोंक-झोंक भी हुई। ग्रामीण फरार चोरों की तत्काल गिरफ्तारी और पकड़े गए आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। थानाध्यक्ष नूरपुर का कहना है पकड़े गए आरोपित से पूछताछ चल रही है जांच के बाद कार्यावाही की जायेगी।

### विरोध के बीच अस्थाई मकानों को ध्वस्त कर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराई

उरई। उत्तर प्रदेश के उरई में कोंच नगर पालिका क्षेत्र के गांधी नगर इलाके में सोमवार की दोपहर नगर पालिका प्रशासन ने पुलिस टीम के साथ सरकारी भूमि पर बने अस्थाई मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान करीब 40 वर्षों पुराने मकान के अवैध कब्जे को गिराया गया।नगर पालिका की अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि आज पालिका की टीम ने पुलिस बल के साथ उक्त जगह पर कब्जाधारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब कोई प्रभावी समाधान नहीं निकला तो बुलडोजर चलाकर अस्थाई मकानों और अवैध निर्माण को हटवा दिया गया।

## केवाईसी ही सुरक्षित बैंकिंग की पहली शर्त, वित्तीय साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ

कानपुर। सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को कानपुर के चौबेपुर स्थित बड़ौदा रोजगार विकास संस्थान में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में अग्रणी जिला बैंक कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन में क्रिसिल फाउंडेशन (सीएफएल चौबेपुर) एवं बैंक ऑफ बड़ौदा की सक्रिय भागीदारी रही।
कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक सृष्टिका तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि बदलते डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता हर नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम ॣकेवाईसी ऽ सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदमॢ निर्धारित की गई है। उन्होंने उपस्थित लोगों को केवाईसी की अनिवार्यता, मनी म्यूल से जुड़े खतरे तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी बैंक खाते को बड़े जोखिम में डाल सकती है।
क्रिसिल फाउंडेशन के प्रतिनिधि हेमंत ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, बचत, ऋण, बीमा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता से सुरक्षित और जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में सप्ताह भर चलने वाली विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों को अपने बैंक खातों का केवाईसी अद्यतन रखने और साइबर ठगी से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी, संस्थानों के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# नानपारा तहसील में मेगा सेवा शिविर का आयोजन, एसडीएम ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को तहसील नानपारा परिसर में मेगा सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सुश्री प्रिया राव, सचिव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि आमजन को समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही मंच पर सभी विभागों की सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, समाज



कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका, खंड विकास कार्यालय, सिंचाई, वन, श्रम, युवा कल्याण, नेहरू युवा कल्याण तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। नागरिकों को खतौनी, वरासत, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, मनरेगा, दिव्यांग प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था पेंशन एवं किसान योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार नानपारा, नगर पालिका के अधिकारी, लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद बना न्याय का मंच : आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर मांपाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष महि ला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान आयुक्त देवीपाटन मंडल ने दूर-दराज क्षेत्रों से आई कुल 17 महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण व निष्पक्ष समाधान अधिकतम दो सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करा या जाए।इस अवसर पर अपर आयुक्त भी उप स्थित रहीं।जनसुनवाई में थाना इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम परना बगुलहा निवासी एक महिला ने अपराध संख्या 307/2025 में नामजद अभि युक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष विवेचना की मांग की।पीड़िता ने बताया कि गैंगेस्टर ए क्ट में सजा पा चुके आरोपियों ने उसके पति पर जानलेवा फायर किया था,जिसमें वह बाल-बाल बच गए।चिकित्सकीय परीक्षण में फायर आर्म इंजरी की पुष्टि के बावजूद विवेचना में लापरवाही बरती जा रही है।साथ ही आरोपियों द्वारा लगातार दी जा रही धमकियों से परिवार की जान-माल की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है।महिला ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई।वही करनैलगंज थाना क्षेत्र की एक महिला आसमा बानों ने दहेज




उत्पीड़न, ती न तलाक और न्यायालय के आदेश के बावजूद गुजारा भत्ता न मिलने की शिकायत दर्ज कराई पीड़िता ने बताया कि दहेज की मांग पूरी न हो ने पर पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया तथा बिना तलाक दूसरी शादी कर ली। महिला ने मामले में जांच कर अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग की।वही कटरा बाजार थाना क्षेत्र की एक वृद्ध महिला ननकई देवी ने जाल साजी और ठगी का गंभीर मामला उठाया,उन्हों ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने आधार व बैं क दस्तावेज लेकर कन्या विवाह सहायता योज ना की धनराशि खाते में भिजवाकर धोखाधड़ी से निकाल ली,जिससे उनके विरुद्ध वसूली अ धिपत्र जारी हो गया।पीड़िता ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराने और वसूली की कार्र वाई पर रोक लगाने की मांग की।वहीं तरबगंज तहसील क्षेत्र की लालमती ने भूमि विवाद से जु ड़े प्रकरण में खड़ी गेहूं की फसल में किलाबंदी कराए जाने का विरोध दर्ज कराया।उन्होंने बता या कि संबंधित आदेश के विरुद्ध अपील न्याया लय में लंबित है, जिसकी सुनवाई 11 फरवरी 2026 को निर्धारित है।इसके बावजूद किला बंदी की तैयारी की जा रही है।महिला ने अपील निस्तारित होने तक किलाबंदी पर रोक लगाने की मांग की।जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने सभी प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए संबं धित अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और प्रत्येक प्रकरण में त्वरित,निष्पक्ष व समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने आश्वस्त किया कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# खेल जीवन में अनुशासन नेतृत्व और टीम भावना का विकास करते हैं : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी ।डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी के प्रांगण में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कक्षा एक से आठ तक अध्ययनरत विद्यार्थियों की जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय चौहान ने प्रतिभागी बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी लेते हुये कबूतर और गुब्बारे उड़ाकर किया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाते हुये अनुशासन, नियमों के पालन तथा खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया। उन्होंने चार सौ मीटर बालक एवं बालिका दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं की औपचारिक शुरुआत की।इस दौरान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों मोहित, प्रतीक्षा प्रथम , अमन, दृष्टि द्वितीय तथा अभिषेक, दिशा तृतीय को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट ने उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये अत्यंत आवश्यक हैं और जीवन में अनुशासन, नेतृत्व व टीम भावना का विकास करते हैं।प्रतियोगिता के प्रथम दिवस बालीबॉल, कबड्डी, खो खो, दौड़, विशेष योग प्रदर्शन एवं व्यायाम सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिनमें बच्चों ने उत्साह, जोश और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।बालीबाल बालिका वर्ग में जगदीशपुर विजेता तथा भेंटुआ उपविजेता रहा।वहीं पी.टी. प्रतियोगिता में भादर विजेता एवं जगदीशपुर उपविजेता बना।खेल प्रतियोगिताओं का सफल संचालन जिला व्यायाम शिक्षक संदीप कुमार सिंह एवं रमेश सिंह के नेतृत्व में विभिन्न ब्लॉकों के व्यायाम शिक्षकों एवं खेल अनुदेशकों द्वारा किया गया जिन्होंने निर्णायक की भूमिका



निभाते हुए आयोजन को सफल बनाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने मुख्य अतिथि जिला अधिकारी संजय चौहान, विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, पूजा सिंह,राकेश सचान, डॉ. संतोष कुमार यादव, राम किशुन कश्यप,शिव कुमार यादव, शशांक मिश्रा, सतीश सिंह, सोभनाथ राम, ललित, शैलेंद्र शुक्ल सहित जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला,धीरेंद्र प्रताप सिंह बघेल, अब्दुल रसीद, धीरेंद्र बघेल, महेंद्र मिश्रा, दिलीप सिंह, आनंद शुक्ला, सत्येंद्र कुमार तिवारी, आलोक तिवारी, ओंकार पाण्डेय,आरती सिंह, सुभाष, रामचंद्र राजेंद्र सिंह,राकेश तिवारी, अजय सिंह, प्रमोद तिवारी, अमन अभिषेक, सत्येंद्र सिंह, जी बी सिंह,प्रेमचंद यादव सहित बड़ी संख्या में खेल शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की कार्यशाला हुई सम्पन्न

## नव चयनित ईसीसीई एजुकेटरों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

## शिक्षा की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु बीएसए रौशनी सिंह ने वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।समग्र शिक्षा अभियान के तहत गांधी प्रेक्षाग्रह में सोमवार को शिक्षा अधिकार अधिनियम की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने किया। कार्यशाला में जनपद के मान्यता प्राप्त सीबीएसई बोर्ड शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला संबोधित करते हुए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को नई दिशा दी है। सरकार की अनेक ऐसी योजनाएं हैं। जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने नव चयनित ईसीसीई एजुकेटर को बधाई देते हुये कहा कि आप लोग निष्ठा पूर्वक समाज को नई दिशा देने का कार्य करें। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत सभी को निःशुल्क शिक्षा देने का सरकार का संकल्प है। गरीब बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों में प्रवेश कराकर शिक्षित किए जाने का काम किया जा रहा है। अलाभित परिवारों के नौनिहालों को सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था की विशेष सुविधा दी जा रही है। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में स्कूली बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की योजनाओं के प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर परिषदीय स्कूलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर ईसीसीई एजुकेटर सिलेक्टेड 90 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीएसए रोशनी सिंह ने कहा की शिक्षा की अलख समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचे इसके लिए विभाग प्रयासरत है। सभी का आभार व्यक्त करते हुए योजना का लाभ बच्चों को दिलाने के निर्देश प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों को दिए।इस अवसर पर ललौरीखेड़ा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लॉक की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, सचिन कुमार चैधरी, जिला व्यायाम शिक्षक , के के सागर,अजय कुमार,नीरजा शुक्ला,सईदा, डॉली सिंह,यशिका शर्मा, अंजलि गंगवार,स्पेशल एजुकेटर रामदास,संजीव मिश्रा,पंकज गंगवार,पवन अग्रवाल सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# एपी इण्टर कालेज मे फ़ैयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन छात्राओं ने मचाई धूम, सीनियर को रंगारंग दी विदाई

## सफलता के लिए लक्ष्य तय करना और निरंतर मेहनत करना आवश्यक : प्रबंधक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर के रामलीला मैदान के पास स्थित आर्य पाठशाला इण्टर कालेज में सोमबार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया हैं।जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी और उनके लिए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए छात्रों के लिए विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए सजावट की गई छात्रों ने नाटक, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह भर दिया जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की अतिथियों ने अपने विचार रखे और उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों और शिक्षकों के तिलक स्वागत से हुई इसके बाद पहुंचे अतिथियों को विशेष दल ने रिसीव किया और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल शर्मा ने छात्रों से कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि जीवन के एक नए युग की शुरुआत है आधुनिक दौर में आपका परिश्रम ही आपको सफलता दिलाएगा कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर निरंजन सिंह ने कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य तय करना और निरंतर मेहनत करना आवश्यक है सोशल मीडिया के दौर में मेहनत के जरिए अपनी प्रतिभा साबित करने पर जोर दिया अनुशासन को जीवन की सबसे बड़ी ताकत बताया, जो सफलता की ओर ले जाती है छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। विदाई समारोह में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य राजपाल शर्मा, वरिष्ट शिक्षिका गिरिजा शर्मा, धीरेंद्र पाल सिंह, विजय शर्मा, गौरव सिंह सहित समस्त स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे हैं।

## कांग्रेस तिलोई विधानसभा क्षेत्र में तेरह फरवरी से शुरु करेगी पदयात्रा

अमेठी । मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को सफल बनाने के लिये अमेठी के राजीव गांधी सभागार में कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें चालीस सदस्यीय टीम के साथ जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, फ्रंटल संगठनों, विभागों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में तेरह फरवरी को प्रस्तावित पन्द्रह किलोमीटर लम्बी पदयात्रा की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। यह पदयात्रा तिलोई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जायेगी जिसमें गांव गांव जाकर मनरेगा के मुददे पर जन जागरूकता फैलाई जायेगी।पदयात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों में चौपालें, बाजार-हाट में नुक्कड़ सभाएं तथा जिला एवं तहसील मुख्यालय पर समापन कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।पदयात्रा का रूट चार्ट लगभग तैयार कर लिया गया है।पदयात्रा तिलोई विधानसभा क्षेत्र के अहोरवा भवानी से प्रारम्भ होगी। यह पदयात्रा शिव रिसॉर्ट पनहौना, जयनगरा, फत्तेपुर, इसलामगंज होते हुये मेडिकल कालेज के मार्ग से तिलोई पहुंचेगी।इसके बाद पदयात्रा का समापन मोहनगंज में किया जायेगा।जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर कर रही है।बैठक में मनरेगा प्रभारी रामलखन शुक्ला, प्रवक्ता अनिल सिंह, महिला जिला अध्यक्ष ममता पाण्डेय, युवक कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष सुमित तिवारी, अल्पसंख्यक प्रभारी सैयद, विधानसभा प्रभारी अशोक शुक्ला, सवेश सिंह, अजहरुल हक, सुनील सिंह सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## अमेठी में रिश्तों को मजबूत कर रही खाकी

अमेठी,जनपद में महिला थाना पुलिस इन दिनों कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से एक विवाहित जोड़ा पुनः साथ रहने को राजी हुआ है।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत सोमवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुये पति पत्नी को साथ रहने के लिये समझाया गया जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया।अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## ब्लॉक सभागार में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

पूरनपुर। ब्लॉक सभागार मे सोमवार को मिशन वात्सल्य अंतर्गत महिला कल्याण विभाग ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई इसमें संबंधित योजनाओं के प्रचार प्रसार पर विशेष जोर दिया गया समिति के सदस्यों ने बाल संरक्षण सेवाओं के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश का निर्माण, उचित पालन पोषण, बच्चों को हिंसा व दुव्र्यवहार से बचाने, बाल विवाह की रोकथाम सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा योजना के प्रसार प्रसार के साथ सुरक्षा संबंधित हेल्पलाइन की जानकारी भी लोगों को देने पर जोर दिया गया खंड विकास अधिकारी ने कहा कि समिति के सदस्य आपसी समंवय से कार्य करें योजनाओं के प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान दें, जिससे उद्देश्य की पूर्ति हो सके महिला कल्याण एवं बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा कि महिला कल्याण एवं बाल संरक्षण से संबंधित सभी योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाना है महिला कल्याण विभाग के तरफ से चल रही योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल श्रम, बाल विवाह की रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, तथा चाइल्ड लाइन 1098, एवं महिला हेल्प लाइन नम्बर 181 के बारे में सभी की जागरूकता आवश्यक है बैठक मे बाल विकास विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी और इसके क्रियान्वयन के प्रति दृढं संकल्पता जताई इस बीच विभिन्न विभागों को उनकी जिम्मेदारियां भी बताई गई और उसके निर्वाहन पर जोर दिया गया इस मौके पर महिला बाल कल्याण अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि निर्विकार सिंह उर्फ अप्रूव, चिकित्सा अधिकारी मनीष राज, प्रधान नरेश सिंह सहित कई लोग मौके पर मौजूद रहे।

# नंदी व भगवान कार्तिकेय की मूर्ति स्थापना से पूर्व भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुलतानपुर। तहसील बल्दीराय अंतर्गत स्थानीय कस्बे में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में नंदी एवं भगवान कार्तिकेय की मूर्ति स्थापना के पावन अवसर से पूर्व भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में कस्बा बल्दीराय के सैकड़ों महिलाऽपुरुष पीले वस्त्र धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए। यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे की विभिन्न गलियों से होते हुए मुसाफिरखानाऽदेवरा मार्ग के रास्ते कई स्थानों से गुजरती हुई ग्राम निदुरा स्थित गौरी शंकर धाम पहुंची। गौरी शंकर धाम पहुंचने पर धाम के संरक्षक योगी ओंकार अग्निवंशी ने नंदी एवं भगवान कार्तिकेय के दर्शन कर विधिवत आरती उतारी। इस दौरान पूरा गौरी शंकर धाम भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। विधिवत पूजनऽअर्चन के पश्चात शोभा यात्रा पुनः अपने गंतव्य की ओर लौट आई। यात्रा के दौरान धार्मिक धुनों पर भक्त जमकर थिरके और ल्भोले शंकरङ्क के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शोभा यात्रा में मुख्य यजमान जय बहादुर सिंह, केपी सिंह, विजय सिंह, दिलीप सिंह, राजमणि पांडे, अरविंद तिवारी, अशोक सिंह, अरुण सिंह, अग्र दीप अग्रहरि, अनुज अग्रहरि, निशांत, घनश्याम तिवारी कंसराज जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु महिलाऽपुरुष मौजूद रहे।

## नंदरई लकेहटापुल सम्पर्क मार्ग निर्माण में अनियमितता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। विगत वर्षों से जर्जर पड़े लकेहटापुल नंदरई मार्ग का निर्माण कार्य मंडी समिति द्वारा कराया जा रहा है जिसमें संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में व्यापक धांधली की जा रही है।मानक के अनुरूप कार्य न होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।ज्ञात रहे कि लकेहटापुल सम्पर्क मार्ग विगत वर्षों से जर्जर अवस्था में था ।इधर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के मिट्टी ढुलाई के समय सड़क जर्जर हो चुकी थी। लम्बे समय से इस मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा था। सड़क मानक के विपरीत निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग पर कहीं भी तारकोल का प्रयोग मानक के अनुरूप नही किया जा रहा है। सड़क बनते ही उखड़ जा रही है। सड़क पर पहले से मौजूद धूल को हटाया नहीं जा रहा है उसी के ऊपर गिट्टी डालकर सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायत के बाद मंडी समिति के जेई सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण रूकवा दिया गया है।

# चीनी मिल बंद करना सुनियोजित साजिश: अशोक वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पूर्व अध्यक्ष गन्ना विकास परिषद एवं संचालक सहकारी गन्ना विकास समिति सुलतानपुर, एडवोकेट अशोक कुमार वर्मा ने जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल को अचानक बंद करने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे किसानों के गन्ने की पेराई बीच में रोककर चीनी मिल को बेचने की सुनियोजित साजिश करार दिया है। अशोक कुमार वर्मा के अनुसार, चीनी मिल ने बिना किसी पूर्व सूचना, विज्ञापन या नोटिस के पेराई कार्य बंद कर दिया। न तो गन्ना समितियों से कोई नोड्यूज लिया गया और न ही किसानों, गन्ना विभाग के अधिकारियों या समिति पदाधिकारियों को कोई जानकारी दी गई। यह कदम गन्ना खरीद आपूर्ति नियमावली का स्पष्ट उल्लंघन है। अचानक बंदी से हजारों गन्ना किसान प्रभावित हुए हैं। वे अब कम मूल्य पर निजी मिलों या अन्य जगहों पर गन्ना बेचने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्मा ने आरोप लगाया कि मिल की मरम्मत के लिए आए करोड़ों रुपये में बंदरबांट हुई और फंड का अनाप-शनाप खर्च किया गया, जबकि मरम्मत नहीं कराई गई। मिल में इस सत्र में 22 लाख क्विंटल तक गन्ना पेराई की क्षमता थी, लेकिन इसे जानबूझकर रोका गया। उन्होंने बताया कि चीनी मिल की 14 हेक्टेयर कीमती जमीन (लगभग 25-30 लाख विश्वा) आज बाजार में 250 से 300 करोड़ रुपये की है। यही जमीन मुख्य आकर्षण है। पूर्व में बसपा सरकार के समय मिल बेचने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसमें बाजाज ग्रुप, बलराम ग्रुप और जे.पी. ग्रुप जैसे बड़े उद्योगपति इच्छुक थे, लेकिन किसानों, कर्मचारियों के विरोध और हाईकोर्ट में मुकदमों के कारण रुक गई। पूर्व सांसद मेनका गांधी एवं मुख्यमंत्री ने मिल के नवीनीकरण का आश्वासन दिया था, लेकिन वह पूरा नहीं हुआ। वर्मा का कहना है कि मिल को चालू रखने के लिए कुछ हिस्से की जमीन बेचकर ही नवीनीकरण संभव है, लेकिन अब बंद करके किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। अशोक कुमार वर्मा ने मांग की है कि मिल तत्काल चालू की जाए, शेष गन्ने की पेराई सुनिश्चित हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है।

## भारतीय बजरंग दल की पीलीभीत इकाई का गठन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पीलीभीत की बैठक गौहनिया स्थित ब्रह्मदेव स्थल पर हुई सम्पन्न बैठक का कुशल संचालन नगर अध्यक्ष माधोटांडा कुलदीप मिश्रा ने किया बैठक मे मुख्यअतिथि जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने कहा जब तक गाय कटती रहेगी, गौ वंश का खून बहता रहेगा जब तक तब तक रामराज्य स्थापित नहीं हो सकता, पूज्य संतों का सम्मान हो गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कर गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए सरकार बैठक में विशिष्ट अतिथि दीपक बाथम अम्बर मिश्रा गोविंद राणा धर्मेंद्र गजरौला कलां मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता नवीन नगर अध्यक्ष पीलीभीत कुलदीप सिंह ने बैठक में आए समस्त सनातनी भाइयों का आभार व्यक्त किया

बैठक में नगर इकाई पीलीभीत का गठन किया गया जिसमें नगर संरक्षक सत्यम पांडेय नगर अध्यक्ष कुलदीप सिंह नगर महामंत्री अक्षत पांडे गोलू नगर उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा नगर मंत्री श्री पाल वर्मा पंडित निखिल दिनेश आकाश शर्मा प्रियांशु अनमोल सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की सभी नवीन दायित्वान पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाए दी है।

## शेरपुर रोड पर सड़क हादसा, दो युवक घायल, डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर रोड पर सोमवार दोपहर लगभग एक बजे सड़क हादसा हो गया। बिलहरी गांव निवासी देविंदर पुत्र लेखराम और बेदराम पुत्र भूपराम किसी कार्य से जा रहे थे, जैसी ही शेरपुर रोड पर पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही क्राइम इस्पेक्टर अशोक कुमार भी मौके पर पहुंच गए।

## दि किसान सहकारी चीनी मिल पर भाकियू ने भेदभाव का लगाया आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थित दी किसान सहकारी चीनी मिल से किसानों की गन्ने से भरी ट्रालियों को रिजेक्ट बताकर वापस लौटाए जाने का आरोप सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने सोमवार दोपहर लगभग एक बजे यह जानकारी दी।कि कई किसानों का अच्छा और ताजा गन्ना होने के बावजूद मिल प्रबंधन द्वारा ट्रालियां वापस भेजी जा रही हैं। स्वराज सिंह का आरोप है कि दूसरी ओर कुछ सेंटरों से ट्रालियों में भरकर सूखा और खराब गन्ना भी पास किया जा रहा है। इससे न केवल किसानों के साथ अन्याय हो रहा है, बल्कि चीनी मिल की रिकवरी भी प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि इस भेदभावपूर्ण व्यवस्था से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन ने मिल प्रशासन से गन्ना खरीद में पारदर्शिता बरतने की मांग की है।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय चंदोई में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु थानों पर नियुक्त महिला सुरक्षा केंद्र टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर छात्राओं को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए, महिला सम्बन्धी कानूनों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं साइबर अपराधतथा बाल विवाह से बचाव हेतु जागरूक किया गया।टीम ने मरौरी ब्लॉक के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय चंदोई में कार्यक्रम का आयोजन किया है।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून सहित मिशन शक्ति की टीम मौजूद रही है।

## गौ माता पर आधारित फिल्म ल्गोदानङ्क देखने थियेटर पहुँचे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे विधायक पुत्र, चेयरमैन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,जिलाकार्यकरिणी सदस्य ऋतुराज पासवान, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा के कार्यकर्ता ने भारतीय संस्कृति एवं गौ संवर्धन के संदेश पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म ल्गोदानङ्क का अवलोकन करने के लिए पूरनपुर के लविश सिनेमा हाल का दौरा किया फिल्म देखने के उपरांत ऋतुराज पासवान और प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि ल्गोदान केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और मानवीय मूल्यों का सशक्त एवं संवेदनशील चित्रण है उन्होंने कहा कि फिल्म में गौ माता के प्रति प्रेम, त्याग, सेवा और संघर्ष को अत्यंत मार्मिक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी देता है चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता और नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने कहा कि आज की आधुनिकता और भागदौड़ भरी जीवनशैली में हम अपने संस्कारों और परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं ऐसी प्रेरणादायक फिल्मों के माध्यम से समाज को अपनी जड़ों से जुड़ने और भारतीय संस्कृति के महत्व को समझने का अवसर मिलता है उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि क्षेत्रवासियों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे इस फिल्म को अवश्य देखें और भारतीय संस्कृति एवं गौ संरक्षण के संदेश को आत्मसात करें गौ माता की जय के नारे भी लगाये इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## एसपी ने स्टार लगाकर पदोन्नति की दी बधाई

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नति पाकर उपनिरीक्षक से निरीक्षक बनने पर स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी गई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने थाना संग्रामपुर में नियुक्त उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर निरीक्षक बने संजीव कुमार यादव को स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं बताया कि आज से पुलिस विभाग व समाज के प्रति आपका दायित्व एवं कर्तव्य और बढ़ गया है जिसे और जिम्मेदारी के साथ निभाकर अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करना है।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर शिवम वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा निवासी ग्राम शिवरामपुर मजरे सहजीपुर थाना संग्रामपुर उम्र करीब उन्नीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# कांग्रेस की मासिक बैठक में मतदाता सूची और मनरेगा पर मंथन

## 20 किलोमीटर जन-जागरण पदयात्रा निकालने का ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रविवार को कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने की। इसमें ब्लॉक अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, विधानसभा व ब्लॉक प्रभारियों की सहभागिता रही। बैठक में मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों, मनरेगा योजना की वर्तमान स्थिति, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का प्रमुख विषय एसआईआर (ट्त्रट) प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों का मुद्दा रहा। इसके साथ ही मनरेगा के तहत रोजगार के अवसरों में कमी, मजदूरी भुगतान में देरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चर्चा हुई। संगठनात्मक समीक्षा के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि मतदाता सूची की पारदर्शिता लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनके प्रभावी संचालन से ही गरीबों और मजदूरों को राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जनपद में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 20 किलोमीटर की जन-जागरण पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, मजदूरी और काम की उपलब्धता जैसे मुद्दों को जनता के बीच उठाया जाएगा।

तय कार्यक्रम के अनुसार 13 फरवरी को सदर (जयसिंहपुर), कादीपुर और सुल्तानपुर विधानसभा क्षेत्रों में तथा 14 फरवरी को इसौली और लंभुआ विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगभग छह किलोमीटर की पदयात्रा प्रस्तावित है।

बैठक में संगठनात्मक अनुशासन पर भी जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी संगठन की मजबूती का आधार है और पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए।

जिला प्रवक्ता सियाराम त्रिपाठी ने कहा कि कंग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रही है। वहीं जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय गुड्डू और निकलेश सरोज ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में संगठनात्मक एकता, अनुशासन और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष अपरबल सिंह, आवेश अहमद, ममनून आलम, विजय पाल, ओम प्रकाश त्रिपाठी चौटाला, अरुण त्रिपाठी, इश्तियाक अहमद, विभु पांडे, नंदलाल मोर्य, चंद्रभान सिंह, देवेंद्र पांडे, हाजी इरफान, प्रदीप सिंह, जनेश्वर उपाध्याय, राजदेव पाल, मनीष तिवारी, इंद्रकेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# मोदी और कार्नी: एक नए ग्लोबल ऑर्डर के रचयिता

इकोनॉमिक नैशनलिज्म के फिर से उभरने से दुनिया की राजनीति में पुराने रिवाज हिल गए हैं और नियमों पर आधारित इंटरनैशनल ऑर्डर में भरोसा डगमगा गया है। यह सबसे साफ तौर पर डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ वॉर के दौरान दिखा, जिसमें न सिर्फ दुश्मनों को, बल्कि साथियों को भी टारगेट किया गया। भारत, जो कभी अमरीका की इंडो-पैसिफिक पॉलिसी में एक पसंदीदा पार्टनर था और कनाडा, जो एक अच्छा पड़ोसी और समय की कसौटी पर खरा उतरा दोस्त था, दोनों टैरिफ का शिकार हुए। मैसेज साफ था-स्वार्थ से चलने वाली दुनिया में, भरोसेमंद पार्टनर भी अब स्थिरता को हल्के में नहीं ले सकते।इसने मध्यम और उभरते देशों को ग्लोबल सिस्टम में अपनी जगह पर फिर से सोचने पर मजबूर किया। यहीं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और मार्क कार्नी के बताए गए विचार खास अहमियत रखते हैं। साथ मिलकर, अपने कामों और अपने आइडिया के जरिए, वे सहयोग और नियमों के सम्मान पर आधारित एक बैलेंस्ड ग्लोबल ऑर्डर की ओर इशारा करते हैं। दावोस में कार्नी ने समाज के उस हिस्से की आवाज बनकर बात की, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है-डिवैल्प्ड और डिवैल्पिंग दुनिया की 'मिडल पावर्स'। उनकी स्पीच ने बड़े पावर स्ट्रगल और आर्थिक संकटों में फंसे देशों की नाराजगी को साफ तौर पर दिखाया। इससे भी जरूरी बात यह है कि उन्होंने दुनिया को एक नई वोकैबुलरी दी, जिसने डिवैल्प्ड और डिवैल्पिंग देशों के बीच बढ़ते गैप को कम करने और एक सांझा भविष्य की रक्षा करने की सांझी जिम्मेदारी पर जोर दिया। कार्नी का संदेश साफ था-रूल्स-बेस्ड ऑर्डर पर दबाव है लेकिन यह न तो आऊटडेटेड है और न ही रिप्लेसेबल। इसे रिफ्रैश करने की जरूरत है, छोडने की नहीं। इसी ग्लोबल इनस्टेबिलिटी के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी की अप्रोच कम शोर वाली रही लेकिन कम असरदार नहीं। बयानबाजी की बजाय, भारत ने रणनीतिक आर्थिक राजनीति पर फोकस किया। ट्रेड वॉर के एक दौर के बाद, नई दिल्ली ने न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और यूरोपियन यूनियन जैसे पार्टनर्स के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण फ्री ट्रेड एग्रीमैंट्स को तेजी से आगे बढ़ाया है। ये एग्रीमैंट इंटरनैशनल ट्रेड में बहुत जरूरी स्थिरता देते हैं, खुलेपन के लिए भारत की कमिटमैंट दिखाते हैं और इसे ग्लोबल कैपिटल के लिए एक पसंदीदा मार्कीट और गंतव्य बनाते हैं। सप्लाई चेन में रुकावटों और अस्थिर कैपिटल फ्लो के समय में, भारत स्थिरता का एक मजबूत पिल्लर बनकर उभरा है। इन दोनों अप्रोच का कॉम्बिनेशन-कार्नी की आइडियोलॉजिकल दिशा और मोदी का प्रैक्टिकल परफॉर्मैंस-एक मजबूत कम्युनिटी के लिए स्टेज तैयार करता है। मार्च में कार्नी का भारत दौरा, जिसके दौरान एक बड़ी एनर्जी डील होने की संभावना है और कॉमप्रिहैंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमैंट (सी.ई.पी.ए.) पर बातचीत चल रही है, इस कॉम्बिनेशन को दिखाता है। एक स्ट्रक्चर्ड इंडिया-कनाडा फ्री ट्रेड एग्रीमैंट से दोनों देशों को फायदा होगा-एनर्जी को-ऑप्रेशन मजबूत होगा, सप्लाई चेन में डायवर्सिटी आएगी और इन्वैस्टमैंट फ्लो बढ़ेगा। मोटे तौर पर, भारत और कनाडा दुनिया में स्थिरता के केंद्र बन सकते हैं। दोनों ही प्लूरलिस्टिक डैमोक्रेसी हैं, ग्लोबलाइजेशन के लाभार्थी हैं लेकिन इसकी इनइक्वालिटीज के बारे में भी अच्छी तरह जानते हैं। इकोनॉमिकली, डिप्लोमैटिकली और मोरली एक साथ आगे बढ़कर, ये दोनों देश रूल्स-बेस्ड ऑर्डर में भरोसा बनाए रख सकते हैं-एक ऐसा सिस्टम, जो सिर्फ पावरफुल लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। ग्लोबल लीडरशिप अब सिर्फ दबदबे से तय नहीं होती। इसे पुल बनाने, भरोसा फिर से बनाने और तब स्थिरता देने से तय किया जाता है, जब दूसरे देश जीरो-सम सोच की ओर मुड़ जाते हैं।

# त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी केन्द्रीय बजट

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संसद में पेश किया गया बजट देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी बजट है। इस बजट में समाहित प्रस्तावों में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने और उसे निरन्तर बनाये रखने पर जोर दिया गया है। साथ ही, लोककल्याण के लिए बजट प्रस्तावों पर भी पर्याप्त बल दिया गया है। वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्तव्यों को उजागर किया। ये हैं : अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के प्रति लचीलेपन में वृद्धि करते हुए आर्थिक विकास को गति प्रदान करना और उसे बनाये रखना; (ii) जन आकाँक्षाओं की पूर्ति और उनकी क्षमताओं का वर्द्धन करना एवं (iii) देश के प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और वर्ग तक संसाधनों, सुविधाओं तथा अवसरों की पहुंच को सुनिश्चित करना। इस तरह ये कर्तव्य मोदी सरकार की सर्वसमावेशी एवं पोषणीय विकास की रणनीति को सुस्पष्ट रूप में परिभाषित करते हैं। ध्यातव्य है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के केन्द्र में एक ओर आर्थिक संवृद्धि की गति को तेज करना रहा है वहीं दूसरी तरफ सापेक्षतया वंचित लोगों एवं क्षेत्रों को उन?की क्षमता व सामर्थ्य को बढ़ाते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना रहा है। इस दृष्टि से यह कहना समीचीन है कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का ध्येय वाक्य लोकनीतियों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन का नाभिकेन्द्र रहा है। इसमें आर्थिक समृद्धि एवं लोककल्याण में वृद्धि स्वतः विहित रहे हैं। मोदी सरकार द्वारा संरचनात्मक आर्थिक सुधारों का मूल विचार 'रिफार्म, परफार्म व ट्रॉन्सफार्म' रहा है। इस बजट में भी, बजट प्रावधानों को अधिक परिणामोन्मुखी बनाने के लिए सुधारों के क्रम को जारी रखा गया है। 'विकसित भारत' के महालक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस बजट में कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र, एमएसएमई, ओडीओपी, रिन्यूबल व न्यूक्लियर एनर्जी, सेमिकंडक्टर, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स, जलमार्ग व रेल विकास, डिकार्बनाइजेशन, निर्यात संवर्द्धन, रक्षा क्षेत्र इत्यादि संभावनापूर्ण क्षेत्रों एवं तत्सम्बन्धी क्रियाओं के संवर्द्धन व विकास के लिए वित्तमंत्री द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित आवंटन किए गये हैं। साथ ही, मानव पूँजी के निर्माण से सम्बन्धित क्षेत्रों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला, युवा और दिव्यांग सशक्तीकरण पर पर्याप्त बल दिया गया है। वस्तुतः मानव पूँजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी। वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है। हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरन्तर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबन्धन सम्बन्धी निष्पादन श्लाधनीय रहा है। वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.7 प्रतिशत; 2022-24 में 6.5 प्रतिशत 2023-24 में 5.5 प्रतिशत; 2024-25 में 4.8 प्रतिशत एवं 2025-26 में 4.4 प्रतिशत था। इसे 2026-27 के बजट में कम करके 4.3 प्रतिशत पर रख गया है। ये प्रवृत्तियाँ राजकोषीय व्यवस्था की मजबूती की परिचायक हैं। मोदी सरकार की राजकोषीय प्रवीणता एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन का ही परिणाम है कि जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा निरन्तर घटा है। साथ ही, वित्तमंत्री इस बात में भी सफल रही हैं कि उन्होंने इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष केन्द्र सरकार के ऋण को 55.6 प्रतिशत पर रखा है। यह वर्ष 2025-26 के लिए 56.1 प्रतिशत रखा गया था। साथ ही, इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष राजस्व घाटा एवं प्राथमिक घाटा में भी कमी आई है। घटते घाटे एवं ऋण से निजी पूँजी निवेश में वृद्धि होगी। इस बजट में, राजस्व में सतत वृद्धि; पूँजीगत व्यय में वृद्धि और राजकोषीय पारदर्शिता में सुधार के संकेतकों से भी देश की राजकोषीय सुदृढ़ता की पुष्टि होती है। पूँजीगत खर्च के जरिये अवस्थापना क्षेत्र के विकास ने विकास को तेज करने और रोजगार को बढ़ाने में उल्लेखनीय तौर पर योगदान दिया है। इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास में धमनियों का कार्य करता है। इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर मोदी सरकार द्वारा किया गया निवेश लगातार विकास का इंजन बना हुआ है। एक ओर जहाँ केन्द्र सरकार स्वयं पूंजीगत व्यय को बढ़ा रही है; वहीं दूसरी ओर राज्य सरकारों को भी अनुदान व ऋण देकर उनके पूँजीगत खर्च को बढ़ाने में मदद कर रही है। वर्ष 2025-26 की तुलना में 2026-27 के बजट में पूँजीगत आवंटन में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि राज्यों को दी जाने वाली अनुदान राशि को भी जोड़ लिया जाय तब प्रभावी पूँजीगत व्यय की वृद्धि 22 प्रतिशत बैठती है। इस तरह मोदी सरकार की यह विचारणा सुस्पष्ट होती है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती आर्थिक उन्नति का मूलाधार है। इस बजट में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों क्षेत्रों में पूँजीगत व्यय की वृद्धि दरें इस तरह हैं: टेलीकॉम 97 प्रतिशत; रक्षा 18 प्रतिशत; रेलवे 10 प्रतिशत; सड़क व हाईवे 8 प्रतिशत एवं आवास व नगरीय विकास 6 प्रतिशत। ये तथ्य यह भी दर्शाते हैं कि बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से अब विकासगामी क्रियाओं के लिए अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं। जीडीपी के सापेक्ष सरकारी ऋण भार को घटाकर 2030-31 तक 50 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। स्पष्ट है कि इससे आगामी वर्षों में अवस्थापना के विकास के लिए और अधिक 'फिस्कल स्पेस' मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पूँजीगत व्यय में मोदी सरकार द्वारा की गई वृद्धि से आय में तो कई गुना वृद्धि होती ही है, इससे रोजगार में भी उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि होती है। इस बजट में छोटे, मझोले एवं धार्मिक नगरों के विकास के लिए भी प्रावधान किए गये हैं। नगरीय क्षेत्रों में जन सुविधाओं के बेहतर विकास से जनजीवन सुगम व स्वस्थ होगा। साथ ही, इसके विकास से कारोबार सुगम होगा, इसमें वृद्धि होगी। धार्मिक व साँस्कृतिक स्थलों के उन्नयन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा देश-विदेश से पर्यटकों की आवाजाही से आर्थिकी सशक्त होगी। इस बजट में हास्पिटेलिटी तथा हेल्थ टूरिज्म से भी लोगों की आजीविका के स्रोतों में वृद्धि, रेल एवं जलमार्गों के विकास एवं अपग्रेडेशन से लाजिस्टिक्स की लागतें घटेंगी। इससे व्यापार में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और अर्थव्यवस्था की स्पर्धात्मकता में वृद्धि से निर्यात-प्रेरित निवेश होगा। इस बात का उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इस बजट में अवस्थापना क्षेत्र के विकास के लिए 12.20 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। यह एक बड़ी धन?राशि है। इससे विकास की गति को तेज करने तथा रोजगार को बढ़ाने में महती सहायता मिलेगी। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के अन्तर्गत इस बजट में 40 हजार करोड़ रुपये रखे गये हैं। इसके अतिरिक्त जिन 7 रोजगारपरक क्षेत्रों को समावेशित किया गया है वे हैं: बायो फार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेन्टस, रेयर अर्थ, रसायन, पूँजीगत वस्तुएँ और टेक्सटाइल्स। इनसे मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की संवृद्धि बढ़ेगी। वस्तुतः, ये अर्थव्यवस्था के उदीयमान क्षेत्र हैं और इनमें उत्पादन, रोज?गार व निर्यात की प्रचुर संभावनाएं हैं। इसके अलावा बजट में लघु एवं मध्यम उद्योगों को चैंपियन बनाने के निर्णय से भी इस क्षेत्र का विकास तेज होगा। आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एमएसएमई, ओडीओपी तथा खादी क्षेत्र की भूमिका महती स्थान रखती है। रक्षा व्यय में वृद्धि; विशेष तौर पर पूँजीगत व्यय में वृद्धि से भी रक्षा मामले में हमारी आत्म-निर्भरता बढ़ेगी और रक्षा सामग्री का निर्यात बढ़ेगा। कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस बजट में जो प्रावधान किये गये हैं उनसे कृषि एवं गैर-कृषि क्रियाओं के पारस्परिक आर्थिक सम्बन्धों को ताकत मिलेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी। कृषि के वाणिज्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय में वृद्धि होगी। किसानों, युवाओं एवं महिलाओं को उद्यमी बनाने का परिणाम होगा कि स्थानीय स्तर पर आजीविका के स्रोतों का विस्तार होगा। इससे गाँवों से नगरों को होने वाला पलायन भी रुकेगा। पशु चिकित्सा के लिए बजट में की गयी व्यवस्था से पशुधन में संवर्द्धन होगा। इससे गो आधारित प्राकृतिक कृषि के विस्तार में भी सहायता मिलेगी। इस बजट को यदि समग्र रूप से देखें तो यही निष्कर्ष निकलता है कि यह बजट भारत की घरेलू क्षमता का समुचित उपयोग करते हुए त्वरित आर्थिक विकास एवं लोककल्याण में वृद्धि को समर्पित है। **-डॉ. महेन्द्र सिंह**

**मोदी सरकार द्वारा संरचनात्मक आर्थिक सुधारों का मूल विचार 'रिफार्म, परफार्म व ट्रॉन्सफार्म' रहा है। इस बजट में भी, बजट प्रावधानों को अधिक परिणामोन्मुखी बनाने के लिए सुधारों के क्रम को जारी रखा गया है। 'विकसित भारत' के महालक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस बजट में कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र, एमएसएमई, ओडीओपी, रिन्यूबल व न्यूक्लियर एनर्जी, सेमिकंडक्टर, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स, जलमार्ग व रेल विकास, डिकार्बनाइजेशन, निर्यात संवर्द्धन, रक्षा क्षेत्र इत्यादि संभावनापूर्ण क्षेत्रों एवं तत्सम्बन्धी क्रियाओं के संवर्द्धन व विकास के लिए वित्तमंत्री द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित आवंटन किए गये हैं। साथ ही, मानव पूँजी के निर्माण से सम्बन्धित क्षेत्रों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला, युवा और दिव्यांग सशक्तीकरण पर पर्याप्त बल दिया गया है। वस्तुतः मानव पूँजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी। वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है। हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरन्तर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबन्धन सम्बन्धी निष्पादन श्लाधनीय रहा है। वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.7 प्रतिशत; 2022-24 में 6.5 प्रतिशत 2023-24 में 5.5 प्रतिशत; 2024-25 में 4.8 प्रतिशत एवं 2025-26 में 4.4 प्रतिशत था।**

# पोषण सुरक्षा और टिकाऊ कृषि का प्रभावी साधन हैं दालें

विश्व दलहन दिवस पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

हर साल 10 फरवरी को मनाया जाने वाला 'विश्व दलहन दिवस' हमें यह सोचने का अवसर देता है कि जिन दालों को हम रोजमर्रा के भोजन का साधारण हिस्सा मान लेते हैं, वे वास्तव में मानव सभ्यता और प्रकृति के बीच संतुलन की एक गहरी कड़ी हैं। खेतों से लेकर थाली तक की यह यात्रा केवल भोजन भर की नहीं है बल्कि इसमें पोषण, पर्यावरण, कृषि और भविष्य की खाद्य सुरक्षा के सूत्र छिपे हैं। वर्ष 2026 की आधिकारिक थीम 'विश्व की दलहनः सादगी से उत्कृष्टता की ओर' इसी सच्चाई को रेखांकित करती है कि छोटे से दिखने वाले बीज किस तरह वैश्विक समाधान बनकर उभर रहे हैं। यह दिवस खाद्य एवं कृषि संगठन के नेतृत्व में विश्वभर में मनाया जाता है। दिसंबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिवस की घोषणा के बाद से 2019 से यह निरंतर मनाया जा रहा है। इसकी प्रेरणा 2016 में मनाए गए अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष से मिली थी, जिसने पहली बार वैश्विक मंच पर यह स्पष्ट किया कि दालें केवल पारंपरिक भोजन नहीं, पोषण सुरक्षा और टिकाऊ कृषि का प्रभावी साधन हैं। दलहन, यानी फलीदार पौधों से प्राप्त सूखे और खाने योग्य बीज, सदियों से मानव आहार का आधार रहे हैं। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में ये भोजन की रीढ़ रहे जबकि आधुनिक समय तक कुछ क्षेत्रों में इन्हें साधारण या कम मूल्य वाला भोजन समझा गया लेकिन पोषण विज्ञान ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। आज यह स्वीकार किया जा चुका है कि दालें उच्च गुणवत्ता वाले पौध-आधारित प्रोटीन का उत्कृष्ट स्रोत हैं। इनके साथ मिलने वाला आहार फाइबर पाचन को बेहतर बनाता है, रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है और हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। आयरन, जिंक, फोलेट, मैग्नीशियम और बी-विटामिन्स जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व इन्हें हर आयु वर्ग के लिए उपयोगी बनाते हैं। कम वसा और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण ये आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के विरुद्ध प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। पर्यावरण की दृष्टि से दालों का महत्व और भी व्यापक है। इनमें मिट्टी में वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करने की प्राकृतिक क्षमता होती है, जिससे खेतों की उर्वरता बढ़ती है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है। अन्य फसलों की तुलना में इन्हें कम पानी की जरूरत पड़ती है और इनका कार्बन फुट प्रिंट भी कम होता है। यही कारण है कि बदलते जलवायु परिदृश्य में दलहन को जलवायु-अनुकूल और भविष्य की फसल माना जा रहा है। सीमित संसाधनों और अनिश्चित मौसम के दौर में ये फसलें किसानों और पर्यावरण दोनों के लिए भरोसेमंद विकल्प बनती जा रही हैं। वैश्विक खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में भी दलहन की भूमिका निर्णायक है। तेजी से बढ़ती आबादी, कुपोषण और जलवायु अस्थिरता के बीच दालें सस्ती, सुलभ और पोषण से भरपूर समाधान प्रस्तुत करती हैं। भूख मुक्त समाज, बेहतर स्वास्थ्य और टिकाऊ विकास जैसे वैश्विक लक्ष्यों को हासिल करने में इनका योगदान प्रत्यक्ष और प्रभावी है। भारत में विश्व दलहन दिवस का महत्व केवल एक वैश्विक तिथि तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह देश की कृषि परंपरा, पोषण दृष्टि और सांस्कृतिक चेतना से गहराई से जुड़ जाता है। भारत न केवल विश्व के प्रमुख दलहन उत्पादक और उपभोक्ताओं में अग्रणी है बल्कि यहां की खाद्य संस्कृति में दाल को संतुलित आहार की आत्मा माना गया है। दाल-चावल, दाल-रोटी और खिचड़ी जैसे सरल, सुलभ और पौष्टिक भोजन सदियों से भारतीय समाज में स्वास्थ्य, सादगी और सहजीवन के प्रतीक रहे हैं। दलहन केवल थाली की शोभा नहीं बल्कि पोषण सुरक्षा की मजबूत आधारशिला हैं। इनमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, खनिज और सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कुपोषण से लड़ने और स्वास्थ्य सुधारने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। विशेषकर शाकाहारी आबादी के लिए दालें सस्ती, टिकाऊ और भरोसेमंद प्रोटीन स्रोत हैं। कुल मिलाकर, यह दिवस किसानों के लिए भी नई संभावनाओं का द्वार खोलता है। दलहन आधारित फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, नाइट्रोजन स्थिरीकरण के कारण रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। परिणामस्वरूप किसानों की लागत कम होती है और आय में स्थिरता आती है।

## सेहत मंत्र

# लगातार थकान और बार-बार बुखार को न करें नजरअंदाज

लगातार थकान, कमजोरी या बार-बार बुखार आने को अक्सर लोग बदलती लाइफस्टाइल या मौसम का असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो ये लक्षण कभी-कभी ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के शुरुआती संकेत भी हो सकते हैं। ऐसे में समय रहते इन चेतावनी संकेतों को पहचानना और जांच कराना इलाज की सफलता के लिए बेहद जरूरी होता है। ब्लड कैंसर आमतौर पर अचानक तेज लक्षणों के साथ सामने नहीं आता। यह धीरे-धीरे शरीर के अंदर असर डालता है। ल्यूकेमिया, लिंफोमा और मल्टीपल मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर बोन मैरो में शुरू होते हैं, जहां खून की कोशिकाएं बनती हैं। समय के साथ ये शरीर की सामान्य कार्यक्षमता को प्रभावित करने लगते हैं। डॉक्टर के अनुसार, अगर ब्लड कैंसर की पहचान शुरुआती स्टेज में हो जाए, तो इलाज काफी हद तक आसान हो जाता है। समय रहते बीमारी पकड़ में आने से इलाज की सफलता बढ़ती है और ब्लड स्टेम सेल ट्रांसप्लांट जैसे अहम विकल्पों की संभावना भी मजबूत होती है। जैसी समस्याएं बनी रहें, तो यह चेतावनी संकेत हो सकता है। डॉक्टर बताते हैं कि ब्लड कैंसर में शरीर पर्याप्त स्वस्थ रेड ब्लड सेल्स नहीं बना पाता, जिससे एनीमिया हो जाता है और इसी कारण अत्यधिक थकान महसूस होती है। देखने को मिले, तो यह दर्शाता है कि शरीर की व्हाइट ब्लड सेल्स सही तरह से काम नहीं कर पा रही हैं। नाक या मसूड़ों से खून आना, हल्की चोट में भी ज्यादा नीला पड़ जाना या त्वचा पर छोटे-छोटे लाल या बैंगनी दाग दिखना प्लेटलेट्स की कमी का संकेत हो सकता है। ल्यूकेमिया में ये लक्षण आम हैं, लेकिन अधिकतर लोग इन्हें मामूली समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। ब्लड कैंसर के कई मामलों में ब्लड स्टेम सेल ट्रांसप्लांट एक प्रभावी इलाज माना जाता है। इसमें खराब बोन मैरो की जगह स्वस्थ स्टेम सेल्स दी जाती हैं, जिससे नया खून और मजबूत इम्यून सिस्टम तैयार होता है।

## धर्म मंत्र

# अगर आप चाहते हैं आध्यात्मिक विकास

जीवन में हर इंसान एक विशेष उम्र के बाद अध्यात्म से जुड़ता चला जाता है। तब उसे खुशी,ठहराव, शांति चाहिए। इन चीजों को ढूंढ़ने के लिए वह अध्यात्म का सहारा लेता है। जैसे आध्यात्मिक किताबों का पढ़ना, प्रवचन सुनना, मेडिटेशन करना या किसी धार्मिक संस्था से जुड़ाव कर लेता है ताकि उसका आध्यात्मिक विकास हो और तेरी मेरी से दूर अपनी अलग दुनियां में विचरण करे। गलती तो सबसे होती है। अगर दूसरे ने कोई गलती की है तो उसे बिना किसी शर्त के माफ करें। उसे गले लगाएं और पुनः उसकी गलतियों पर प्रकाश न डालें। बस उसे ऐसे ही माफ कर दें। अगर इंसान गलती को बार बार न दोहराए तो भगवान भी उसे माफ कर देते हैं। अगर आप उसे माफ कर दें पर उसकी गलती को भूले नहीं तो यह माफी नहीं होगी। माफ कर उसकी गलतियों को भूलना ही दिल से माफ करना है। दूसरों की तारीफ करना एक कला हे। जब आप दूसरों की तारीफ दिल से करते हैं तो ब्रह्मांड का हर हिस्सा आपकी तारीफ करता है। जैसे मां-बेटी तो एक दूसरे की तारीफ करते नहीं थकते, उसी प्रकार सास-बहू भी एक दूसरे की तारीफ करें तो सारा माहौल खुशनुमा रहेगा। अध्यापक छात्रा की और छात्रा अध्यापक की तारीफ करें तो पढ़ने का माहौल ही कुछ और होगा। पड़ोसी पड़ोसी की तारीफ करे तो वातावरण खुशनुमा हो जाएगा और ब्रह्यांड खुशियों को कई गुना कर वापिस माहौल में भेजेगा। अगर आप किसी की मदद कर सकते हैं तो बिना संकोच के मदद करें। मदद करने के लिए किसी कारण को नहीं खोजें, बस मदद इसलिए करें कि सामने वाले को मदद की जरूरत है।

## पर्यटन



# प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है सरलपारा गांव

जब भी नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले असम का नाम लेते हैं। यह एक खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है। असम पूर्वोत्तर भारत में स्थित प्राकृतिक सुंदरता, चाय बागानों और जैवविविधता का खजाना है। असम बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। असम राज्य गुवाहाटी और कामाख्या मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फ़ेमस है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको असम के चाय बागानों के बीच में स्थित सरलपारा के बारे में बताने जा रहे हैं। असम के कोकराझार जिले में सरलपारा पड़ता है। यह कोकराझार मुख्य शहर से करीब 56 किमी दूर है। यह असम की एक ऐसी जगह है, जो भूटान की सीमा के पास स्थित है। यह जगह पर्यटकों के बीच खासी लोकप्रिय है। सरलपारा गुवाहाटी से करीब 237 किमी दूर है। वहीं बोंगाईगांव से करीब 58 किमी और पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से करीब 122 किमी की दूरी पर है। भूटान सीमा के पास में स्थित सरलपारा असम का सबसे फ़ेमस और खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़, झरना और घाटियां खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती हैं। यहां पर आसपास कई खूबसूरत चाय के बागान भी हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यह जगह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा अपने लुभावने सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए भी फ़ेमस है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। यहां पर मौजूद घास के मैदान और मैदान के बीच बहने वाली नदी पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं। सरलपारा में आपको कई किस्म के फूल भी देखने को मिलेंगे। सरलपारा पर्यटकों के बीच पिकनिक स्पॉट के रूप में फ़ेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि असम के दूर-दराज परिवार के साथ भी पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। वहीं वीकेंड पर भारी संख्या में लोग फैमिली के साथ आते हैं।

# मानव जीवन का सार श्रीमद् भागवत कथा : साकेंद्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। बड्डूपुर अंचल स्थित मूर्त स्वामी आश्रम पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश से हुआ। कलश यात्रा में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कलश धारण कर यात्रा में सम्मिलित हुए और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। बड्डूपुर स्थित प्रगेश्वर महादेव मंदिर से जल भरकर यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष सम्मिलित हुए। महिलाएं सिर पर कलश रखकर पूरे कस्बे एवं आसपास क्षेत्र का भ्रमण करती हुई कार्यक्रम स्थल मूर्त स्वामी आश्रम पहुंचीं।इस अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि बड्डूपुर सदैव सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य जीवन का सार है। श्रीमद्भागवत कथा 15 फरवरी तक चलेगी।

कार्यक्रम में शिव प्रताप सिंह, मनोज सिंह, ए.के. पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हनुमंत महायज्ञ, मुख्यमंत्री योगी का आगमन आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। दुल्हादेपुर कुटी 1008 बाबा हरिशंकर दास जी महाराज आश्रम प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय हनुमंत विराट महायज्ञ एवं रामार्चा महायज्ञ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज मंगलवार 10 फरवरी को सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में है। सोमवार को सुबह अयोध्या आयुक्त राजेश कुमार व आईजी सोमेन वर्मा ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उनके साथ प्रशासनिक अम्ल उपस्थित रहा।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मंच, पंडाल, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को दिए। यज्ञ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के कई प्रमुख संत-महंत



और धर्माचार्य भी मंच साझा करेंगे। आयोजकों के अनुसार, मंच पर राजनीतिक हस्तियों के साथ-साथ प्रदेश के प्रतिष्ठित संत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन भी प्रस्तावित है।खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, भाजपा के पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी और जिला अध्यक्ष सहित कई भाजपा कार्यकर्ता भी कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने

### प्रशासनिक तैयारी पूर्ण ,काले कपड़े, प्रतिबंधित

### चप्पे चप्पे पर पुलिस मुस्तैद

तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के आयोजक बाबा बलराम दास जी महाराज ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ कई साधु-संत भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।सुरक्षा



व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर तैनात सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारियों को ब्रीफ किया। उन्हें अपने-अपने तैनाती स्थलों पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा संबंधी रिहर्सल भी किया गया। कार्यक्रम में काले कपड़े पहनकर जाने पर प्रतिबंध रहेगा। क्योंकि काले झंडे पर प्रतिबंध लागू है। बदोसराय-टिकैतनगर मार्ग को कार्यक्रम स्थल के कारण डायवर्ट किया गया है। यातायात सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों को भी चिन्हित किया जा रहा।

# उच्च शिक्षा व्यवस्था हो मजबूत, सौपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर, बाराबंकी। देश की को मजबूत बनाए रखने की मांग को लेकर विद्यार्थियों और नागरिकों ने एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से भारत की राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।ज्ञापन में कहा गया कि भारत में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, समाख्ता और मानकों को बनाए रखने वाली एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है। यह देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को मान्यता, अनुदान, शोध के अवसर तथा छात्रवृत्तियां प्रदान करती है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलता है और देश का शैक्षणिक भविष्य शुद्ध होता है। विद्यार्थियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के प्रस्तावित परिवर्तनों से उच्च शिक्षा में भूमिका कमजोर होने की आशंका है। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसी किसी भी व्यवस्था से बया जाए जिससे आयोग की स्वायत्तता और प्रभावशीलता प्रभावित हो। इसके बजाय, शिक्षा की गुणवता और उसकी पहुंच समान रूप से बनी रहे, इसके तिए ठव्ब्ए को और अधिक मजबूत किया जाना चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आज भी अनेक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के साथ जातिगत भेदभाव की घटनाएं सामने आ रही हैं। कुछ मामलों में यह स्थिति आत्महत्या जैसे गंभीर कटों

तक पहुंच चुकी है। विद्यार्थियों ने ठव्ब्ए अधिनियम के नए नियमों को शीघ्र लागू कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस उद्देश्य से विद्यार्थियों और नागरिकों द्वारा एक शांतिपूर्ण, अनुशासित और अहिंसक रैली भी आयोजित की गई। अंत में राष्ट्रपति से ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उच्च शिक्षा में उचित कदम उठाने का अनुरोध किया गया।

इस दौरान आदर्श पटेल, अनमोल वर्मा, विजय बहादुर वर्मा, दीपक वर्मा, मोहम्मद सद्दाम और इंद्रजीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वैदिक रीति से कलश स्थापना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। कस्बा रामनगर के भुईयां माता मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना का कार्यक्रम परंपरा अनुसार वैदिक रीति से पूर्ण हुआ।नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश की स्थापना की।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस पूजा में नगर के सभासद व गणमान्य लोग हर्षपूर्वक शामिल रहे।

# आमने–सामने बाइक भिड़ी दो की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र के सैदनपुर गांव में सोमवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हुई। मृतको की पहचान बदरुल निशा (60 वर्ष), पत्नी अतहर अली, निवासी रामपुर भवानीपुर, थाना सफदरगंज और आकाश कुमार वर्मा (26 वर्ष), पुत्र शिवकुमार, निवासी काजीपुर, सतरिख के रूप में हुई है।

**तेज रफ्तार बनी हादसे की मुख्य वजह**

इस हादसे में बदरुल निशा के पति अतहर अली (60 वर्ष), पुत्र असगर अली, निवासी रामपुर भवानीपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है । यह दुर्घटना तेज रफ्तार बाइकों की जोरदार टक्कर के कारण हुई।

**रिश्तेदारी में जा रहे थे आकाश कुमार वर्मा**

परिजनों के अनुसार, आकाश कुमार वर्मा कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के बरौलिया गांव में एक रिश्तेदारी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। आकाश दो भाइयों में सबसे छोटे थे। परिवार में लगभग 10 बीघा कृषि भूमि है। आकाश स्वयं खेती के साथ-साथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पिता भी खेती से जुड़े हुए हैं।

**मंगनी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे पति-पत्नी**

जानकारी के अनुसार, घायल अतहर अली



अपनी पत्नी के साथ कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के किंतूर गांव में एक मंगनी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों पति-पत्नी वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ही यह हादसे का शिकार हो गए। इनकी पांच बेटा व चार बेटी है, सभी बेटियों की शादी हो चुकी है। 3 बेटों की शादी हो गई हैं।

**किराना की दुकान चलाते हैं घायल अतहर**

घायल अतहर घर पर ही किराना की दुकान चलाते हैं, जिससे परिवार की आय में सहयोग मिलता था। अतहर अली का बड़ा लड़का एक प्राइवेट मदरसे में पढाता है जबकि परिवार के कुछ सदस्य रोज़गार के सिलसिले में दूसरे प्रदेश में कार्यरत हैं।

डॉक्टर अजीत ने बताया कि दोनों जब अस्पताल आए थे तो उनकी डेथ हो चुकी थी गंभीर रूप से घायल अतहर का प्राथमिक उपचार किया कर उनको जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

कोतवाली सफदरगंज के कोतवाल अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि घटना की सूचना पर चौकी इंचार्ज को भेजा गया विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महाराणा प्रताप पार्क, जनता को समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी ।विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत बंभौरा लोदी में सोमवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप मनरेगा पार्क व खेल मैदान का लोकार्पण मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आरती रावत द्वारा डीसी मनरेगा बृजेश कुमार पाठक ,खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह की उपस्थिति में किया गया। उक्त स्थल का मनभावन दृश्य व व्वस्थित व्यवस्थाओं की हर कोई प्रशंसा करता नजर आया।वही लोकार्पण के बाद मंच का संचालन किया गया। संचालन के दौरान मुख्य रुप में आए अतिथियों ने मनरेगा पार्क व खेल मैदान से मिलने वाली सुविधाओं व फायदे के बारे में विस्तृत रुप से बताया।और वहां की बेहतर व्यवस्थाओं को देख अतिथियों समेत अन्य लोगों ने भी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल सिंह की सराहना की।

युवाओं को खेल से जोड़ने के लिये बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, कबड्डी कोर्ट, रेस ट्रैक आदि का निर्माण व बच्चों के लिये झूले और ओपन जिम की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । जिसमे वॉलीबाल प्रतियोगिता में कोठी टीम विजेता एवं कैसरगंज टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में कैसरगंज टीम विजेता और कुतुबपुर टीम उपविजेता रही। 100 मीटर दौड़ में ओमकार द्वितीय आकाश सिंह तृतीय मनीष रहे।इस अवसर पर लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, दीपक कुमार, रवींद्र कुमार वर्मा,समेत ग्राम प्रधान व ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# मेगा विधिक शिविर की सफलता, लघु शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उप्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में आगामी 22 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले मेगा/वृहद विधिक जागरूकता व सेवा शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आज 09 फरवरी को ए0डी0आर0 भवन में में एक लघु शिविर का आयोजन किया गया। इस लघु शिविर की अध्यक्षता शिवानी रावत सिविल जज सी0डि0/सचिव पूर्णकालिक के द्वारा किया गया। शिविर में पराविधिक स्वयं सेवकों एवं पैनल अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

श्रीमती शिवानी रावत सिविल जज सी0डि0/सचिव पूर्णकालिक के द्वारा बताया गया कि दिनांक-22 फरवरी, 2026, दिन-रविवार को जी.आई.सी. ऑडीटोरियम में एक वृहद/मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह प्रयास है कि कानूनी सेवाएं और सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ आखिरी छोर तक पहुंचे और आम नागरिकों को न्याय एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ उसका लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो। इस



लघु शिविर के लिए ए0डी0आर0 भवन में पैनल अधिवक्तागण व पराविधिक स्वयं सेवकों (अधिकार मित्रों) को इस वृहद/ मेगा शिविर का जन जन तक प्रचार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया और प्रचार प्रसार सामग्री उपलब्ध कराते हुये पराविधिक स्वयं सेवकों को इस शिविर के विषय में समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले व्यक्ति को भी अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी विभागों में भी इस शिविर के विषय में प्रचार प्रसार करते हुये उन्हें अपने अपने विभाग की निःशुल्क सेवाएं व लाभ दिये जाने के लिए पात्र व्यक्तियों को चयनित करने एवं उन्हें जिला विधिक सेवा तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 2.0 अभियान के विषय में भी अपने अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को पारिवारिक वाद, चेक बाउंस के मामले, बैंकों के मामले, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और अन्य ऐसे मामलें जिन्हें सुलह समझौते के माध्यम से निपटाया जा सकता है उनके प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिये गये है।

## किसान किसान महापंचायत की तैयारी, बैठक

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता मे सोमवार को मसौली स्थित काली मंदिर परिसर मे आयोजित मासिक बैठक मे आगामी 17 फ़रवरी को फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम दादनपुर मे होने वाली किसान मजदूर स्वाभिमान महापंचायत मे ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की। बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा ने कहा कि आगामी 17 फ़रवरी को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की अध्यक्षता में होने वाली किसान मजदूर स्वाभिमान महापंचायत मे ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य लक्ष्य है कि किसानो की हर समास्यओ को प्रशासन तक पहुंचा कर उसका निस्तारण कराया जाय। बैठक मे बनीकोडर ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष राजकरन वर्मा की आकस्मिक मौत पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।
बैठक को राज किशोर पटेल, अनुपम वर्मा, हौसीला वर्मा, पन्नालाल, दिलीप कुमार, जगेश्वर चौधरी, राजकुमार हनोमान प्रसाद, राधेश्याम, आदि ने बैठक को सम्बोधित किया इस मौक़ेपर ग्राम अध्यक्ष रामलखन, अवधराम, राजेंद्र वर्मा, स्टेंडर वर्मा, राम गणेश, रामसागर, डा0 सम्पूर्णानंद, अशोक कुमार, सुरेशचंद्र, पवन वर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कल्याणी नदी जागरण यात्रा रविवार को, भव्य तैयारी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि अवसर पर कल्याणी नदी के उद्गम स्थल धन्नाग तीर्थ से कल्याणी नदी जागरण यात्रा का शुभारंभ होगा। कल्याणी नदी के पावन तट पर पूजन–अर्चन के बाद यात्रा का शुभारंभ होगा।जो मूर्त स्वामी मंदिर दिव्य धाम स्थित शिवालय तक पहुंचेगी। लोक भारती उत्तर प्रदेश अवध प्रांत के सहसंयोजक राम लखन शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित यात्रा के समापन पर मां कल्याणी नदी के पावन जल से शिवालय में जलाभिषेक किया जाएगा। लोक भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह एवं प्रांतीय संयोजक कमलेश सिंह ने यात्रा में शामिल होने की स्वीकृति दी है। यात्रा की तैयारियों में रामकुमार यादव सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आरएस घाट कोतवाली क्षेत्र के गांव भेंदुवा बहरेला निवासी रामदीन उर्फ
पुलई 32 पुत्र पृथ्वीपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।उसकी मां ने घर में छत के कुंडे से फांसी फंदे से लटका शव देख चीख–पुकार मचाई,ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तथा पड़ताल शुरू किया।

## संदिग्ध दशा में लापता, युवती बरामद

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी रविवार शाम से लापता थी। परिजनों ने गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। परिजनों ने किशोरी की तलाश आसपास और रिश्तेदारों में की।
दूसरे दिन किशोरी गांव के बाहर एक मजार के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। किशोरी के भाई ने आरोप लगाया है कि गांव के चार युवक उसकी बहन को अगवा कर ले गए थे।जिनमें से एक युवक को उसकी बहन पहचानती है।
थानाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने बताया कि पहले गुमशुदगी दर्ज की गई थी। लड़की मिल गई है और उसने गांव के ही एक युवक का नाम बताया है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रवृत्ति के अभाव में नहीं मिल पाता अपेक्षित लक्ष्य –अहलावत

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित शुभ कामना समारोह मैं बतौर मुख्य अतिथि पधारी तहसीलदार वैशाली अहलावत ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी रुचि अनुसार क्षेत्र का चयन करने पर हम उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं दबाव में निर्णय लेने पर स्वाभाविक प्रवृत्ति के अभाव में अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाता।
उन्होंने आगे कहा कि जीवन के अन्य क्षेत्रों का अपनी अभिरुचि अनुसार चुनावकर लोगों ने फैशन डिजाइनिंग ,फाइन आर्ट्स ,अभिनय,कॉमेडी ,संगीत, चिकित्सा, अभियांत्रिकी ,नवीन व्यवसाय स्थापित कर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने भी अपने विचार रखें। बहन साक्षी मिश्रा, जाह्नवी,वर्षा, लहरयादव आदि ने अभिनय गीत प्रस्तुत किए। संगीत आचार्य ,प्रदीप कश्यप ने विदाई गीत व कुछ कैरीकेचर प्रस्तुत किए ।मनोजवर्मा प्रवक्ता जीवविज्ञान ने छात्रों को महत्वपूर्ण परीक्षा टिप्स दिए।वीरेंद्र कुमार शर्मा हिंदी प्रवक्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने भैया बहनों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय की स्थापना हेतु भूमि व भवन की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले बाबू राम कुमार श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार द्वारा भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## आजादी में जमीयत उलमा के योगदान पर हुई चर्चा

फ़तेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जमीयत उलमा के सेंट्रल डेलीगेशन ने तालीमी निज़ाम की मज़बूती के मद्देनजर फ़तेहपुर तहसील क्षेत्र का दौरा किया। जहाँ उसने जमीयत उलमा की एक कंसल्टेटिव मीटिंग में हिस्सा लिया। कंसल्टेटिव मीटिंग में मौजूद इमामों और मदरसों और मकतबों के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मुफ़्ती अबू बक्र सिद्दीक मंसूरपूरी ने कहा कि हर मुसलमान पर लाज़िम है कि अपनी नई नस्ल की सही तालीम और तरबियत का इंतज़ाम करे और उन्हें धर्म की बेसिक बातें सिखाए। हज़रत याकूब अलैहिस्सलाम की घटना का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पैगंबरों की शिक्षाएँ हमें यह संदेश देती हैं कि अपने बच्चों के ईमान और किरदार की फ़िक्र करनी चाहिए। बैठक का समापन मुफ़्ती अबूबक्र सिद्दीक मंसूर पूरी की दुआ से हुआ।इस मौके पर मौलाना असगर अली नदवी, मुफ्ती शमसाद अली कासमी, मुफ्ती मुहम्मद उमैर कासमी, मौलाना मुहम्मद अमीन मज़ाहेरी, मौलाना मुहम्मद अरकम रशीदी, मौलाना अता–उर–रहमान नदवी, मौलाना फखरुद्दीन हकी, मौलाना मु0 आफाक नदवी, मौलाना फैज आलम नदवी, कारी मु0 गुफरान, हाफिज मुहम्मद अकरम, हाफिज मुहम्मद कलीम कुरैशी, हाजी शेख मतीउल्लाह, हाजी एजाज अहमद अंसारी, आजम अली, हाजी मु.रईस कुरैशी, मुहम्मद नफीस, मुनीर हैदर, मुहम्मद सोहेल खान, मुहम्मद अकीक पप्पू, मुहम्मद शफीक, मुहम्मद अकील राजा, इब्राहिम, रेहान कुरैशी, मुहम्मद ताहिर राईन आदि लोग मौजूद थे।

## न्यायिक हिरासत से भागा मुल्जिम गिरफ्तार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सत्र न्यायालय से सुनवाई के दौरान शनिवार को न्यायालय कक्ष से भागे अभियुक्त सूरज को पुलिस ने रविवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया जिसे कल अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया जहां एसीजेएम ने रिमांड लेते हुए उसे जेल भेजने का आदेश दिया। आज जेल से सूरज को तलब किया गया है उसे सत्र न्यायालय कोर्ट में पेश किया जाएगा जहां कोर्ट ने मुकदमे में सूरज सहित दो अन्य अभियुक्तों सूरज के पिता मुटरू और चाचा गुद्दर को सजा के विंदु पर सुनवाई हेतु 11 फरवरी की तिथि नियत की है। बताते चलें कि शनिवार 7 फरवरी को थाना सूबेहा से संबंधित हत्या के एक मामले में अभियुक्त मुटरू, गुद्दर और सूरज को कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोषी करार दिया था, दोष सिद्धि की बात सुनते ही सूरज न्यायालय कक्ष से भाग निकला था, जिसकी सूचना कोर्ट मोहरिर रामबली मिश्रा ने न्यायालय को दी और उसके खिलाफ थाना कोतवाली में भी प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था इसी मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सीजेएम कोर्ट में सोमवार को पेश किया।सत्र न्यायालय अब इस मामले में सजा के बिंदु पर 11 फरवरी को सुनवाई करेगी।

# अमेरिका और पाकिस्तान टी20 विश्व कप में फिर आमने-सामने, बल्ले से बेहतर प्रदर्शन पर नजरें

एजेंसी





कोलंबो। पाकिस्तान मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में जब अमेरिका से भिड़ेगा तो 20 महीने पहले इस टीम के खिलाफ मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। वर्ष 2024 में विश्व कप में पदार्पण करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान पर यादगार जीत के साथ बड़े मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। मौजूदा टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत से हारने के बाद अमेरिका की टीम यहां सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में पाकिस्तान के खिलाफ एक और जीत दर्ज करने के लिए अतिरिक्त प्रेरित होगी। दोनों ही टीम को बल्लेबाजी विभाग में काफी काम करना है। पाकिस्तान नीदरलैंड के खिलाफ 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी स्थिति में था लेकिन बीच के ओवरों में बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टीम मुश्किल में पड़ गई। फहीम अशरफ की बदौलत हालांकि टीम जीत हासिल करने में सफल रही। अमेरिका ने वानखेड़े में मौजूदा चैंपियन भारत को दबाव में डाल दिया था लेकिन प्रभावशाली गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद उनके बल्लेबाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। पाकिस्तान की टीम में सभी की नजरें बाबर आजम पर होंगी जिन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में वापसी की है। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब से भी बल्ले से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अयूब हाल के दिनों में स्पिनर के तौर पर अधिक सफल रहे हैं। कप्तान सलमान अली आगा का भी मानना है कि उनके खिलाड़ियों को नीदरलैंड के खिलाफ मैच की तुलना में दबाव से बेहतर तरीके से निपटना होगा। अमेरिका भी अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। कप्तान मोनांक पटेल ने स्वयं माना था कि उनकी टीम भारत के खिलाफ पावरप्ले में ढीले शॉट खेलने की दोषी थी। मोनांक भी खराब शॉट खेलकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे शैडली वैन शाल्कविक की अगुवाई में अमेरिका ने गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि सीनियर तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर का पहला मैच खराब रहा और वह पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। अमेरिका ने आईसीसी प्रतियोगिता से पहले श्रीलंका में अभ्यास किया था और वे यहां की परिस्थितियों से परिचित हैं। टीम के तेज गेंदबाज अली खान की फिटनेस पर सवालिया निशान लगा हुआ है जो भारत के खिलाफ मैच में लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।

# डेविस कप क्वालिफायर राउंड-1 : दक्षिणेश्वर सुरेश के दम पर भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराया

एजेंसी

बेंगलुरु। दक्षिणेश्वर सुरेश के निर्णायक मुकाबले में दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वालिफायर राउंड-1 में शानदार जीत दर्ज की। एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम, बेंगलुरु में रविवार को खेले गए इस मुकाबले में दर्ज की गई इस शानदार जीत से भारत सितंबर में होने वाले क्वालिफायर के दूसरे राउंड में पहुंच गया है, जहां दांव होगा आठ टीमों के डेविस कप फाइनल्स में जगह बनाने का। निर्णायक पांचवें रबर में सुरेश ने गाइ डेन आउडेन को 6-4, 7-6 (4) से हराते हुए भारत को यादगार जीत दिलाई। दबाव भरे इस मुकाबले में सुरेश ने कुल 15 ऐस लगाए। उन्होंने पहले सेट के सातवें गेम में ब्रेक हासिल कर बढ़त बनाई, जबकि दूसरा सेट बेहद रोमांचक रहा। दोनों खिलाड़ी 6-6 तक सर्विस बचाने में सफल रहे, लेकिन टाईब्रेक में सुरेश ने संयम दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया। दिन की



शुरुआत से पहले मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। पहले मैच में सुरेश और युकी भांबरी की भारतीय जोड़ी ने डेविड पेल और सैंडर अरेंड्स को 7-6 (0), 3-6, 7-6 (1) से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद जेस्पर डी जोंग ने वापसी करते हुए सुमित नागल को 5-7, 6-1, 6-4 से हराया और स्कोर 2-2 कर दिया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित राजपाल ने सुमित नागल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, पिछले 10 दिन हमारे लिए मुश्किल रहे हैं। हमारी नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल चोट से जूझ रहे थे। यह सुमित नागल का 50 प्रतिशत प्रदर्शन भी नहीं था। अगर वह पूरी तरह फिट होते तो कहानी कुछ और होती। इसके बावजूद उन्होंने शेर की तरह लड़ाई लड़ी, टीम का नेतृत्व किया, जैसा कि भारत के नंबर एक खिलाड़ी को करना चाहिए। सुरेश पर बात करते हुए कप्तान राजपाल ने कहा, वह मेरा ट्रंप कार्ड हैं, जिसे मैं हर बार इस्तेमाल करता हूं और हर बार वह काम करता है। अपने प्रदर्शन और मानसिक तैयारी पर बोलते हुए सुरेश ने कहा,ल्ल6 फीट 6 इंच की ऊंचाई के साथ मैं भारत का इकलौता इतना लंबा खिलाड़ी हूं, इसलिए मुझे अपनी ताकत का पूरा इस्तेमाल करना होता है। मैं हर दिन सर्विस की प्रैक्टिस करता हूं। निरंतरता ही सबसे अहम है। अहम मौकों पर मैं खुद से कहता हूं कि यह मैंने लाखों बार किया है, यह सिर्फ एक और बॉल है। सुरेश के इस ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ भारत ने नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला जीतकर डेविस कप अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाया।

# टी20 अंतरराष्ट्रीय में सूर्या की संयमित कप्तानी ने मेरा काम आसान कर दिया: गंभीर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव की 'संयमित नेतृत्व क्षमता' की तारीफ करते हुए कहा कि टी20 प्रारूप में कप्तान के तौर पर वह सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं और इससे उनका दबाव भरा काम थोड़ा आसान हो जाता है। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा साझा किए गए एक छोटे वीडियो में गंभीर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। इस वीडियो में यह नहीं पता चल रहा है कि गंभीर ने यह बयान कब दिया है। गंभीर ने कहा, ''सूर्यकुमार ने इस प्रारूप में मेरा काम बहुत आसान कर दिया है। वह लोगों के लिए एक बेहतरीन कप्तान हैं, यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वह मैदान पर क्या करते हैं, या बल्लेबाज के रूप में कैसे हैं, या उनके शॉट्स इस प्रारूप में कैसे हैं। उन्होंने कहा, '' कोच के तौर पर कभी-कभी आपके दिमाग में कई बातें चल रही होती हैं, लेकिन जब आप जानते हैं कि सूर्यकुमार माहौल को शांत बनाए रखेंगे, जैसा किसी भी कोच का सपना होता है, तो बहुत कुछ आसान हो जाता है।'' भारत ने सूर्यकुमार की शानदार बल्लेबाजी के बूते शनिवार को विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में अमेरिका को हराया। भारतीय कप्तान ने एक छोर से विकेटों के पतझड़ के बीच 49 गेंदों में नाबाद 84 रन के साथ पारी को संभाला था। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को अब यहां नामीबिया के खिलाफ खेलेगी। गंभीर ने कहा, ''मेरे लिए खिलाड़ी सूर्यकुमार को अलग रखा जा सकता है, लेकिन कप्तान सूर्यकुमार के तौर पर उन्होंने हर कसौटी पर खरा उतरकर मेरी जिंदगी बहुत आसान बना दी है। वह वास्तव में एक शानदार नेतृत्वकर्ता हैं।

# टी-20 विश्व कप: स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया, कप्तान की चोट ने बढ़ाई चिंता

एजेंसी



कोलकाता। इटली को अपने पहले ही टी20 विश्व कप मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा। स्कॉटलैंड ने दमदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 73 रन से शिकस्त दी। इस हार से ज्यादा चिंता की बात यह रही कि इटली को पूरे मैच में अपने कप्तान वेन मैडसन की सेवाएं नहीं मिल सकीं, जो बाएं कंधे के डिसलोकेशन के कारण मैदान छोड़ने के बाद दोबारा नहीं लौट सके। मैडसन को यह चोट मैच के चौथे ओवर में लगी, जब वह फील्डिंग के दौरान डाइव लगाते हुए गलत तरीके से गिर पड़े। इसके बाद उन्होंने मैच में कोई और भूमिका नहीं निभाई। अब इटली टीम प्रबंधन उनकी चोट की स्थिति और पूरे टूर्नामेंट में उपलब्धता को लेकर अपडेट का इंतजार कर रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की ओर से जॉर्ज मंसी ने पावरप्ले में आक्रामक अंदाज दिखाया। शुरुआत में मिले कुछ किनारों का फायदा उठाने के बाद मंसी ने लय पकड़ ली और पावरप्ले में ही आठ चौके जड़ दिए। उनके साथ ओपनिंग कर रहे माइकल जोन्स ने संयम दिखाते हुए स्ट्राइक मंसी को दी। इटली की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब पावरप्ले की आखिरी गेंद पर एंथनी मोस्का ने मंसी का कैच छोड़ दिया। मंसी ने अपना आक्रमण जारी रखते हुए आठवें ओवर में छक्का लगाकर 30 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। दोनों के बीच 126 रन की मजबूत ओपनिंग साझेदारी हुई, जो 14वें ओवर में ग्रांट स्टीवर्ट की गेंद पर मंसी के आउट होने के साथ टूटी। मंसी ने 84 रन की शानदार पारी खेली। इसके अगले ही ओवर में जोन्स भी पवेलियन लौट गए। इसके बाद ब्रैंडन मैकमुलन ने तेजी से रन बटोरे और क्रिशन कालुगमागे के एक ओवर में दो छक्के जड़कर स्कॉटलैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। हालांकि 19वें ओवर में अली हसन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ चार रन देकर एक विकेट लिया, लेकिन आखिरी ओवर में 22 रन लुटने के चलते स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 207/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की शुरुआत बेहद खराब रही और जस्टिन मोस्का पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तीसरे ओवर में जेजे स्मट्स ने तीन छक्के और एक चौका लगाकर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन वह अगले ही ओवर में आउट हो गए। पांचवें ओवर में एंथनी मोस्का के आउट होने से इटली की स्थिति और खराब हो गई। पावरप्ले के बाद स्कोर 54/3 था। मध्यक्रम में मानेन्टी भाइयों–बेन और हैरी–के बीच 73 रन की साझेदारी ने इटली को संभालने की कोशिश की। बेन मानेन्टी ने 14वें ओवर में 29 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने मिलकर छह चौके और चार छक्के लगाए, लेकिन जैसे ही यह साझेदारी टूटी, इटली की पारी बिखर गई।

## अल-नासर को 'एशियाई चैंपियंस लीग टू' के लिए रोनाल्डो की वापसी की उम्मीद

रियाद। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब आने के बाद अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है लेकिन उनके क्लब अल-नासर को उम्मीद है कि 41 साल का यह दिग्गज बुधवार को मैदान पर वापसी कर अपनी टीम को ट्रॉफी के करीब पहुंचाने में मदद करेगा। अल-नासर का मुकाबला एशियन चैंपियंस लीग टू के क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की करने के लिए तुर्कमेनिस्तान के अर्कादाग से होगा। पुर्तगाल के फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के पिछले दो मैचों में नहीं खेले। कुछ खबरों के मुताबिक वह क्लब की फंडिंग व्यवस्था से खुश नहीं थे। वह पिछले महीने ट्रांसफर विंडो में प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल से करीम बेंजेमा को मिले करार के मुद्दे पर खुश नहीं है। अल-नासर, अल-हिलाल, अल-इत्तिहाद और अल-अहली क्लब सऊदी अरब के सरकारी निवेश फंड के तहत आते हैं। सऊदी प्रो लीग (एसपीएल) ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी क्लब या लीग से बड़ा नहीं होता।

# मूडीज का वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी




नई दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने अगामी वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को जारी अपनी बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि भारत की जीडीपी 6.4 फीसदी की दर से अगले वित्त वर्ष 2026-27 में बढ़ेगी, जो जी-20 देशों में सबसे तेज गति होगी। एजेंसी ने कहा कि इसकी वजह मजबूत घरेलू खपत, पॉलिसी के कदम और एक स्थिर बैंकिंग सिस्टम हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद बैंकों के पास ऋण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है। यह घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज का यह अनुमान वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जताई गई 6.8-7.2 फीसदी आर्थिक वृद्धि दर की सीमा से कम है। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने की संभावना है, जो 2024-25 में दर्ज 6.5 फीसदी से अधिक है।

# पाकिस्तान को चौंकाने के बाद नीदरलैंड के सामने टी20 विश्व कप में नामीबिया की चुनौती

नयी दिल्ली। पाकिस्तान को कड़ी टक्कर देने के बाद नीदरलैंड मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप-ए में एसोसिएट देशों के अहम मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ अपने दमखम की परीक्षा देगा। नीदरलैंड की टीम इस भरोसे के साथ दिल्ली पहुंची है कि वह ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को परेशान कर सकती है। श्रीलंका में टूर्नामेंट के पहले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को झकझोरने के बाद यह टीम अपने आत्मविश्वास को जीत में बदलना चाहेगी। नामीबिया अपने अभियान की शुरुआत एक ऐसी टीम के खिलाफ करेगा जो पहले ही कड़े मुकाबले खेल चुकी है। पाकिस्तान के खिलाफ नीदरलैंड की करीबी हार ने कुछ कमजोरियां भी उजागर की हैं, जिनका फायदा नामीबिया उठा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ नीदरलैंड का 147 रन का स्कोर किसी एक बल्लेबाज पर निर्भर नहीं था। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 37 रन बनाकर पारी संभाली, जबकि बास डी लीडे (30) और कॉलिन एकरमैन (14 गेंदों में 20) ने मध्य ओवरों में तेजी दी। टीम हालांकि आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने में नाकाम रही। मैच के 13वें ओवर में चार विकेट पर 105 रन बनाने के बावजूद उसने आखिरी सात ओवर में सिर्फ 42 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिये। नामीबिया के कम अनुभवी लेकिन विविधता से भरे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ भी मध्य ओवर निर्णायक साबित हो सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नीदरलैंड के गेंदबाजों ने भी प्रभावित किया। पॉल वैन मीकेरेन (20 रन पर दो विकेट) की सटीक गेंदबाजी और रोएलोफ वान डर मर्वे (13 रन पर एक विकेट) की किफायती स्पेल ने पाकिस्तान को संघर्ष करने पर मजबूर किया। आर्यन दत्त की ऑफ-स्पिन ने भी दो अहम विकेट लिए। फहीम अशरफ के खिलाफ लोगन वैन बीक का एक ओवर में 24 रन लुटाना टीम को भारी पड़ा। नामीबिया को इस तरह की कमजोरियों से हौसला मिलेगा। अनुभवी गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में यह टीम युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन रखती है और विश्व कप में लगातार उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जायडस लाइफसाइंसेज का तीसरी तिमाही में मुनाफा मामूली बढ़कर 1042.1 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.81 प्रतिशत बढ़कर 1,042.1 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में मुनाफा 1,023.5 करोड़ रुपये रहा था। जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 6,864.5 करोड़ रुपये रही जो गत वित्त वर्ष साल की समान अवधि में 5,269.1 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 5,537.6 करोड़ रुपये हो गया जबकि 2024-25 की इसी अवधि में यह 4,142.5 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में नई श्रम संहिता लागू होने के कारण उसे 84.9 करोड़ रुपये का एकमुश्त भार झेलना पड़ा। जायडस लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक शरविल पटेल ने कहा, '' तीसरी तिमाही में प्रमुख कारोबार क्षेत्रों में हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारे मूल व्यवसाय की ताकत और विस्तार क्षमता को दर्शाता है। कंपनी ने बताया कि उसके दवा खंड का राजस्व तीसरी तिमाही में बढ़कर 5,900.3 करोड़ रुपये रहा, जो 2024-25 की समान अवधि में 4,809.9 करोड़ रुपये था। दूसरी ओर, उपभोक्ता उत्पाद खंड का राजस्व बढ़कर 964.2 करोड़ रुपये रहा जो गत वित्त वर्ष की समान तिमाही में 459.2 करोड़ रुपये था।

### मेकमाइट्रिप, माइनर होटल्स ने समझौता किया, यात्रियों के लिए बढ़ेंगे अंतरराष्ट्रीय प्रवास के विकल्प

**नयी दिल्ली।** नैस्डैक में सूचीबद्ध यात्रा बुकिंग मंच मेकमाइट्रिप ने सोमवार को दुनिया भर में 560 से अधिक संपत्तियों का संचालन करने वाले वैश्विक आतिथ्य समूह माइनर होटल्स के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग भारतीय यात्रियों के लिए यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के शहरों और रिसॉर्ट स्थलों में अंतरराष्ट्रीय प्रवास के विकल्पों को बढ़ाएगा। इनकी बुकिंग मेकमाइट्रिप के मंच से की जा सकती है। यह साझेदारी मेकमाइट्रिप की अपने प्रत्यक्ष अंतरराष्ट्रीय होटल विकल्पों को बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। माइनर होटल्स के पोर्टफोलियो में अनतारा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, एलीवाना कलेक्शन, द वोस्ले होटल्स, टिवोली होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, माइनर रिजर्व कलेक्शन, एनएच कलेक्शन, एनहाउ, अवानी, कोल्बर्ट कलेक्शन, एनएच होटल्स, ओक्स और आईस्टे होटल्स जैसे ब्रांड शामिल हैं। मेकमाइट्रिप के सह-संस्थापक और समूह सीईओ राजेश मागो ने कहा, माइनर होटल्स के साथ हमारी साझेदारी प्रमुख वैश्विक आतिथ्य समूहों के साथ जुड़ाव गहरा करने और हमारे मंच पर अंतरराष्ट्रीय प्रवास की गुणवत्ता और विस्तार को मजबूत करने की हमारी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

### जेटवर्क के इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार प्रमुख जोश फॉल्गर ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** जेटवर्क के इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार प्रमुख जोश फॉल्गर ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एक महीने के भीतर कंपनी के यह दूसरे शीर्ष अधिकारी का इस्तीफा है। एक सूत्र ने कहा, '' जोश फॉल्गर अब जेटवर्क के साथ नहीं हैं। फॉल्गर दो वर्ष पहले ही कंपनी से जुड़े थे। इससे पहले वह फॉक्सकॉन की भारतीय इकाई, 'भारत एफआईएच' का नेतृत्व कर चुके हैं। जेटवर्क के मुख्य विपणन अधिकारी अमृत राज ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था। वह अब उद्यम पूंजी कंपनी 'जंगल वेंचर्स' से जुड़ गए हैं। संपर्क किए जाने पर जेटवर्क के प्रवक्ता ने कहा, '' जोश फॉल्गर ने शुरुआती एवं विकास के चरणों में जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। अब व्यक्तिगत कारणों से चेन्नई लौटने का फैसला किया है। हम उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हैं और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। फॉल्गर के पद संभालने के बाद जेटवर्क ने 2024 में अपनी इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षमता के विस्तार के लिए 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रावधान किया था। कंपनी कई 'बैंकर' के साथ चर्चा कर रही है और शीघ्र ही आईपीओ के लिए प्रारूप दस्तावेज दाखिल किए जाने की उम्मीद है। जेटवर्क ने आखिरी बार अपना मूल्यांकन 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक बताया था। वहीं सकल व्यापारिक मूल्य करीब 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर दो अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने की जानकारी दी थी।

# अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को भड़ला-फतेहपुर एचवीडीसी पारेषण परियोजना के लिए जापानी बैंकों से हासिल किया वित्त पोषण

एजेंसी

नयी दिल्ली। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने हरित ऊर्जा निकासी के लिए 950 किलोमीटर लंबी भड़लाऽफतेहपुर हाई-वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) पारेषण परियोजना के लिए जापानी बैंक के एक संघ से दीर्घकालिक वित्त पोषण हासिल किया है। कंपनी के सोमवार को जारी बयान के अनुसार, यह परियोजना राजस्थान के सौर-समृद्ध क्षेत्रों से नवीकरणीय ऊर्जा को निकालकर भारत के राष्ट्रीय ग्रिड तक पहुंचाने में केंद्रीय भूमिका निभाएगी। साथ ही देश की बढ़ती स्वच्छ बिजली मांग को पूरा करेगी। बयान में कहा गया कि एईएसएल ने अपनी प्रमुख एचवीडीसी पारेषण परियोजना के लिए जापानी बैंकों के एक संघ से दीर्घकालिक वित्त पोषण सुनिश्चित किया है। ल800 केवी क्षमता वाले उच्च क्षमता एचवीडीसी नेटवर्क के रूप में यह 950 किलोमीटर लंबा गलियारा 6,000 मेगावाट की निकासी क्षमता के साथ राजस्थान के भड़ला को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर से जोड़ेगा। इसके 2029 तक चालू होने की उम्मीद है। राजस्थान अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के लिए एक प्रमुख उत्पादन केंद्र बना हुआ है, जिसकी परियोजनाएं पहले से ही एईएसएल की अनुषंगी कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड (एईएमएल) को स्वच्छ बिजली आपूर्ति कर रही हैं। एईएमएल वर्तमान में अपनी आपूर्ति मिश्रण में 40 प्रतिशत से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करता है, जिससे मुंबई दुनिया के उन बड़े शहरों में शामिल हो गया है जहां सतत बिजली की उल्लेखनीय पैठ है।

# टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का तमिलनाडु संयंत्र शुरू, 9,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने सोमवार को कहा कि वह तमिलनाडु स्थित अपनी विनिर्माण इकाई में नौ हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य अगले पांच से सात साल में अपनी कुल उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 2.5 लाख इकाई सालाना करना है ताकि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों की मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी और उसकी अनुषंगी इकाई जगुआर लैंड रोवर ऑटोमोटिव पीएलसी (जेएलआर) ने तमिलनाडु के रानीपेट जिले के पनपक्कम स्थित संयंत्र में परिचालन शुरू करने की घोषणा की। टीएमपीवी ने बयान में कहा कि यह सुविधा अगली पीढ़ी के वाहनों (ईवी सहित) के उत्पादन के लिए एक नये संयंत्र के विकास के पहले चरण को दर्शाती है। यह संयंत्र टीएमपीवी और जेएलआर दोनों ब्रांड के लिए वाहन तैयार करेगा। कंपनी ने बताया कि इस संयंत्र से निकलने वाला पहला वाहन जेएलआर का स्थानीय स्तर पर निर्मित 'रेंज रोवर इवोक' है। बयान के अनुसार, परिचालन शुरू होने के साथ ही वाहन उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा। अगले पांच से सात वर्षों में इसे 2.5 लाख वाहनों की पूर्ण वार्षिक क्षमता तक पहुंचाया जाएगा, जो भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। कंपनी ने कहा, ''कुल मिलाकर, टीएमपीवी अपनी दीर्घकालिक विकास महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए इस अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र में नौ हजार करोड़ रुपये निवेश करने का इरादा रखती है। टाटा संस और टीएमपीवी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, ''पनपक्कम संयंत्र का उद्घाटन टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण में भारत के नेतृत्व को गति देने की टाटा समूह की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें तमिलनाडु के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा करने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र के माध्यम से कंपनी भारत और दुनिया भर के ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट गुणवत्ता, शिल्प कौशल और प्रौद्योगिकी वाले वाहनों का उत्पादन करने के लिए तत्पर है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस अवसर पर कहा, ''टाटा समूह ने राष्ट्र निर्माण में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और तमिलनाडु के साथ इसकी गहरी ऐतिहासिक साझेदारी है। इस नयी विनिर्माण सुविधा में परिचालन शुरू होने और रानीपेट के पनपक्कम में पहली 'रेंज रोवर इवोक' के उत्पादन के साथ, राज्य को विश्वस्तरीय वाहन विनिर्माण के विस्तार का गवाह बनने पर गर्व है। स्टालिन ने कहा कि राज्य इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का स्वागत करता है और उन उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है जो रोजगार पैदा करते हैं और नवाचार को बढ़ावा देते हैं।

# बजट देश की आकांक्षाओं को करेगा पूरा : सत्ता पक्ष

## विपक्ष ने बजट में पूंजीगत व्यय और राज्यों के आवंटन में कमी पर सरकार को घेरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में आम बजट को लेकर सोमवार को विपक्ष और सत्ता पक्ष ने अपनी- अपनी दलीलें दी जिसमें विपक्षी दलों ने जहां बजट में पूंजीगत व्यय, मंत्रालयों और राज्यों के आवंटन में कमी तथा पिछले वादों को पूरा नहीं करने का मुद्दा उठाया वहीं सत्ता पक्ष ने इसे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा देश को विकसित भारत की ओर तेजी से आगे बढाने वाला बजट करार दिया। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम ने बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय के साथ - साथ रक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी , शहरी आवास और सामाजिक कल्याण के आवंटन में कमी की गयी है। उन्होंने मुख्य रूप से पूंजीगत निवेश में कमी , बढती बेरोजगारी और धीमी विकास दर को लेकर सरकार को घेरते हुए कटाक्ष किया कि उसकी 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पटरी से उतर गयी है। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक सर्वेक्षण में बयान की गयी हकीकतों की अनदेखी की गयी है।

बजट पर अपनी सटीक प्रतिक्रिया करते हुए उन्होंने कहा यह बजट सतर्क है, कंजूस है और बीते वर्ष को भुला देने वाला है,यह जल्द ही परिदृश्य से ग़ायब हो जाएगा। यह अख़बारों से भी ग़ायब हो चुका है और किसी और सौदे तथा किसी और मंत्री ने सुर्ख़ियाँ घेर ली है। यह एक भुला दिए जाने वाला बजट है, जिसे एक ऐसी वित्त मंत्री ने तैयार किया है जिसने पिछले साल सदन में किए गए अपने वादों को भुला दिया। ''

श्री चिदम्बरम ने कहा कि देश में बेरोजगारी की दर 15 प्रतिशत पहुंच गयी है और 25 प्रतिशत से भी कम कार्यबल के पास नियमित रोजगार है। लोगों को अपने काम करने की ओर रुख करना पड़ रहा है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2024-24 में बहुत अधिक घट गया है और निजी निवेश भी 22 प्रतिशत पर आ गया है। उन्होंने कहा कि निवेश नहीं आने के बावजूद सरकार ने पूंजीगत व्यय में 44 लाख करोड़ की कमी की है। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि कुल मिलाकर देखें तो सरकार ने पूंजीगत खर्च में एक लाख करोड़ रुपये की कमी लेकिन रिजर्व बैंक ने ही तीन लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया है तो फिर यह कमी क्यों की गयी। उन्होंने कहा कि अजीब स्थिति है कि निवेश भी नहीं आ रहा है और सरकार भी पूंजीगत खर्च कम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के लिए पैसे का आवंटन कम कर दिया है। जल जीवन मिशन में पिछले वर्ष केवल 17 हजार करोड रुपये का खर्च किया गया है और इस बार सरकार ने 50 हजार करोड़ रुपये की कमी कर दी। उन्होंने कहा कि राज्यों को दी जाने वाली राशि में

33 हजार करोड़ रुपये की कमी की गयी है। सदस्य ने कहा कि रक्षा क्षेत्र का बजट जीडीपी का 1.6 प्रतिशत है जो काफी कम है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बजट में भी कमी की गई है।

श्री चिदम्बरम ने कहा कि बायो फार्मा क्षेत्र के लिए बजट में पांच वर्ष के लिए दस हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जिसमें से आगामी वित्त वर्ष के लिए केवल 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

भाजपा के अरूण सिंह ने कहा कि विपक्ष आलोचना करते समय इस बात को भूल जाता है कि उसके समय में बजट के लिए किया जाने वाला आवंटन अब 16. 6 करोड से बढकर 53.5 लाख करोड रुपये पहुंच गया है जो तीन गुना बढा है। उन्होंने कहा कि यह देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला तथा विकसित भारत के लिए आर्थिक प्रगति को तेज करने का संकल्प दिखता है।

उन्होंने कहा कि बजट में पूंजीगत खर्च के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। वित्तीय घाटे का 4.3 प्रतिशत का लक्ष्य सराहनीय है और उसे देखते हुए पूंजीगत खर्च को धीरे धीरे बढाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत खर्च बढकर बजट का 22.8 प्रतिशत पहुंच गया है जो कांग्रेस के समय 6.7 प्रतिशत था।

भाजपा नेता ने कहा कि सरकार की नीतियों और सुधार प्रक्रिया से लोगों का उस पर भरोसा बढा है और आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या कांग्रेस के समय के चार करोड से बढकर नौ करोड़ पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में और मोबाइल के क्षेत्र में निर्यात निरंतर बढ रहा है। इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में भी निर्यात पहले की तुलना में तीन गुना बढा है। उन्होंने कहा कि चालू खाते का घाटा भी जल्दी ही सरपल्स पर चला जायेगा। साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के सबसे बड़े देशों के साथ व्यापार समझौते किये हैं जिससे भारत के प्रति बढते विश्वास का पता चलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों में महंगाई की दर 9.4 प्रतिशत थी जो अब 2.4 प्रतिशत से भी कम है। बजट में आवास क्षेत्र के लिए 85 हजार करोड का बजट आवंटित किया गया है।

## तेल आयात पर सरकार ने फिर दोहराया

# राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता नहीं किया जायेगा: मिस्री

एजेंसी



नयी दिल्ली। रूस से तेल खरीद को लेकर चल रही अलग-अलग तरह की बयानबाजी के बीच भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि तेल आयात के बारे में कोई भी फैसला लेते समय राष्ट्रीय हित और देशवासियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को यहां सवालों के जवाब में कहा कि यह सबको पता है कि भारत को अपनी जरूरत के लिए बड़ी मात्रा में तेल आयात करना पड़ता है और यह विभिन्न देशों और स्रोतों से लिया जाता है। उन्होंने किसी भी देश का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि भारत तेल आयात के मामले में किसी दबाव में नहीं आयेगा। उन्होंने कहा कि भारत की पहले से ही यह नीति रही है कि वह देशवासियों को सस्ता तेल उपलब्ध कराने के लिए विविध स्रोतों से आपूर्ति की रणनीति पर काम करता रहा है। श्री मिस्री ने कहा , '' ऊर्जा के मामले में हमारी सबसे पहली प्राथमिकता अपने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। हमें यह तय करना है कि देशवासियों को पर्याप्त ऊर्जा, उचित कीमत पर तथा विश्वसनीय और सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला से मिले। श्री मिस्री का यह बयान अमेरिका के इन निरंतर दावों के बीच आया है जिनमें कहा गया है कि भारत ने रूस से तेल आयात पर रोक लगाने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी कहा था कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

# प्रधानमंत्री सदन में आने से डरे हुए है क्योंकि सच्चाई का सामना नहीं कर सकते: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में आने से डरे हुए हैं क्योंकि वह उस सच्चाई का सामना नहीं कर सकते जिसे वह (राहुल) पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की पुस्तक के एक अंश को उद्धृत करते हुए सामने रखना चाहते थे।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के साथ सदन में किसी विपक्षी सदस्य द्वारा ''हमला करने'' का कोई सवाल ही नहीं उठता तथा यदि किसी ने कोई ऐसी हरकत करने को कहा भी हो तो प्राथमिकी दर्ज करके उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बीते बृहस्पतिवार को कहा था कि इससे एक दिन पहले कांग्रेस के कई सदस्य सदन के नेता (प्रधानमंत्री) की सीट के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में नहीं आए। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''यह बात कुछ दिन पहले शुरू हुई जब एम एम नरवणे की किताब का मुद्दा आया और सरकार नहीं चाहती थी कि मैं उस पर कोई भी चर्चा करूं। इसलिए उन्होंने सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी। उन्होंने मुझे बोलने नहीं दिया। ऐसा तीन-चार बार हुआ। उनका कहना था, ''पहले उन्होंने कहा कि मैं किसी किताब का हवाला नहीं दे सकता। फिर मैंने कहा कि मैं किताब का नहीं, एक पत्रिका का हवाला दे रहा हूं। तब उन्होंने कहा कि आप पत्रिका का भी हवाला नहीं दे सकते। फिर मैंने कहा कि मैं उस पर बोलूंगा। तब उन्होंने कहा कि आप उस पर बोल भी नहीं सकते। रक्षा मंत्री ने गलत तरीके से कहा कि वह किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है, जबकि सच्चाई यह है कि वह किताब प्रकाशित हो चुकी है और हमारे पास उसकी एक प्रति भी है। राहुल गांधी का कहना था कि यह बड़ा मुद्दा है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष और पूरे विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, ''दूसरा मुद्दा यह है कि उनके एक सदस्य (निशिकांत दुबे) ने कई किताबों का हवाला देते हुए बहुत ही आपत्तिजनक बातें कहीं और उस पर कुछ भी नहीं कहा गया। वह जो चाहें, जब चाहें कह सकते हैं, और विपक्ष को बोलने तक की अनुमति नहीं है? कांग्रेस नेता ने कहा कि तीसरा विषय विपक्ष के आठ सदस्यों का निलंबन है। राहुल गांधी ने कहा, ''एक और मुद्दा बहुत परेशान करने वाला है। यह कहा गया कि सदस्य प्रधानमंत्री को धमकाने वाले थे। ऐसा कोई सवाल ही नहीं उठता। तथ्य बिल्कुल साफ़ हैं। प्रधानमंत्री सदन में आने से डरे हुए थे और और ऐसा सदस्यों की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए था कि मैं कुछ कहने वाला था।

## सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुख : प्रियंका

नयी दिल्ली। कंग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है।

उन्होंने कहा ''सच कहूँ तो, यह बहुत दुख की बात है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है। यह लोकतंत्र नहीं है। हम यहाँ किसलिए आते हैं। उन्हें बोलने देना चाहिए। वे विपक्ष के नेता हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि दबाव में आकर लोकसभा अध्यक्ष महिला सांसदों का अपमान कर रहे हैं।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती हर्षोल्लास से सम्पन्न

एजेंसी



डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महा पीठ एवं सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में विश्व गुरु संत शिरोमणि रविदास जी की 649वीं जयंती धर्म नगरी डोंगरगढ़ के प्रज्ञा गिरी में भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ, जो गोल बाजार, गुरुद्वारा रेलवे चौक, जय स्तंभ होते हुए प्रज्ञा गिरी कार्यक्रम स्थल तक पहुँची। शोभायात्रा का नगर पालिका, स्थानीय प्रशासन, प्रज्ञा गिरी ट्रस्ट एवं गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा, राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रहे। विशेष अतिथि के रूप में काशी से पधारे गुरु महाराज भारत भूषण दास जी, मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार, राष्ट्रीय महामंत्री नामदेव कदम, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, संत महात्मा एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के विचारों, समानता, मानवता और सामाजिक समरसता के संदेशों पर प्रकाश डाला गया। प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में सर्व रविदास समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, माताएं एवं बहनें कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति, सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ।

# पेज एक का शेष

### राज्यपाल ने दिखाई ...

रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाएं नयी ऊर्जा प्रदान कर रही हैं। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार की मिशन कर्मयोगी, इज आफ डूइंग, ईपीआई, ई प्रासिस्क्यूशन प्रणाली, एनपीएस ट्रेडर्स योजना आदि का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने दृढ़ संकल्प के चलते पूरे देश में शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कार्यान्वयन के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। इसी प्रकार इस वर्ष पौधरोपण अभियान में 37 करोड़ 21 लाख पौधों का रोपण कर रिकार्ड बनाया है। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि, ई मार्केट प्लेस, राज्य कौशल विकास नीति, ग्रामीण स्वच्छ शौलालय निर्माण नीति में अग्रणी राज्य बन चुका है। चीनी उत्पादन, ख़द्यान्न, आम, दुग्ध और आलू उत्पादन में उत्तर प्रदेश लगातार देश में शीर्ष पर बना हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य चिकित्या क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के ?साथ उन्हें विभिन्न प्रकार की सहूलियतें दी जा रही हैं। बालिका शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्यपाल ने आगे कहा कि हमने आपके समक्ष प्रमुख विकासोन्मुखी नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। वित्तीय वर्ष 2026- 2027 का आय व्ययक शीघ्र ही सदन में प्रस्तुत किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने विगत सत्र के पश्चात कई अध्यादेश पारित किए हैं, जिनके प्रतिस्थानी विधेयक व कतिपय अन्य महत्वपूर्ण विधेयक सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। राज्यपाल ने अपने संबोधन के समापन में उम्मीद जताई कि सदन के सभी सदस्य प्रदेश की आम जनता के व्यापक ?हित में प्रदेश सरकार का सहयोग कर जन आकांक्षाओं को पूरा करने में अपना बहुमूल्य योगदान करेंगे और इस सदन की उच्च गरिमा व प?वित्रता बनाए रखेंगे।

### प्रदेश में मजबूत हो ...

स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सा शिक्षा संस्थानों, स्वास्थ्य अवसंरचना और जनकल्याणकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित की गई। रिपोर्ट का हवाला देते हुए आर्थिक सर्वे में बताया गया है कि वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य बजट कुल बजट का 6.1 प्रतिशत रहा है, जो राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। यह तथ्य दर्शाता है कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्य राज्यों की तुलना में अधिक निवेश कर रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर प्रकाशित राष्ट्रीय लेखा अनुमानों और अद्यतन रिपोर्टों के अनुसार, प्रदेश के कुल स्वास्थ्य व्यय में सरकार द्वारा वहन किए जा रहे खर्च में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही आम लोगों के आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचर में कमी दर्ज की गई है। आर्थिक सर्वे के अनुसार यह बदलाव इस बात का संकेत है कि सरकारी निवेश बढ़ने से नागरिकों पर स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक बोझ कम हो रहा है। अस्पताल, क्लीनिक, टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार के लिए अधिक बजट आवंटन किया गया है, जिससे सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। आर्थिक सर्वे में यह भी बताया गया है कि प्रदेश में राज्य सरकार के सुधारात्मक प्रयासों और जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जैसी योजनाओं के प्रभाव से संस्थागत प्रसव में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम की सक्रिय भूमिका से गर्भवती महिलाओं को अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा। वर्ष 2021-22 में प्रदेश में कुल 34.74 लाख संस्थागत प्रसव हुए थे, जो वर्ष 2024-25 में 18.02 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 41 लाख तक पहुंच गए। वर्ष 2024-25 में प्रदेश में कुल प्रसव का 96.12 प्रतिशत संस्थागत प्रसव रहा। इसके विपरीत गैर-संस्थागत प्रसव की संख्या वर्ष 2021-22 में 3.35 लाख थी, जो वर्ष 2024-25 में 50.44 प्रतिशत की कमी के साथ घटकर 1.66 लाख रह गई। यह उपलब्धि सरकार के सकारात्मक प्रयासों और स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है।

वर्ष 2024-25 में 100 प्रतिशत बच्चों को टीकाकरण किया गया प्रदेश में टीकाकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आर्थिक सर्वे के अनुसार, प्रदेश के सभी जनपदों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों पोलियो, टीबी, गलाघोंटू, टिटनेस, काली खांसी, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप-बी (हिब), हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया, जापानी इंसेफ़ेलाइटिस (जे.ई.), खसरा, रूबेला और डायरिया से बचाव के लिए नियमित रूप से निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। साथ ही गर्भवती महिलाओं को टिटनेस से बचाव के लिए टीके लगाए जा रहे हैं।

नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत एचएमआईएस डाटा के अनुसार वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 100 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। वहीं वर्ष 2025-26 में सितंबर 2025 तक 28.62 लाख बच्चे (98 प्रतिशत) पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित किए जा चुके हैं। आर्थिक सर्वे में इसे जन-जागरूकता अभियानों, सेवा प्रदायगी में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण का सकारात्मक परिणाम बताया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश में सिक न्यू बॉर्न केयर यूनिट ,न्यूट्रीशन रिहैबिलिटेशन सेंटर (पोषण पुनर्वास केंद्र), गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम (ह्नछ्रगए)और कंगारू मदर केयर जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कमजोर और कुपोषित बच्चों को विशेष देखभाल प्रदान की जा रही है, जिससे बाल स्वास्थ्य संकेतकों में निरंतर सुधार हो रहा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की वर्ष 2025-26 की आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी, जिसमें कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठित अपराध और माफिया नेटवर्क के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। इसका सकारात्मक असर यह रहा कि प्रदेश में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जिससे आम जनता के साथ-साथ निवेशकों का भी विश्वास बढ़ा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देकर पुलिस सुधारों को नई दिशा दी गई है। सीसीटीवी, डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से पुलिस की कार्यक्षमता और जवाबदेही में वृद्धि हुई है। इससे जनता में निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने का वातावरण तैयार हुआ है और अपराध नियंत्रण को मजबूती मिली है। महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया है। सेफ सिटी परियोजना के तहत महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और एंटी-रोमियो स्क्वॉड्स की तैनाती से सार्वजनिक स्थलों और कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश फैक्ट्री अधिनियम (संशोधित) 2025 के माध्यम से महिलाओं को औद्योगिक कार्यों, विशेषकर नाइट शिफ्ट में, समान अवसर प्रदान किए गए हैं। मिशन शक्ति के तहत सुरक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सेवाओं के एकीकरण से महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता को नई गति मिली है। वहीं न्यायिक सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट और ई-कोर्ट्स की स्थापना की गई है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आई है। आर्थिक सर्वेक्षण में यह भी उल्लेख है कि जन विश्वास अधिनियम के माध्यम से छोटे प्रक्रियात्मक अपराधों का अपराधीकरण समाप्त कर पारदर्शिता आधारित शासन मॉडल को मजबूती दी गई है। कुल मिलाकर, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और न्यायिक सुधारों के क्षेत्र में सरकार के इन कदमों ने उत्तर प्रदेश को सुरक्षित और निवेश के अनुकूल राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### एक रहेंगे तो...

लोगों ने उंगली पकड़कर गला दबाने का काम किया और देश को लूटा। मुगलों और अंग्रेजों ने भारत के हस्तशिल्प और किसानों को तबाह कर दिया। सीएम के अनुसार, 1947 में आजादी के वक्त भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी गिरकर महज 2 फीसदी रह गई थी, जिसे अब फिर से संवारा जा रहा है। बकौल सीएम योगी आदित्यनाथ- 'भारत में नागपंचमी पर जहरीले सांप को भी दूध पिलाने की 'समदृष्टि' वाली संस्कृति है। हमने हर शरणार्थी को पनाह दी, लेकिन कुछ लोगों ने शरणार्थी धर्म निभाने के बजाय विश्वासघात किया। उन्होंने उंगली पकड़कर गला दबाने का प्रयास किया और देश को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं, विशेषकर दलित हिंदुओं की हत्याओं और उनके घरों को जलाए जाने की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मरने वाला हिंदू है, तो मानवाधिकार संगठन और बड़े नेता मौन क्यों हैं? उनके लिए कोई वकालत क्यों नहीं कर रहा है? योगी ने कहा कि केवल कुछ हिंदू संगठन और धर्माचार्य ही इस पर बोल रहे हैं। उन्होंने जनता को आगाह किया कि अगर सनातन कमजोर हुआ तो देश का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा, इसलिए इन नेताओं के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है।

### पुलिसकर्मियों के खिलाफ...

धारा 175 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश तो पारित किया, लेकिन धारा 175(4) में निर्धारित कठोर और अनिवार्य प्रक्रिया का पालन नहीं किया जो अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान कार्य करने वाले लोक सेवकों को निरर्थक और दुर्भावनापूर्ण आपराधिक कार्यवाहियों से संरक्षण प्रदान करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस की धारा 175(4) के तहत किसी लोक सेवक के विरुद्ध जांच का आदेश देने से पहले मजिस्ट्रेट को दो चरणों की प्रक्रिया अपनानी होती है-(क) किसी उच्च अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त करना। (ख) उस घटना के संबंध में लोक सेवक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण और परिस्थितियों पर विचार करना। कहा गया कि इस मामले में उप-धारा (4) के खंड (क) का तो पालन किया गया, लेकिन खंड (ख) को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरणों पर कोई विचार नहीं किया गया। खंड (ख) वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि सीजेएम ने सीनियर अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाई थी और वह रिपोर्ट अदालत के समक्ष प्रस्तुत भी की गई, लेकिन आदेश में उस रिपोर्ट का कहीं कोई उल्लेख तक नहीं है। राज्य की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा सीजेएम के समक्ष दायर आवेदन में यह तक नहीं बताया गया कि उसने पहले सम्बंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई या नहीं, जबकि यह कानून के तहत एक आवश्यक शर्त है। कहा गया कि सीजेएम ने न केवल अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश पारित किया बल्कि पुलिस रिपोर्ट को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि घटना के सम्बंध में पहले से एक मामला दर्ज है और उसकी जांच चल रही है। कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई जारी रहेगी।

### भारत ने नेपाल की...

में आयोजित एक विशेष समारोह में नेपाल के सेना प्रमुख, सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिग्देल को रक्षा और चिकित्सा उपकरणों का एक सेट सौंपा था। इस पैकेज में लाइट स्ट्राइक वाहन, उन्नत जीवन-रक्षक चिकित्सा प्रणाली और प्रशिक्षित सैन्य पशु शामिल थे, जिन्हें दोनों पड़ोसी देशों के बीच रक्षा सहयोग के ढांचे के तहत उपलब्ध कराया गया था। भारतीय दूतावास के अनुसार, यह पहल भारतीय और नेपाली सशस्त्र बलों के बीच स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह उस गहरे विश्वास और सहयोग की भी पुष्टि करती है, जिसने लंबे समय से द्विपक्षीय संबंधों की पहचान बनाई है।

### टेक्नोलॉजी का...

किया। उन्होंने कहा, ''अगर आप किसी भी महान व्यक्ति से पूछेंगे, तो वे कहेंगे कि उनकी मां और शिक्षकों ने उनके जीवन को आकार देने में मदद की। नेतृत्व के विषय पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर संवाद करने की क्षमता एक महत्वपूर्ण गुण है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''नेता बनने के लिए पहल करने की मानसिकता विकसित करें। नेतृत्व का मतलब सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है। नेतृत्व की एक बड़ी खूबी कम से कम दस लोगों को अपने विचार स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने की क्षमता है। परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण की पहली कड़ी पिछले सप्ताह प्रसारित हुई थी, जिसमें प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी थी कि वे सबकी सलाह सुनें, लेकिन जीवनशैली में बदलाव तभी करें जब वे चाहें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा को बोझ नहीं समझना चाहिए और उन्हें केवल अंकों पर ही नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने पर भी ध्यान देना चाहिए। परीक्षा पे चर्चा टाउनहॉल प्रारूप में छात्रों के साथ बातचीत के रूप में 2018 में शुरू हुआ और बाद में यह भारत के सबसे बड़े शैक्षिक सहभागिता कार्यक्रमों में से एक बन गया। वर्ष 2023 में लगभग 38.8 लाख पंजीकरणों से बढ़कर 2024 में 2.26 करोड़ हो गए और 2025 में यह आंकड़ा 3.53 करोड़ तक पहुंच गया। इस उपलब्धि ने कार्यक्रम को 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' दिलाया। नौवें संस्करण ने 4.5 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### सेशेल्स को 17 करोड़...

और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियाँ मिलीं और विश्वास की परंपराएँ मजबूत होती गईं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से, बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा , '' हमारा नाता कल, आज, और आने वाले कल का है। एक समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न अंग है। हमारा सहयोग जल, थल और नभ को समाहित करता है। आज की चर्चाओं में हमने इस साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। अपने आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर हम सहमत हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ साथ हम फिन टैक और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे। श्री मोदी ने दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संबंधों को भारतऽसेशेल्स संबंधों की सबसे बड़ी शक्ति करार दिया।

### किसी को भी एसआईआर...

के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं। दरअसल, ममता बनर्जी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा, बीते चार फरवरी को अदालत ने नोटिस जारी किया, जिसमें कई टिप्पणियां थीं। बीते हफ्ते में कई बदलाव हुए हैं। इसी बीच सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी के हस्तक्षेप पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि ये कोई बाजार नहीं है। कोर्ट में अनुशासन और गरिमा बनाए रखें। मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि मंदिरों की देखरेख करने वाले एक संगठन ने एक याचिका दायर की है। उनका इस मामले में क्या हित हो सकता है? उनकी इस दलील पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, बारी-बारी से सुनते हैं। अगर अनुशासन बनाए नहीं रखा गया तो आपको चीफ जस्टिस के का स्वभाव पता होना चाहिए। तल्ख लहजे में जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा- आप किसी बाजार में बैठे हैं या अदालत में हैं?

# विधान परिषद में राबड़ी और नीतीश में टकराव, राबड़ी ने मांगा इस्तीफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के 5वें दिन विधान परिषद में नीतीश कुमार और राबड़ी देवी के बीच टकराव देखने को मिला। कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधान परिषद सदस्य सुनील कुमार ने लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर हंगामा किया। सुनील सिंह ने दरभंगा में 6 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या का मुद्दा उठाया।

इसके बाद विधानपरिषद में नेता विपक्ष राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा मांगा। उन्होंने कहा- 'बिहार का कोई जिला नहीं बचा है, जहां बच्चियां सेफ हों।' सदन में 'नीतीश कुमार हाय-हाय' के नारे लगे। जिसके बाद नीतीश कुमार अपनी सीट से उठे और कहा-- 'तुमलोगों ने कुछ काम किया था, जो आज बोल रहे हो। कभी बच्चियों को स्कूल भेजा था। विधान परिषद में राजद एमएलसी ने इसके बाद बेल में आकर नारेबाजी की। पटना, खगड़िया आरा, दरभंगा रेप का मामला उठाया। विपक्ष ने प्रश्नकाल नहीं चलने दिया, जिसके बाद कार्यवाही ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने प्रदर्शन किया। नीट छात्रा की मौत और पप्पू यादव की गिरफ्तारी के मुद्दे पर पोर्टिको में नारेबाजी हुई। विपक्ष के विधायकों ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। जिसमें लिखा- 'रेप, हत्या, किडनैपिंग कब रुकेगी। कानून है, पर डर नहीं। जवाब दो सरकार। चनपटिया से कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन सांसद की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आज जेल होई, कल बेल होई, परसो से वो ही खेल होई' लिखी टी-शर्ट पहनकर पहुंचे। उन्होंने कहा, 'हम पप्पू यादव के साथ खड़े हैं।' वहीं कांग्रेस विधायक कमरुल होदा ने सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए कहा, 'बिहार में लोकतंत्र नहीं राजतंत्र चल रहा है।'

# पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने दरबार साहिब में माथा टेका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बीती देर रात अमृतसर स्थित दरबार साहिब में माथा टेका। राज्यपाल ने सरबत के भले की अरदास की। गुरु घर के आध्यात्मिक और शांत वातावरण में राज्यपाल की उपस्थिति ने इस क्षण को और भी श्रद्धा व आस्था से भर दिया। राज्यपाल इन दिनों पंजाब नशों के विरूद्ध अभियान चलाते हुए जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। इसी दौरान रविवार की रात अमृतसर पहुंचकर उन्होंने गुरु घर में पूरी श्रद्धा और विनम्रता के साथ माथा टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। दरबार साहिब में माथा टेकने के बाद राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि वह स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं कि उन्हें गुरु घर में मत्था टेकने और पालकी साहिब के दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने कहा कि वह जिन जिम्मेदारियों और कार्यों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं, उससे पहले गुरु साहिब का आशीर्वाद लेना उनके लिए अत्यंत आवश्यक था। राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बाणी सत्य, सेवा, संयम और मानवता का संदेश देती है। यदि हम इन उपदेशों को अपने जीवन में अपनाएं, तो समाज से कई बुराइयों को दूर किया जा सकता है। उनकी यह यात्रा आध्यात्मिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और लोक-कल्याण का संदेश लेकर आई।

# अमृतसर में लाखों की ड्रग मनी व हेरोइन बरामद, पांच तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से हथियार और नशे की तस्करी करने वाले एक बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस नेटवर्क से जुड़े पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पुलिस को अमृतसर क्षेत्र में सीमा पार से अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी किये जाने की खुफिया सूचना मिली थी। इस पर कमिश्नरेट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और इस नेटवर्क से जुड़े पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी के अनुसार पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 6 आधुनिक पिस्तौल, 10 जिंदा कारतूस, 115 ग्राम हेरोइन और 11 लाख 90 हजार रुपय की ड्रग मनी बरामद की है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित लंबे समय से अवैध हथियारों और नशे की तस्करी में शामिल थे और इनके तार सीमा पार से संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़े हुए थे। इस मामले में थाना कैंटोनमेंट, अमृतसर में आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब आरोपितों से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इस नेटवर्क के आगे और पीछे जुड़े अन्य तस्करों और सरगनाओं तक पहुंचा जा सके।

# बिहार विधानसभा : भाजपा विधायक ने विदेशी नागरिकों का उठाया मुद्दा, गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने जांच का दिलाया भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के पांचवें दिन सोमवार को गोपालगंज जिले के बैकठपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक मिथलेश तिवारी ने प्रश्नकाल के दौरान गृह विभाग से जुड़ा देश की सुरक्षा का गंभीर मामला सदन में उठाया।

विधायक मिथलेश तिवारी ने गोपालगंज जिले में वर्ष 1990 से 2015 के बीच पाकिस्तानी नागरिकों के आगमन और उनके बसने को लेकर सवाल किया। इस पर उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने सदन को आश्वस्त किया कि बिहार में धार्मिक वीजा पर आने वाले सभी विदेशी नागरिकों की गहन छानबीन की जाएगी। उनके ठहरने, आवागमन और यात्रा से जुड़ी सभी गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। विधायक तिवारी ने सरकार से पूछा कि धार्मिक यात्रा पर आने वाले विदेशी नागरिकों की पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया क्या है। उन्होंने कहा कि कई लोग धार्मिक यात्रा के नाम पर भारत आते हैं और बाद में नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं। ऐसे लोग कई क्षेत्रों में आलीशान मकान बना लेते हैं, जमीन-जायदाद अपने नाम करवा लेते हैं और यहां तक कि मतदाता सूची में भी अपना नाम दर्ज करा लेते हैं। उन्होंने सदन में कहा कि उनके क्षेत्र में प्रमुख धार्मिक स्थल थावे मंदिर है, इसके अतिरिक्त कोई बड़ा धार्मिक केंद्र नहीं है, इसके बावजूद वहां विदेशी नागरिकों की लगातार उपस्थिति देखी जाती है। विधायक ने सवाल उठाया कि जब विदेशी नागरिक भारत आते हैं, तो स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी होती है, लेकिन प्रशासन के पास उनके आगमन का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं होता। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इन विदेशी नागरिकों की तस्वीरें ली जाती हैं, क्या इमीग्रेशन विभाग से उनका सत्यापन होता है और क्या उनके आवागमन से संबंधित दस्तावेज विभाग के पास सुरक्षित रहते हैं। गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने सदन में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1995 से 2015 के बीच कुल 173 विदेशी नागरिक धार्मिक यात्रा पर बिहार आए थे। इनमें से 168 नागरिक पाकिस्तान से, जबकि कुछ ब्रिटेन और उज्बेकिस्तान से आए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार यह सुनिश्चित करती है कि टूरिस्ट या धार्मिक वीजा पर आने वाला कोई भी विदेशी नागरिक किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल न हो। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी मामलों की निगरानी की जाती है। हालांकि, विधायक मिथलेश तिवारी ने स्थानीय स्तर पर निगरानी की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि विदेशी नागरिकों की गतिविधियों की पूरी जानकारी प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती, जिससे पहचान और सत्यापन में कठिनाई होती है। विधायक ने यह भी मांग की कि यदि कोई विदेशी नागरिक धार्मिक यात्रा के नाम पर लंबे समय तक भारत में रहकर संपत्ति अर्जित करता है या मतदाता सूची में शामिल हो जाता है, तो उसके खिलाफ स्पष्ट और सख्त कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश तय किए जाएं।

## लापता नाबालिग लड़की को पुलिस ने खोजा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी गैंग एवं स्नैचिंग यूनिट ने लापता/अपहृत 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया है। बच्ची पिछले कई महीनों से लापता थी, जिसकी गुमशुदगी का मामला थाना भलस्वा डेयरी में दर्ज था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि 11 अक्टूबर 2025 को नाबालिग लड़की के अचानक लापता होने की शिकायत पर थाना भलस्वा डेयरी में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए एंटी गैंग एवं स्नैचिंग यूनिट की एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी लगातार पूछताछ की। छानबीन के दौरान टीम को पुख्ता सूचना मिली कि लापता नाबालिग लड़की नोएडा (उप्र) क्षेत्र के देवला गांव में एक मकान में मौजूद है। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए योजनाबद्ध तरीके से छापा मारा और बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद नाबालिग लड़की को थाना भलस्वा डेयरी लाया गया और मामले के जांच अधिकारी को सौंपा गया।

## दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल में सीटी स्कैन, नई कैथ लैब और न्यूरो आईसीयू का शुभारंभ

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को जीबी पंत अस्पताल में सीटी स्कैन, नई कैथ लैब और न्यूरो आईसीयू का उद्घाटन कर इन्हें जनता की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह समेत अस्पताल के डॉक्टर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली सरकार का विश्वस्तरीय, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचना लक्ष्य है। इसी संकल्प के साथ सरकार अस्पतालों को लगातार आधुनिक बना रही है, ताकि एक स्वस्थ और विकसित दिल्ली की नींव और मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत 10 लाख रूपये तक का निःशुल्क इलाज, घर के पास फ्री स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सरकारी अस्पतालों में नई मशीनों एवं आधुनिक सुविधाओं का विस्तार ये सभी कदम इसी सोच का हिस्सा हैं।

# देश और समाज की तरक्की और सफलता का सर्वोत्तम माध्यम है शिक्षा : सैयद हसन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। खानकाह पीर दमड़िया शाह खलीफा बाग, भागलपुर में शिक्षा के महत्व विषय पर आयोजित होने वाली कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को एक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खानकाह पीर दमड़िया शाह खलीफा बाग के सज्जादानशीन सैयद शाह फ़खरे आलम हसन ने बताया कि खानकाह परिसर में 12 फरवरी को सुबह 11 बजे शिक्षा के महत्व पर एक कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के संस्थापक इंजीनियर अब्दुल क़दीर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन इरशादुल्लाह विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इंजीनियर अब्दुल क़दीर और उनके संस्थान की शैक्षणिक सेवाएं अत्यंत सराहनीय हैं। उनके मार्गदर्शन में देशभर में 111 शाखाओं के माध्यम से लगभग 45 हजार छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो संस्था की सफलता और शैक्षणिक योगदान का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने आगे बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में शहर के शिक्षाविद, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि और बुद्धिजीवी विशेष रूप से शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य यह है कि भागलपुर की धरती पर शिक्षा की रोशनी हर घर तक पहुंचे और आधुनिक और समकालीन शिक्षा के माध्यम से समाज के बच्चे देश, समुदाय और समाज के लिए प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर सज्जादानशीन सैयद हसन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि गोराडीह प्रखंड में शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सहयोग से एक प्लस टू आवासीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यदि अल्लाह की मदद और रहमत बनी रही, तो भविष्य में खानकाह पीर दमड़िया शाह खलीफाबाग दीनि और दुनियावी उच्च शिक्षा का एक बड़ा केंद्र बनकर अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। बैठक में मुफ्ती सलमान, डॉ. गुलाम सरवर अशरफ़ी, जाहिद हलीमी, ज़ैनुल आबिदीन, हम्माद शाह, मनाज़िर हुसैन और डॉ. देव ज्योति मुखर्जी (निदेशक, मानो सहायता केंद्र, वक्फ 159) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने किया आईपीयू का दौरा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रूस की हर्जेन स्टेट पेडागोगिकल विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) का दौरा किया। इस दौरान रूसी विश्वविद्यालय के प्रो. सर्गेई वी. तारासोव, उप-रेक्टर (जनरल अफ़ेयर्स एंड इंटरनेशनल कोऑपरेशन) तातियाना रिबोरेट्स्काइया और सेंटर फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन के निदेशक अर्सेनी कोसियाक उपस्थित रहें। प्रतिनिधिमंडल ने आईपीयू के कुलपति प्रो. महेश वर्मा के साथ एक सकारात्मक बैठक की। इस दौरान आईपीयू के रजिस्ट्रार डॉ. कमल पाठक, अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशक प्रो. विजिता एस. अग्रवाल और अंतरराष्ट्रीय मामलों की एसोसिएट निदेशक डॉ. शिल्पा जैन की उपस्थिति में शैक्षिक सहयोग और संस्थागत साझेदारी को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई।

# प्रेस सूचना ब्यूरो का 11 सदस्यीय दल विशाखापत्तनम के लिए रवाना

■ केंद्र की विकास योजनाओं का भ्रमण कर पत्रकार जन-जन तक पहुंचाएंगे जानकारी : संजीव सुंद्रियाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। प्रेस सूचना ब्यूरो उत्तराखंड के 11 सदस्यीय दल ने आज सुबह देहरादून से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होकर केंद्र सरकार की प्रमुख विकास योजनाओं का भ्रमण शुरू किया। इस टूर का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को विकास परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति से परिचित कराना और सरकारी उपलब्धियों की जानकारी सीधे जन-जन तक पहुंचाना है। पीआईबी देहरादून के सहायक निदेशक एवं प्रेस टूर के अधिकारी संजीव सुंद्रियाल ने कहा कि यह प्रेस टूर उत्तराखंड के पत्रकारों को केंद्र सरकार की विकास परियोजनाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे न केवल मीडिया को सरकारी उपलब्धियों की गहन जानकारी मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय मुद्दों को राष्ट्रीय पटल पर रखने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि विशाखापत्तनम में पत्रकार केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों जैसे औद्योगिक विकास, बंदरगाह परियोजनाओं, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं का दौरा करेंगे।

## चौपाल में उठा कमला देवी का मामला, प्रशासन ने दिखाई संवेदनशीलता

चंपावत। चंपावत जिले के विकासखंड पाटी अंतर्गत ग्राम सभा मुलाकोट के मज्याप गांव में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। चौपाल में कमला देवी ने पति से अलग रहने के कारण दो नाबालिग बच्चों के भरण-पोषण में आ रही कठिनाइयों का मुद्दा उठाया। इस पर डीएम ने जिला समाज कल्याण और प्रोबेशन विभाग को मामले की जांच कर पेंशन, राशन और मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना से लाभ दिलाने के निर्देश दिए। केसरी देवी की आवास मांग पर खंड विकास अधिकारी को प्राथमिकता से कार्रवाई करने को कहा गया। दीपा देवी ने पति की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट की जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना से जोड़ने और गौशाला उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क से निर्माण सामग्री हटाने, सीसी मार्ग निर्माण और सड़क डामरीकरण जैसी मांगों पर भी संबंधित विभागों को तत्काल समाधान के आदेश दिए गए।

# डीयू को नॉर्थ-सेंट्रल जोन यूथ फ़ेस्टिवल में लिटरेरी श्रेणी में मिला पहला स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की टीमों ने 39वें नॉर्थ-सेंट्रल जोन यूथ फ़ेस्टिवल 2025-26 में लिटरेरी कैटेगरी में पहला और ओवरऑल कैटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अलग-अलग प्रतियोगिताओं में कुल 19 स्थान प्राप्त किए हैं।

डीयू सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर ने सोमवार को बताया कि 03 से 07 फरवरी तक हरियाणा के मुलाना स्थित महर्षि मार्कंडेश्वर डीम्ड टूबी विश्वविद्यालय में आयोजित इस यूथ फ़ेस्टिवल में डीयू की टीमों ने 23 कैटेगरी में भाग लिया। उन्होंने बताया कि डीयू की टीमों ने लिटरेरी कैटेगरी में पहला स्थान और ओवरऑल कैटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अलग-अलग प्रतियोगिताओं में कुल 19 स्थान प्राप्त किए हैं। डीयू के पूरे दल का नेतृत्व सांस्कृतिक परिषद के डीन प्रो. रविंदर कुमार ने किया। डीयू सांस्कृतिक परिषद के डीन प्रो. रविंदर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों पर डीयू को गर्व है। उन्होंने सांस्कृतिक परिषद के संबंधित डीन डॉ. हेमंत वर्मा के साथ भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके समर्पण, अनुशासन और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्रो. रविंदर कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक परिषद ने डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह और सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष लाठर के नेतृत्व, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी निरंतर प्रेरणा से ही ऐसी

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063